रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 79,960.38 -36.22

डॉलर 83.466 -0.011

रांची सर्राफा
10 ग्राम 72,450 | 01 किलो 99,300

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आषाढ़ शुक्ल पक्ष 04, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 09 जुलाई 2024, वर्ष-25, अंक- 157, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-12 बंगाल को इस्लामी राज्य की...



## न्यूज ब्रिफ

### सर्पदंश से एक ही परिवार के 3 की मौत

**गुमला।** गुमला के पालकोट प्रखंड में सर्पदंश से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। रविवार रात सांप के डसने के बाद तीनों को हॉस्पिटल ले जाने के बदले गांव में झाड़-फूंक कराया जाता रहा। सुबह जब उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया तो तीनों की मौत हो गई थी। लोटवा डुगडुगी गांव में रहने वाले परिवार के सभी लोग रथयात्रा मेला में गए थे। वहां से लौटकर भोजन करने के बाद सभी लोग फर्श पर सो रहे थे। इसी दौरान करैत सांप ने उन्हें डस लिया। मृतकों में राजेश किसान, उसकी पत्नी सुनीता और भाई मनोज शामिल हैं।

### डोरंडा की महिला डॉक्टर ने की खुदकुशी

**रांची ।** रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र के बंधु नगर स्थित आवास पर एक महिला डॉक्टर ने खुदकुशी कर ली है। मृतक डॉक्टर का नाम इंदु भारती( 35 ) है। बताया जा रहा है कि इंदु भारती ने रस्सी के सहारे अपने कमरे में खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी आनंद किशोर प्रसाद ने बताया कि खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल पाया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# हेमंत सोरेन सरकार ने जीता विश्वास मत

नवीने मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने सोमवार को विधानसभा के एकदिवसीय विशेष सत्र में हंगामे के बीच विश्वास मत हासिल कर लिया। मौजूदा विधानसभा में मौजूद 76 सदस्यों में से 45 ने सरकार के पक्ष में मतदान किया। विधानसभा के मौजूदा स्ट्रेंथ के हिसाब से बहुमत के लिए न्यूनतम 39 मतों की जरूरत थी। भाजपा और आजसू के विधायकों ने वोटिंग के दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सदन का बहिष्कार किया। सीएम हेमंत सोरेन ने सुबह 11 बजकर 10 मिनट पर विश्वास प्रस्ताव पेश किया। इस पर वाद-विवाद के बाद अपराह्न 12 बजकर 20 मिनट पर वोटिंग कराई गई। हेमंत ने बहस का जवाब देते हुए कहा कि मेरे सीएम के रूप में आने से विपक्ष के पेट में दर्द हो रहा है।

**चौथा मौका, जब हेमंत ने विश्वास मत हासिल किया:** सबसे पहली बार 2013 में सीएम बनने के बाद वह फ्लोर टेस्ट में सफल हुए थे। दूसरी बार वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन की जीत के बाद सीएम बने थे और विधानसभा में विश्वास मत जीता था। तीसरी बार उन्होंने पत्थर खदान लीज विवाद में सरकार को राज्यपाल द्वारा बर्खास्त किए जाने की आशंका को देखते हुए 5 सितंबर, 2022 को एक दिन का विशेष सत्र बुलाकर विश्वास मत साबित किया था। ईडी ने हेमंत सोरेन को जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में इसी साल 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उन्होंने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद उनके मंत्रिमंडल में शामिल रहे चंपई सोरेन ने 2 फरवरी को सीएम की कुर्सी संभाली थी। 28 जून को हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद हेमंत सोरेन जेल से बाहर आए और उसके छठे दिन ही चंपई सोरेन ने सीएम पद से इस्तीफा दिया। अगले दिन यानि 4 जुलाई को हेमंत सोरेन ने सीएम पद की शपथ ली।

## 76 में से 45 मत मिले, विपक्ष ने किया बहिष्कार



## हेमंत की 5 बड़ी बातें VS नेता प्रतिपक्ष का हमला

### हेमंत की 5 बड़ी बातें

1. आज सदन में हमने प्रस्ताव लाया है कि सरकार विश्वास मत हासिल करे. यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है और उसी प्रक्रिया के तहत हम विश्वास मत लेकर आए हैं।
2. हेमंत सोरेन के भाषण के दौरान जब विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा और शोर-शराबा किया, तो मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के लोग ऐसे ही आचरण करेंगे। हमें यहां फिर से देखकर इन्हें कैसा महसूस हो रहा है, इनके आचरण से दिख रहा है।
3. आज इनके पास न कोई राजनीतिक सोच है, न एजेंडा है। ये लोग धन बल और संवैधानिक संस्थाओं के बल पर अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने में लगे हैं।
4. झारखंड विधानसभा के चुनाव में इनमें से आधे भी चुनकर आ जाएं, तो बहुत बड़ी बात होगी। देश ने इन्हें लोकसभा चुनाव ने आइना दिखा ही दिया है।
5. चंपाई सोरेन जी ने निर्भीक होकर सत्ता चलाया, सरकार को भी बचाया। नहीं तो ये लोग खरीद-फरोख्त और धन बल लेकर सड़कों पर घूमते रहते हैं। अब इनकी दाल नहीं गलेगी।

### नेता प्रतिपक्ष का हमला

1. यह दो महीने की सरकार घोटालों के साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से बनी है। चंपाई सोरेन से कहा सचेत रहिएगा, इतने आदिवासियों को जेल भेजने के बाद कांग्रेस आपको भी जेल भेज सकते हैं।
2. इसे ठगबंधन सरकार करार देते हुए कहा कि इसने राज्य की जनता, युवाओं, किसानों, छात्रों, आदिवासियों, दलितों को धोखा दिया है।
3. 2019 में हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने के पहले युवाओं को प्रतिवर्ष पांच लाख नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन कुछ हजार नौकरियां भी नहीं दे पाईं।
4. अगर आपके खिलाफ जमीन घोटाले को कोई सबूत नहीं है, तो आपको एजेंसियों को यह बताना चाहिए। न्यायपालिका जाना चाहिए, कानून से ऊपर कोई नहीं है। अलग-अलग लोगों के लिए अलग-अलग कानून नहीं हो सकते।
5. कांग्रेस ऐसी बेल है, जो जिस पेड़ पर रहती है, उसी को सुखा देती है. दिशोम गुरु शिबू सोरेन को इसी कांग्रेस पार्टी ने जेल भेजा था।

## झारखंड एक राजनीतिक प्रयोगशाला बन कर रहा गया : चंपाई सोरेन

**रांची।** झारखंड विधानसबा के विशेष सत्र में सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड के बनने के बाद ऐसी-ऐसी राजनीतिक स्थिति उत्पन्न हुई कि राज्य एक राजनीतिक प्रयोगशाला बन कर रहा गया। इससे भी हमें आगे निकलना होगा। तभी इस राज्य की नयी दिशा और दशा बदलेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों सत्ता में रहे। लेकिन झारखंड के अलग



राज्य बनने के बाद हालात क्यों खराब रहे। 2019 में पूर्ण बहुमत के साथ हमने सरकार बनाया। मगर इस सरकार पर एक के बाद एक संकट आते रहे। कभी कोरोना तो कभी सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की गयी। उन्होंने कहा कि मैं भी पांच महीने के लिए मुख्यमंत्री बना। लोकसभा चुनाव के तीन महीने बीत गये हैं। चुनाव के बाद राजनीतिक स्थिति बदली। फिर हेमंत सोरेन आ रहे हैं।

## वे भूल जाते हैं कि हम झारखंडी हैं : सीएम हेमंत



**मुख्यमंत्री ने ये भी लिखा**

अन्याय के विरुद्ध खड़े रहेंगे,
लोकतंत्र की रक्षा करेंगे।
भय और दमन से नहीं डरेंगे,
न्याय और समानता के लिए लड़ेंगे ।

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बहुमत साबित करने और मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद सोमवार को लगातार दो ट्वीट किए। उन्होंने कहा है कि पिछले ढाई साल में जितनी शक्ति भाजपा ने चुनी हुई झारखंडी सरकार गिराने में लगायी है, अगर उतनी शक्ति इन्होंने झारखंड की भलाई में लगायी होती तो लोकसभा में इनकी संख्या में गिरावट नहीं आती। भाजपा को लगता है कि वे एजेंसियों का दुरुपयोग कर, अपने धन बल एवं शातिराना चालों से जनमत को अन्य राज्यों की तरह खरीद लेंगे-लूट लेंगे। पर वे भूल जाते हैं कि हम झारखंडी हैं हमने कभी अंग्रेजों के समक्ष घुटने नहीं टेके तो ये आज के इनके सामने भी कभी नहीं झुकेंगे। ना झारखंड झुका है, ना झारखंडी झुकेगा। दूसरे ट्वीट में लिखा है कि मुझे विधानसभा से दूर रखने के लिए भाजपा ने हर षड्यंत्र रचा। उन्हें लगा मुझे झूठा मुकदमा लगा कर जेल भेज कर मेरी आवाज दबा देंगे पर, वो भूल गए कि लोकतंत्र की आत्मा है जनता की आवाज, दबाने की कोशिश में हारेगा हर एक तानाशाह।

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **8292553444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

## आज | कल




## लातेहार में हथियार के साथ दो नक्सली हुए गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए जेजेएमपी के दो नक्सलियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से पुलिस ने चार देसी बंदूक और एक जिंदा गोली भी बरामद की है। गिरफ्तार नक्सलियों में लातेहार जिले के गारू थाना क्षेत्र अंतर्गत पतरातू गांव निवासी अब्दुल कादरी और बालूमाथ थाना क्षेत्र निवासी राहुल यादव शामिल है। सोमवार को प्रेस वार्ता करते हुए लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ नक्सली गारू थाना क्षेत्र के पतरातू जंगल में किसी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हो रहे हैं। इस सूचना के बाद महुआडांड़ डीएसपी हिमांशु चंद्र मांझी के निर्देशन में थाना प्रभारी सोनू कुमार ने एक टीम बनाकर छापामारी की। पुलिस को देखकर नक्सली घटनास्थल से भागने लगे। इनमें दो नक्सलियों को पुलिस ने पकड़ लिया ।जबकि अन्य नक्सली जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। गिरफ्तार नक्सलियों कि निशानदेही पर पुलिस ने छापामारी कर चार बंदूक और एक जिंदा गोली भी बरामद किया। एसपी ने बताया कि पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार नक्सलियों से जो सूचना मिली उसके अनुसार जेजेएमपी नक्सली संगठन में ये लोग नए-नए शामिल हुए थे। गिरफ्तार नक्सलियों ने पुलिस को कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी है।

### झारखंड में हेमंत कैबिनेट में चंपई सोरेन सहित 11 मंत्रियों ने ली शपथ

## हेमंत के भाई बसंत और कांग्रेस के बादल ड्रॉप

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार ने विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने के बाद कैबिनेट का विस्तार किया है। राजभवन में आयोजित एक समारोह में अपराह्न चार बजे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने 11 मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। हेमंत सोरेन के लिए सीएम की कुर्सी छोड़ने वाले चंपाई सोरेन भी मंत्री बनाए गए हैं। वह पूर्व की हेमंत सोरेन कैबिनेट में भी शामिल थे। चंपाई सोरेन के अलावा जिन मंत्रियों को शपथ दिलाई गई है, उनमें कांग्रेस के डॉ. रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह, झामुमो के मिथिलेश ठाकुर, दीपक बिरुआ **शेष पेज 11 पर**

## हेमंत सोरेन ने 11 मंत्रियों के विभागों का किया बंटवारा

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने 11 मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया है। इसकी अधिसूचना भी सोमवार को जारी कर दी गई है। इस बंटवारे में मंत्री हफीजुल हसन का कद बढ़ा है। इन्हें चार-चार विभाग का दायित्व दिया गया है। वहीं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को स्वास्थ्य के अतिरिक्त खाद्य आपूर्ति का भी जिम्मा दिया गया है। आलमगीर आलम के सारे विभाग इरफान अंसारी को दे दिया गया है।

**हेमंत सोरेन :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पास कार्मिक, गृह (कारा सहित), पथ निर्माण, भवन निर्माण और मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (संसदीय कार्य सहित) अपने पास रखे हैं। उनके पास वे सभी विभाग रहेंगे, जो अन्य मंत्रियों को आवंटित नहीं किए गए हैं।



**चंपाई सोरेन :** जल संसाधन विभाग,उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

**डॉ रामेश्वर उरांव :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ रामेश्वर उरांव को एक बार फिर वित्त मंत्री बनाया गया है। वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्य कर विभाग, संसदीय कार्य विभाग

**सत्यानंद भोक्ता :** राष्ट्रीय जनता दल के नेता सत्यानंद भोक्ता को एक बार फिर श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग का मंत्री बनाया गया है। उनको उद्योग विभाग का भी मंत्री बनाया गया है।

**बैद्यनाथ राम :** हेमंत सोरेन की सरकार में पहली बार मंत्री बने झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक बैद्यनाथ राम को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग का मंत्री बनाया गया। वह उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग भी देखेंगे।

**दीपक बिरुवा :** दीपक बिरुवा को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण (अल्पसंख्यक कल्याण को छोड़कर) विभाग का मंत्री बनाया गया है। वह परिवहन विभाग के भी मंत्री बनाए गए हैं।

**शेष पेज 11 पर**

## इंडिया

# शहरों के आसपास अनियंत्रित विकास है खतरनाक



सुनील बादल

झारखंड भी तेज शहरीकरण का शिकार है जिसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है ।सुनने में ये अच्छा लगता है कि शहर का विकास हो रहा है पर वस्तुतः शहरी सीमा से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में बिना किसी मापदंड के संकरी गलियों वाली बेतरतीब कॉलोनियां भविष्य के लिए बहुत बड़ी समस्या खड़ी कर सकते हैं क्योंकि न आग बुझाने वाली गाड़ी के लिए जगह छोड़ी जा रही है और न नालियों के लिए जिससे कुछ वर्षों बाद वहां रहने वाले लोग आपस में ही उलझ जाएंगे।कुछ समय पूर्व स्विट्ज़रलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच का सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें यह बात उभर कर सामने आई कि शहरों के विकास को ही भारत के विकास की धुरी माना जा रहा है। यह सही भी है क्योंकि किसी भी आधुनिक और विकासशील अर्थव्यवस्था में शहरों को विकास का सबसे बड़ा वाहक माना जाता है। भारत में नवीन भारत की पहल



के विचार को आगे बढ़ाने की कड़ी में शहरी बुनियादी ढाँचों में सुधार के समग्र दृष्टिकोण को अपनाये जाने की अपेक्षा है। वैश्वीकरण के उपरांत शहरी विकास की अवधारणा समावेशी विकास की एक अनिवार्य शर्त बन गई है। शहरी विकास की इस प्रक्रिया ने गाँवों के सामने अस्तित्व का संकट उत्पन्न कर दिया है। शहरों का अनियोजित विकास, महानगरों का असुरक्षित परिवेश, पर्यावरण की समस्या, बढ़ता प्रदूषण, जल का अभाव एवं शहरी संस्कृति में बढ़ते जा रहे संबंधमूलक तनाव हमें यह सोचने पर विवश करते हैं कि शहरी विकास की अवधारणा पर एक बार फिर से विचार किया जाना चाहिये। विभिन्न प्रकार के प्रदूषण उत्पन्न करने में गाँवों की तुलना में शहरों की भूमिका अधिक है, तो क्या यह कहा जा सकता है कि विकास और प्रदूषण का एक-दूसरे के साथ सकारात्मक संबंध है? बेहतर रोजगार, आधुनिक जनसुविधाएं और उज्ज्वल भविष्य की लालसा में अपने पुश्तैनी घर-बार छोड़कर शहर की चकाचौंध की ओर पलायन करने की बढ़ती प्रवृत्ति का परिणाम है कि देश में एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की संख्या लगभग 350 हो गई है जबकि 1971 में ऐसे शहर मात्र 151 थे। यही हाल दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों का है।भारत में बढ़ता शहरीकरण भले ही विकास का आधार हो, लेकिन इसने अनेक समस्याओं को भी जन्म दिया है। बढ़ता शहरीकरण केवल भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के लिये एक बड़ी चुनौती बन रहा है। वर्तमान में दुनिया की कुल आबादी में से 56 फीसदी आबादी शहरों में रहने लगी है। गांवों से शहरों की ओर पलायन हो रहा है। यह प्रवृत्ति जारी रही तो 2050 तक शहरी आबादी अपने वर्तमान आकार से दोगुनी से भी अधिक हो जाएगी। भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने एवं नया भारत-विकसित भारत बनाने के लिये शहरीकरण पर बल दिया जा रहा है। एक विडंबनापूर्ण सोच देश के विकास के साथ जुड़ गयी है कि जैसे-जैसे देश विकसित होता जायेगा वैसे-वैसे गांव की संरचना टूटती जायेगी। निश्चित ही जब भी शहरों में कोई नई कॉलोनी विकसित होती है तो हमें यह स्वीकारना ही होगा कि किसी न किसी गांव की कुर्बानी हुई है। एक और विडम्बना एवं त्रासदी है कि जिन्हें शहर कहा जा रहा है वहां अपने संसाधना से वंचित लोगों की बेतरतीब, बेचैन और विस्थापित भीड़ ही होगी। शहरीकरण को विकास का पैमाना माना जाता है। शहरों में गांवों की तुलना में अधिक साधन, सुविधाएं, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा दूसरे शब्दों में आधारभूत सुविधाएं अधिक होती हैं। यह भी सच है कि ये सुविधाएं सभी को नसीब भी नहीं होतीं। रोजगार के लिए गांवों से शहरों में आने वाले बहुत सारे लोगों को कच्ची बस्तियों, चालों या एक से दो कमरें के मकानों में किराए पर रहने को बाध्य होना पड़ता है। शहरों में बुनियादी सुविधाओं के बावजूद सामाजिक और पर्यावरणीय क्षेत्र पर खासा नकारात्मक प्रभाव देखा जा सकता है। शहरों में रहना दूभर ही होता जा रहा है। अगर हमें पूरी समस्या से लड़ना है, तो राजधानी क्षेत्र सहित गांव के स्तर पर और साथ ही पूरे देश के स्तर पर अपनी कई आदतों को बदलना होगा, विकास के तथाकथित मॉडल पर गंभीर चिन्तन करना होगा। दल शहर में रहने वाले समृद्ध लोग अपनी शक्ति और संपन्नता के प्रदर्शन के लिये यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं और इससे बड़ी संख्या में सड़क हादसे होते हैं।शहर के लिए सड़क चाहिए, बिजली चाहिए, जल चाहिए, मकान चाहिए और दफ्तर चाहिए। इन सबके लिए या तो खेत होम हो रहे हैं या फिर जंगल। जंगल को हजम करने की चाल में पेड़, जंगली जानवर, पारंपरिक जल स्त्रोत सभी कुछ नष्ट हो रहा है। यह वह नुकसान है जिसका हर्जाना संभव नहीं है और यही वायु प्रदूषण का बड़ा कारण है।

## मॉस्को पहुंचे पीएम, शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

एजेंसी

**मॉस्को।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार दोपहर मॉस्को पहुंच गए। अभी से वो रूस की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। 2019 के बाद से यह उनकी पहली रूस यात्रा है और 2015 के बाद से यह उनकी पहली मॉस्को यात्रा है। नई दिल्ली से रवाना होने से पहले अपने बयान में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं अपने मित्र राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा करने और विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर दृष्टिकोण साझा करने के लिए तैयार हूं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत और रूस के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी पिछले 10 वर्षों में आगे बढ़ी है, जिसमें ऊर्जा, सुरक्षा, व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य,



● भारत और रूस के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी पिछले 10 वर्षों में आगे बढ़ी है।

शिक्षा, संस्कृति, पर्यटन और लोगों के बीच आदान-प्रदान शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछली बार सितंबर 2019 में व्लादिवोस्तोक में 5वें पूर्वी आर्थिक शिखर सम्मेलन के इतर आयोजित 20वें भारत-रूस द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के लिए रूस का दौरा किया था। उस समय वो मुख्य अतिथि थे।

**शेष पेज 11 पर**

## एक नजर

### आरोपी को भेजा जेल

**मांडर।** मांडर थाना क्षेत्र की एक नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने के आरोप में मांडर पुलिस ने सोमवार को एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक का नाम ऋषि यादव है और वह रातू थाना क्षेत्र के पाली गांव का रहने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार दो सप्ताह पूर्व मांडर थाना क्षेत्र की एक स्कूली छात्रा को शादी की नीयत से पहले फुसलाकर वह भगाकर ले गया था। लड़की के पिता द्वारा मामले को लेकर थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। मांडर पुलिस ने पहल करते हुए, आरोपी युवक को और साथ ही लड़की को पिठोरिया थाना क्षेत्र से अपनी हिरासत में लिया। लड़की को परिजनों को सौंप दिया गया है। वही आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया।

### उपायुक्त ने किया जिला कोषागार कार्यालय का निरीक्षण

**रांची/ धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने सोमवार को पुराने समाहरणालय स्थित जिला कोषागार कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोषागार कार्यालय स्थित बज्रगृह एवं रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, डबल लॉक, रखे गए दस्तावेज समेत वस्तुओं के रख-रखाव की जांच की। कोषागार कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने आखिरी निरीक्षण के दिशा निर्देश के अनुपालन की रिपोर्ट, ऑडिट की रिपोर्ट, आगत निर्गत पत्रों की पंजी, डिपॉजिट रजिस्टर, स्पेसिमेन सिगनेचर पंजी, अलॉटमेंट पंजी, बिल्डिंग रेनोवेशन, सुरक्षा व्यवस्था, डबल लॉक, सर्विस बुक, स्टाफ की संख्या, सभी स्टाफ की पंजी जांच, स्ट्रांग रूम के पंजी संधारण की जांच, फर्स्ट पेंशन पंजी की जांच, स्टॉक पंजी, स्टांप पंजी, वज्रगृह, सुरक्षा गार्ड, स्ट्रांग रूम, सहित अन्य कीमती सामानों एवं कागजातों का अवलोकन किया तथा उनकी पंजियों की मिलान कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### उपायुक्त ने किया कला भवन का निरीक्षण

**रांची/रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को लुबी सर्कुलर रोड स्थित कला भवन का निरीक्षण निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने कलाभवन स्थित इंडोर स्टेडियम, मल्टी जिम, ओपन थिएटर, कार्यालय कक्ष समेत पूरे परिसर का निरीक्षण किया। कलाभवन की स्थिति को देखते हुए उपायुक्त ने भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को पूरे कला भवन के रिनोवेशन हेतु एस्टीमेट तैयार करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही कला भवन परिसर में जल जमाव की शिकायत को लेकर भी कार्यपालक अभियंता को समाधान हेतु दिशा निर्देश दिए। वहीं मल्टी जिम हेतु आए उपकरण को जल्द लगवाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अलावा उपायुक्त ने कला भवन को कार्यक्रम हेतु बुकिंग की जानकारी, आय-व्यय, ऑडिट साफ-सफाई समेत विभिन्न बिंदुओं की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

---

**यज्ञ के तीसरे दिन हवन और भंडारे के साथ हुआ समापन**

# श्रद्धालु सभी देवताओं के साथ नगर भ्रमण के लिए निकले



**पिठोरिया।** बाजार टांड़ पिठोरिया में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में तीन दिवसीय पंचदेव विग्रह प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ कार्यक्रम की दूसरे दिन महादेव, विष्णु, भगवान गणेश, भगवान कार्तिकेय ,भगवान सूर्य, भगवान पंचमुखी हनुमान, नंदी समेत सभी विग्रहों को का शुद्धि संस्कार वेद मन्त्रो के साथ किया गया। उसके बाद सभी देवताओं के साथ श्रद्धालु भक्तों ने नगर भ्रमण के लिए निकले। यज्ञ के दूसरे दिन शांति होम एवं आरती के साथ पूजन संपन्न कराया गया। यज्ञ समिति के द्वारा भक्तों के बीच भंडारा का आयोजन किया गया। यज्ञ के तीसरे दिन हवन और भंडारे के साथ यज्ञ का समापन हुआ। यज्ञ आचार्य अनुज पाठक, मुकेश मिश्रा, मंजीत पाठक, रंजीत पाठक, दीपक पाठक और अवध मिश्रा के द्वारा सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के आयोजन में सुब्रत मिश्रा, गोपाल मिश्रा, कृष्णा जायसवाल, रामकिशन शर्मा, अंबर केसरी, शिवदास वर्मा, आनंद जायसवाल, सुनील साहू, शिव जयसवाल, सुधांशु मिश्रा (ऋषभ), शुभम सोनी, जय केसरी, अमित सोनी, गौतम ठाकुर, प्रकाश साहू, विकास लहकार,आकाश कुमार सोनी, बिट्टू जायसवाल, चंदन सोनी ,मंटू गुप्ता ,विशेश्वर भगत ,संजय महतो ,मुकेश वर्मा ,रमेश सोनी, रामनारायण स्वर्णकार, पंचम साहू, राजेश साहू, मनोज पंडित समेत कई लोगों की अहम भूमिका रही।

### हवन और भंडारे के साथ प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ संपन्न



मयूरहंड पुराना शिव मंदिर के समीप भगवान चित्रगुप्त का मंदिर निर्माण कर प्रतिमा स्थापित किया गया। जिसको लेकर तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम 6 जुलाई को जल यात्रा के साथ किया गया। 8 जुलाई को हवन, महाआरती और भंडारे के साथ यज्ञ संपन्न की गई। तीनो दिन विधिवत पूजा अर्चना की गई। भगवान चित्रगुप्त महाराज की प्रतिमा स्थापित कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यज्ञ के अंतिम दिन मयूरहंड के अलावा इटखोरी, कान्हाचट्टी, हजारीबाग और धनबाद से लोग आए। तीन दिन भक्तों ने भक्ति में खूब गोता लगाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शशिप्रमोद लाल ने किया। इसके अलावा संतोष कुमार सिन्हा, नितेश कुमार, उदय सिन्हा, शशि कुमार सिन्हा, रामजीवन प्रसाद, अभिनाश कुमार मेहता, आनंद कुमार मेहता, शिवकुमार मेहता, कान्हाचट्टी के विनय कुमार सिन्हा, अजय कुमार सिन्हा, रंजीत कुमार सिन्हा, राजेश कुमार समेत कई लोगों ने कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाग लिया।

### खूंटी के दो तीरंदाजों का साई तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र में चयन

**खंटी।** खूंटी के नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के दो तीरंदाजों बिरसा मुंडू और अमित कुमारका चयन भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) रांची में तीरंदाजी प्रशिक्षु के रूप में हुआ है। ये छात्र पिछले दो वर्षों से तीरंदाजी का अभ्यास कर रहे हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद साईं में इनका चयन होना, अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का श्रोत है। उल्लेखनीय है कि नेताजी स्कूल में अनाथ, एकल अभिभावक के बच्चे, बाल श्रम से मुक्त कराए गए बच्चों के अलावा नक्सल प्रभावित परिवार के फिलहाल 30 बच्चों को तीरंदाजी का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए सीमित संसाधन में अभ्यास कर रहे बच्चों के बीच बिरसा और अमित का भारतीय खेल प्राधिकरण में चयन होना अत्यंत गर्व का विषय है। दोनों तीरंदाजों के भारतीय खेल प्राधिकरण में चयन होने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी, जिला शिक्षा अधीक्षक, एडीपीओ नलिनी रंजन, जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, एपीओ कुलदीप सोय, विद्यालय की वार्डन प्रतिमा देवी सहित विद्यालय परिवार ने उनके बधाई और शुभकामनाएं दी।

---

**रांची विश्वविद्यालय में एकदिवसीय शोध शिविर का हुआ आयोजन**

# छिपी प्रतिभा को मंच प्रदान करना है शोध शिविर का लक्ष्य : डॉ सिन्हा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
ची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आईक्यूएसी एवं एमएमसीआरसी के संयुक्त तत्वावधान में शोधप्रेमियों के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का नाम 'शोधांसउरावि' रखा गया था, जिसका अर्थ है 'शोधार्थी सांस्कृतिक उत्सव' है।

मौके पर कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि इस कार्यक्रम का लक्ष्य शोधार्थियों में शोध के अलावा छिपी हुई प्रतिभा को एक मंच प्रदान करना है। आईक्यूएसी के निदेशक डॉ सुदेश कुमार साहु एवं एमएमसीआरसी की निदेशक डॉ नमनी सक्सेना ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इसी श्रृंखला में एक पत्रिका का विमोचन किया गया, जिसका नाम 'पर्सपेक्टिव न्यूजलेटर एफआरएसी' रखा गया है। इस पत्रिका में विश्वविद्यालयों में चल रही गतिविधियों से सभी को अवगत कराया जाएगा।

शोधार्थियों के लिए कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी गई थीं, जिसमें रंगोली, स्पॉट बैंटिंग, क्पॉट फोटोग्राफी, लोक नृत्य, लोक संगीत तथा वेस्टर्न गीत शामिल थे। कार्यक्रम में सभी विभागों के शोधार्थियों ने बाढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं और अपनी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम में लगभग 150 शोधार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और इसे सफल बनाया। मंच का संचालन डॉ आनंद कुमार ठाकुर, डॉ सोनी कुमारी तिवारी एवं दो शोधार्थियों ने किया।

### एक पेड़ मां के नाम पर पौधे का रोपण कर छात्रों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




खूंटी। राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत बिरसा कॉलेज खूंटी में एक जुलाई से चलाए जा रहे हैं वन महोत्सव का समापन सोमवार को हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम पर कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या प्रो जीके किड़ो ने छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में पौधारोपण कर वन महोत्सव का समापन किया। मौके पर कॉलेज की प्राचार्या ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे ही हमारे जीवन का आधार हैं। इनकें बिना हम एक पल भी जिंदा नहीं रह सकते।। वन महोत्सव का शुभारंभ एक जुलाई को हुआ था। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित छात्र-छात्राओं द्वारा फलदार एवं छायादार वृक्षों के कई पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में प्रोग्राम ऑफिसर प्रो तारीफ लुगून, डॉ नेलन पूर्ति, डॉ अस्मृता महतो, राजकुमार गुप्ता, वाल्टर होरो सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे

---

# सीजीएचएस कार्ड चाहिए, तो जमा कराने होंगे 30000 से 1.20 लाख




**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ नई दिल्ली**
केंद्र सरकार में सभी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से सीजीएचएस कार्ड बनवाना होगा। इसके लिए उन्हें ऑनलाइन आवेदन करना है। पेंशनभोगियों और उनके आश्रित पारिवारिक सदस्यों को भी सीजीएचएस कार्ड जारी किए जाएंगे। इसके लिए, कुछ शर्तें भी रहेंगी। जैसे, पेंशनभोगी निश्चित चिकित्सा भत्ता (एफएमए) का लाभ नहीं उठा रहा हो। रिटायर्ड कर्मचारियों को विभिन्न वेतनमानों के तहत सीजीएचएस कार्ड बनवाने के लिए फीस जमा करानी पड़ेगी। यह फीस तीस हजार रुपये से लेकर एक लाख बीस हजार रुपये तक रहेगी। मौजूदा समय में विभिन्न राज्यों के 80 शहरों में सीजीएचएस सेवाएं मुहैया कराई जा रही हैं। इन स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लगभग 42 लाख लाभार्थी उठा रहे हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने पिछले दिनों ही यह आदेश जारी किया है। इसमें सरकारी कर्मियों और पेंशनरों के लिए सीजीएचएस कार्ड को लेकर कई अहम बातें शामिल हैं। सीजीएचएस कार्ड के भुगतान के तरीकों की भी जानकारी दी गई है। सेवारत कर्मचारियों के लिए सीजीएचएस कार्ड बनवाना अनिवार्य किया गया है। केंद्र सरकार के पेंशनभोगी भी सीजीएचएस कार्ड बनवा सकते हैं। उनके लिए सीजीएचएस कार्ड (आईपीडी कार्ड) के साथ निश्चित चिकित्सा भत्ता प्राप्त करने का विकल्प भी है। वह अंशदान (सेवानिवृत्ति के समय मौजूदा सीजीएचएस अंशदान दर के 120 गुना अर्थात 10 वर्षों के बराबर) विभिन्न वेतनमानों के अंतर्गत तय किया गया है।

---

**जगन्नाथपुर रथ मेले में डालसा का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

# निःशुल्क विधिक सेवा मुहैया कराता है डालसा : शिवानी सिंह

**राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई को जागरूकता कार्यक्रम में दी गई जानकारी**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जगन्नाथपुर रथ मेला में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के तत्वावधान में सोमवार को विधिक जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। एलएडीसीएस अधिवक्ता शिवानी सिंह ने बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि के विषय में न्याय प्राप्त करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नालसा की 10 स्कीमों के बारे में भी मेला देखने आए लोगों को बताया गया। पीएलवी लता कुमारी एवं मुन्नी देवी ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी। डालसा की शिवानी सिंह ने आगामी 13 जुलाई को आयोजित हाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि न्यायालय में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, विवाहोत्तर प्रताड़ना के वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले, भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटरा करा सकते हैं। इससे आपको समय व धन की बचत होगी। इन मामलों को चिह्नित कर उनके पक्षकारों को नोटिस भी भेजा जा रहा है। कार्यक्रम में एलएडीसीएस अधिवक्ता शिवानी सिंह, पीएलवी लता कुमारी, तारा मिंज, मुन्नी देवी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। मौके पर डालसा के पीएलवी ने मेला परिसर में आए लोगों के बीच कानून संबंधी पंपलेट और लिफलेट का वितरण भी किया।

---

## न्यूज | बॉक्स

### छात्राओं के बीच साइकिल वितरित



**मांडर।** प्रखंड परिसर में सोमवार को प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विनोद लकड़ा ने 104 छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया।करगे, कंजिया, पुंगी, मलती, चटवल, सोसई, कंदरी, नगड़ा समेत अन्य स्कूलों के छात्र छात्राओं के बीच 104साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर बोलते हुए प्रखंड उपप्रमुख अमानत अंसारी ने कहा कि सरकार के इस योजना से छात्राओं को पढ़ने के लिए प्रेरणा मिलेगी। साथ उन्होंने कहा कि कई गांव वैसे है जहां पर उच्च शिक्षा के लिए लंबा सफर तय करना पड़ता है। छात्राओं को साइकिल मिल जाने से आने-जाने में आसानी होगी। साथ ही समय में भी बचत होगी। इस मौके पर नसीम अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष ने किया नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



मांडर। प्रखंड के तिगोई अंबा टोली में 63 केवीए के नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन सोमवार को झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रोशन तिग्गा द्वारा किया गया। पिछले कई दिनों से गांव का ट्रांसफार्मर जला हुआ था। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था ।सूचना मिलने पर रोशन तिग्गा ने पहल की और गांव में ट्रांसफार्मर लगा पाया। एक बार फिर से बिजली सेवा बहाल होने पर ग्रामीणों में काफी खुशी की महोल थी। सभी ने रोशन टीका का आभार प्रकट किया। मौके पर नेल्सन तिर्की, नवीन टोप्पो,बिरसा उरांव मोइन अंसारी सहित गांव के सेकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

### तोरपा सीओ की कार्रवाई से बालू माफिया में हड़कंप, 15 हजार घनफीट बालू जब्त



**खूंटी।** बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ तोरपा की अंचलाधिकारी पूजा बिन्हा द्वारा की जा रही कार्रवाई से रेत माफिया में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों द्वारा दी गई सूचना के आाार पर अंचलाधिकारी ने सोमवार को तोरपा प्रखंड की ओकड़ा पंचायत के सारीदकेल गांव के पास छापामारी कर अवैध रूप भंडारण कर रखे गये 15 हजार घनफीट बालू कों जब्त कर लिया। सीओ को गुप्त सूचना मिली थी कि सारीदकेल गांव में बालू माफिया द्वारा बालू का अवैध भंडारण कर रखा गया है। सूचना पर सीओ ने छपामारी कर भंडारण किया हुआ बालू को जब्त किया। मौके पर प्रमुख, उप प्रमुख संतोष कर, तोरपा थाना के एएसआई मोहन ठाकुर आदि मौजूद थे। बालू के अवैध धंधे कों रोकने के लिए ग्रमीणों की बैठक . बालू के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण रोकने को लेकर सोमवार को ओकड़ा पंचायत भवन में में विभिन्न गांवों के लोगों की बैठक हुई। बैठक में सीआ पूजा बिन्हा ने कहा कि ग्रामसभा बालू का अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण रोकने के लिए आगे आये, प्रशासन उन्हें मदद करेगा।

### सीडब्ल्यूसी कठिन परिस्थिति में बच्चों का कानूनी अभिभावक है : तनुश्री



**खूंटी।** डीआरडीए स्थित सभागार में सोमवार को जिला समाज कल्याण शाखा, जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सीनी) के सहयोग से झारखंड आफ्टर केयर गाइडलाइन 2023 के तहत केयर लीवर्स नेटवर्क के गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुमन सिंह ने की। बैठक में कल्याण पदाधिकारी ने बैठक के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि केयर लीवर्स नेटवर्क एक दूसरे से जुड़े रहने का माध्यम होगा और केयर लीवर्स की समस्याएं सुनी जाएंगी और उन समस्याओं का निदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नेटवर्क गठन को लेकर यह प्रारंभिक बैठक है। केयर लीवर्स में अपनी मन की बात को जरूर बताएं, ताकि सरकार द्वारा उन्हें बेहतर जीवन देने का कार्य किया जा सके। उल्लेखनीय है कि झारखंड में खूंटी पहला ऐसा जिला है जहां केयर लीवर्स को एकत्रित कर नेटवर्क गठन करने को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी मो अल्ताफ खान ने केयर लीवर्स को लेकर सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुए कहा कि मिशन वात्सल्य के तहत भारत सरकार और झारखंड सरकार द्वारा दिशा निर्देश जारी किया गया है जिसके तहत केयर लीवर्स का डाटाबेस तैयार किया जाना है। नेटवर्क का गठन सामाजिक सहयोग के लिए किया जाना है और ऐसे लोगों को आवश्यकता आधारित देखभाल देनी है।

---

**भ्रमण**

**सीसीएल सीएमडी ने एनके एरिया की खानों का किया निरीक्षण**

# एनके एरिया का भविष्य उज्ज्वल है : निलेंदु कुमार सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
सीसीएल एनके एरिया का भविष्य उज्ज्वल है। सब कुछ सकारात्मक रहा तो एनके एरिया अपना खोया गौरव फिर से प्राप्त करने में सफल रहेगा। यह बात सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक निलेन्दुकुमार सिंह ने खलारी में कहा। सीसीएल सीएमडी एनके सिंह सोमवार को एनके एरिया के दौरे पर आए हुए थे। उन्होंने एनके एरिया की तीन कोयला खानों रोहिणी, केडीएच व पुरनाडीह का निरीक्षण किया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि एनके एरिया का गौरवशाली इतिहास रहा है। विश्व बैंक संपोषण से लेकर अन्य कई चीजें एनके एरिया ने सीसीएल की दूसरे एरिया को सिखलाया। कहा कि तीन खदानों के निरीक्षण से वे संतुष्ट होकर जा रहे हैं।

### राज्य सरकार की जमीन के नए दर से प्रस्तावित रोहिणी-करकट्टा ओसीपी मुश्किल में

एनके एरिया के प्रस्तावित 10.5 मिलियन टन क्षमता के रोहिणी-करकट्टा ओसीपी के संबंध में सीएमडी ने बताया कि राज्य के सरकारी भूमि के एवज में राज्य सरकार को जो कीमत भुगतान दिया जाता था उसमें हाल ही में झारखंड में काफी बढ़ोतरी कर दी गई है। वर्ष 2021 में कृषि भूमि के दर का डेढ़ गुणा कीमत भुगतान करना पड़ता था। वहीं अभी जमीन के वर्तमान बाजार भाव का 4.06 गुणा कीमत सीसीएल को भुगतान करना होगा। सीएमपीडीआई प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने में यह देखती है कि रिटर्न 12.5 प्रतिशत से कम तो नहीं है। कम हुआ तो प्रोजेक्ट रिपोर्ट ही नहीं बनेगा। झारखंड सरकार के जमीन के नए दर से भुगतान करना रोहिणी-करकट्टा ओसीपी के लिए मुश्किल तो है ही, पुरानी खानों के लिए भी नया सरकारी जमीन लेना मुश्किल हो जाएगा।

### अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त, 4 तस्करों पर दर्ज हुई प्राथमिकी

**रामगढ़।** कोयले के अवैध कारोबारियों पर पुलिस ने एक बार फिर कड़ी कार्रवाई की है। रामगढ़ थाना क्षेत्र के सरैया गांव में बांग्ला ईंट भट्ठा पर रात के अंधेरे में अवैध कोयले को लादा जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस वहां पहुंची और उस ट्रक को जप्त किया। हालांकि इस दौरान तस्कर वहां से भागने में सफल रहे। पुलिस अब तस्करों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है। इस मामले में रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा है कि मध्य रात्रि के बाद गस्ती के दौरान उन्हें सूचना मिली की सरैया के प्रदीप महतो के बांग्ला ईंट भट्टे पर एक 10 चक्का ट्रक मौजूद है।

# सिर्फ भाजपा में होता है कार्यकर्ताओं का सम्मान : विनय महतो धीरज



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सोमवार को पतराहातू में मंडल स्तरीय बैठक मंडल अध्यक्ष सृष्टिधर प्रजापति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष एवं पतराहातू प्रभारी विनय महतो धीरज शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए विनय महतो धीरज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि हैं। कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ होते हैं।कार्यकर्ता चुनाव में काफी मेहनत कर भारतीय जनता पार्टी से रांची सांसद को जीत दिलाने का काम किया है। कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। पार्टी ने बूथ के कार्यकर्ताओं को सम्मान करने का निर्णय लिया है। 13 जुलाई को सिल्ली विधानसभा बूथ स्तरीय सम्मान समारोह पतराहातू में आयोजित किया जाना है। मौके पर अशोक पोद्दार, लक्ष्मीकांत प्रमाणिक, गुलाब महतो, वरुण हाजरा, बेनीवाल महतो, लखीन्द्र कुम्हार, धीरज महतो, मेघनाथ महतो, युधिष्ठिर महतो, अरविंद साहू आदि मौजूद थे

## एक नजर

### मतदाता सूची का द्वितीय विशेष पुनरीक्षण 25 से

**रांची।** मतदाता सूची में सुधार और छूटे हुए मतदाताओं को जोड़ने के लिए 25 जुलाई से मतदाता सूची का द्वितीय विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू हो रहा है। एक जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए आगामी 25 जुलाई से मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हो रही है। इसके तहत 25 जुलाई को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा। 25 जुलाई से नौ अगस्त तक दावा और आपत्ति दाखिल किया जाएगा। 27-28 जुलाई और 03-04 अगस्त को विशेष अभियान तिथि रखी गई है। दावों और आपत्तियों का निपटारा 19 अगस्त को होगा। विशेष अभियान तिथि 27 एवं 28 जुलाई और तीन एवं चार अगस्त 2024 को जिला के सभी मतदान केंद्रों में बीएलओ उपस्थित रहेंगे। इस दौरान बूथ पर ऑफलाइन आवेदन भी समर्पित किया जा सकेगा।

### युवक का शव बरामद हत्या की आशंका

**रांची।** रांची के रातू थाना क्षेत्र के तालाब के समीप से पुलिस ने सोमवार को एक युवक का शव बरामद किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक की हत्या कर यहां फेंक दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी शशि भूषण ने बताया कि एक युवक का शव बरामद किया गया है। युवक के सिर और मुंह में चोट के निशान मिले हैं। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होता है। आसपास के लोगों से युवक की शिनाख्त कराने पर किसी ने उसकी पहचान नहीं की।

# सरकारी बस स्टैंड में लगा है गंदगी का अंबार, दुर्गंध से परेशान हैं यात्री

मनोज मिश्रा

**रांची।** राजधानी में अव्यवस्था और असुरक्षा के बीच आम नागरिकों का जीवन दुश्वार हो गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि शासन-प्रशासन को अपने कर्तव्य का अहसास नहीं है। तभी तो सार्वजनिक स्थानों पर रात में लाइट नहीं रहती है, पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है, सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं है, आपराधिक घटनाएं बढ़ गई हैं।







## कचरों में मच्छर पनपेंगे और मलेरिया-डेंगू जैसी बीमारी से परेशान रहेगा शहर

राजधानी रांची आए यात्री तब और हैरान-परेशान होते हैं, जब सरकारी बस स्टैंड पर वे उतरते हैं। सामने खंडहरनुमा इमारत नजर आती है, जिसकी छत लगती है कि वह कभी भी टूटकर गिर सकती है। ऊपर से बस स्टैंड पर गंदगी का अंबार इस तरह लगा हुआ है कि वहां खड़े रहना भी यात्रियों के लिए मुश्किल हो गया है। दुर्गंध की कोई सीमा ही नहीं है। अब बरसात में तो हालत और भी खराब होने वाली है। उन कचरों में मच्छर भी पनपेंगे और शहर में मलेरिया-डेंगू जैसी बीमारी फैलेगी। रांची आए यात्री यहां से मच्छर जनित रोग अपने जिलों, गांवों में ले कर जाएंगे। और, राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल सबको पता है।

अब इसे क्या कहें, जनता का दुर्भाग्य या सरकार प्रशासन की विफलता। नाम जो भी दिया जाए, भुगतना जनता को ही पड़ता है। अगर इन अव्यवस्थाओं को दूर किया जा सके, तो हमारा झारखंड सही मायने में 'सोना झारखंड' कहलाएगा। जरूरत है मात्र एक इच्छा शक्ति की, जो निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर जनता के हित की सोचे। बड़े-बड़े मेजों और एसी कमरों बैठकर विकास का रोड मैप बनाने के बजाए रोड पर उतरकर हालात देखा जाए, जनता की राय ली जाए। मगर ऐसा दिन कब आएगा उस दिन आने का ही जनता अपने मन में सपना संजोए बैठी है।

### दुर्गंध से हालत खराब हो जाती है : विंदेश्वर राय



सरकारी बस स्टैंड की अव्यवस्था को वर्षों से नजदीक से देखने वाले विंदेश्वर राय कहते हैं कि दुर्गंध से हालत खराब हो जाती है। नगर निगम या परिवहन विभाग द्वारा यहां सफाई नहीं की जाती है। कचरों का उठाव नहीं होता है। सुबह चार बजे से रात नौ बजे तक बसों को परिचालन होता है, परंतु स्टैंड में कहीं भी लाइट की व्यवस्था नहीं है। किसी भी यात्री की सुरक्षा अंधेरे बस स्टैंड में होना संभव नहीं है। अंधेरे का लाभ लेकर बहुत सारे असामाजिक तत्व सक्रिय हो जाते हैं।

## किशोरी समृद्धि योजना के अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन

# बालिकाओं के विकास को संकल्पित है सरकार : झा

- *समाज कल्याण निदेशक ने लाभुकों को प्रदान किया आर्थिक लाभ*
- *छोटानागपुर बालिका उच्च विद्यालय, थड़पकना में हुआ कार्यक्रम*



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के थड़पकना स्थित छोटानागपुर बालिका उच्च विद्यालय में सोमवार को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत लाभार्थियों को लाभ प्रदान करने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निदेशक, समाज कल्याण, झारखंड शशि प्रकाश झा ने योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में लाभुकों को आर्थिक लाभ प्रदान किया। शिविर में सभी जिलों के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अपनी टीम के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। शिविर में कक्षा 8वीं से 12वीं तक की छात्राओं एवं 18-19 वर्ष की किशोरियों को योजना के अंतर्गत लाभ दिया गया। इस अवसर पर निदेशक, समाज कल्याण, झारखंड शशि प्रकाश झा ने बताया कि राज्य सरकार सभी बालिकाओं के शिक्षा-स्वास्थ्य एवं चहुमुखी विकास के लिए संकल्पित है, जिसे साकार करने के लिए यह योजना काफी प्रभावशाली है।

छोटानागपुर बालिका उच्च विद्यालय, थड़पकना, रांची के साथ राज्य के सभी जिलों में विद्यालय स्तर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। योजना का उद्देश्य राज्य की बालिकाओं को शिक्षा के लिए पर्याप्त आर्थिक सहयोग देना, बालिकाओं को स्वतंत्र निर्णय लेने में सक्षम बनाना एवं राज्य की विकास में उनकी भागीदारी को सुनिश्चित कराया जाना है।

कार्यक्रम में भाग लेने वाली किशोरियों को 18 वर्ष पूर्ण करने के बाद ही विवाह करने एवं बाल विवाह की रोकथाम के लिए अपने आसपास प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता के लिए शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम को कंचन सिंह, सहायक निदेशक, समाज कल्याण, झारखंड, सुरभि सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रांची एवं मिताली सरकार प्रधानाध्यापिका, छोटानागपुर बालिका उच्च विद्यालय, थड़पकना आदि ने भी संबोधित किया।

### लायंस क्लब ऑफ रांची का 65वां पदस्थापन समारोह संपन्न

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची का 65वां पदस्थापन समारोह हर्ष और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। 2024-25 के लिए अरुण सिंह के नेतृत्व में नई टीम को पदस्थापन अधिकारी पूर्व मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन एसपी वर्मा ने शपथ दिलाकर पदस्थापित किया। एसपी वर्मा ने संबोधन में लायंस सदस्यों से आह्वान किया कि निःस्वार्थ भाव से सेवा कार्य करें और सेवा के प्रति समर्पित लोगों को लायनवाद से जोड़ें। निवर्तमान अध्यक्ष परविंदरजीत सिंह ने क्लब के सभी पूर्व अध्यक्षों और सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने 2023-24 में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सदस्यों को सम्मानित किया। सर्वोत्तम कमेटी चेयरपर्सन डॉ प्रदीप कुमार, लेडी लायन ऑफ द ईयर शुभ्रा मजूमदार, क्लब के गौरव डॉ हरमिंदर बीर सिंह, लायन ऑफ द ईयर सिमलजीत कौर और बेस्ट कोषाध्यक्ष अनिल गोयल। मुख्य अतिथि जिलापाल 322-ए सीमा वाजपेयी ने अपने संबोधन में जिले के अग्रणी क्लब के रूप में लायंस क्लब ऑफ रांची के कार्यों की प्रशंशा की और डिस्ट्रिक्ट ऐप से जुड़ने का आग्रह किया। अध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि वे अपने कार्यकाल में नई योजनाएं ओर सेवा कार्यों को प्राथमिकता देंगे।

## न्यूज बॉक्स

### अमरनाथ का दर्शन कर लौटे 30 यात्रियों का हुआ भव्य स्वागत



**रांची।** अमरनाथ का दर्शन कर लौटे 30 यात्रियों का रांची रेलवे स्टेशन पर सोमवार को भव्य स्वागत किया गया। अमरनाथ, बाबा बफार्नी और माता वैष्णो देवी का दर्शन कर लौटे यात्रियों का पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने अंग वस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया और उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद भी लिया। मौके पर संवाददाताओं से बात करते हुए दूबे ने कहा, वर्ष में एक बार बाबा बफार्नी अपना दर्शन देते हैं और वहां वही जाते हैं जिन्हें बाबा का बुलावा होता है। वह लोग बड़े सौभाग्यशाली होते हैं, जिन्हें बाबा अपना दर्शन के लिए बुलाते हैं। यात्रियों में नवीन सिंह, संजय झा, विजय कुमार, गौतम दूबे, अवधेश कुमार, बबलू मोहंती, अशोक कुमार, विनोद कुमार सिन्हा, धर्मेंद्र कुमार आदि शामिल थे।

### झारखंड के दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए 31 अक्टूबर तक नेशनल स्कॉलरशिप का मौका

**रांची।** राज्य के दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पाने का मौका 31 अक्टूबर तक है। इस संबंध में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड ने सूचना जारी की है। बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दिव्यांग विद्यार्थियों को नेशनल स्कॉलरशिप मिलनी है। इसके लिए इस स्कॉलरशिप का पोर्टल 30 जून से शुरू किया जा चुका है। पोर्टल पर प्री मैट्रिक (कक्षा 9-10), पोस्ट मैट्रिक (11वीं से पीजी डिग्री/डिप्लोमा तक) तथा टॉप क्लास स्कॉलरशिप (स्नातक, शिक्षा में नोटिफाइड पीजी डिग्री/डिप्लोमा संस्थान) योजना के अंतर्गत अलग-अलग तिथियों तक आवेदन दर्ज करने होंगे। प्री मैट्रिक के लिए आगामी 31 अगस्त तक, जबकि पोस्ट मैट्रिक और टॉप क्लास स्कॉलरशिप के लिए 31 अक्टूबर 2024 तक आवेदन किए जा सकते हैं। राज्य के सभी योग्य एवं बेंचमार्क दिव्यांग छात्र (40 प्रतिशत या इससे अधिक की विकलांगता) वेबसाइट (www.scholarships.gov.in) के जरिए वांछित डॉक्यूमेंट्स के साथ स्कॉलरशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### नगर निगम व रिलेशंस ने किया हिल टॉप पब्लिक स्कूल में पौधरोपण



**रांची।** रांची नगर निगम के नगर आयुक्त अमित कुमार के निर्देश पर सोमवार को पर्यावरण संरक्षण अभियान के मद्देनजर बरियातू स्थित हिल टॉप पब्लिक स्कूल में रिलेशंस के सहयोग से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों ने 51 पौधे लगाकर उनकी देखभाल और उनकी सेवा का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर बच्चों के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता सेमिनार भी आयोजित किया गया। इसमें बच्चों को प्रकृति की रक्षा के लिए संकल्प भी दिलाया गया। मौके पर रांची नगर निगम के सहायक अभियंता सौरभ केशरी, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, रांची नगर निगम के सुपरवाइजर राजकुमार, सुधाकर यादव समेत हिल टॉप पब्लिक स्कूल की प्राचार्या संगीता राज, उप प्राचार्या सुनीता श्रीवास्तव, इसराइल, सीमा, परोबी, प्रियंका सिमकी, स्नेहा, गार्गी, सूर्यकांत, साधना, शंकर, मोशमी, सांता समेत कई गण्यमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी लोगों ने कहा कि प्रकृति की रक्षा के लिए अब हम सभी को आगे आने की जरूरत है। पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत युद्ध स्तर पर पौधरोपण कर उनकी सेवा और देखभाल कर अपनी प्रकृति को हरा-भरा करने में हम सभी को अब आगे आने की जरूरत है। यह जानकारी अमन ने दी।

### कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में करियर काउंसलिंग का हुआ आयोजन




**रांची।** राजधानी रांची के काठीटांड़ स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में सोमवार को मोशन करियर काउंसलिंग संस्थान, कोटा ने विद्यालय की कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग का आयोजन किया। संस्थान के निदेशक, कृष्णा अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को उनके भविष्य निर्माण से संबंधित कई गूढ़ बातें बताई। संस्थान के मुख्य वक्ता नीरज कुमार ने छात्रों को विभिन्न विषयों से संबंधित ज्ञानवर्धक जानकारी दी। इस अवसर पर विधालय के प्रधानाध्यापक, वीरेंद्र यादव ने कार्यक्रम की सफलता के लिए संस्थान के सभी सदस्यों, विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों को बधाई दी।

## रोस्पा टावर के बांबे म्यूजिकल दुकान के गोदाम में लगी आग

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र के रोस्पा टॉवर के सेकेंड फ्लोर पर सोमवार को बांबे म्यूजिकल दुकान के गोदाम में अचानक आग लग गई। आग लगने की वजह से वहां मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई। दुकान के संचालक सोहन कुमार दास ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही मौके पर तीन दमकल पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, दो दमकल के पानी से ही आग बुझा लिया गया था। आग लगने की वजह से कुछ लोग गोदाम के अंदर फंस गए थे। उन्हें दीवार तोड़कर बाहर निकाला गया। लोअर बाजार थाना के एसआई सुमन तिग्गा ने बताया कि बांबे म्यूजिकल दुकान के गोदाम में आग लगी है। आग बुझा दी गई है। आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है। आग लगने की घटना में कितने का नुकसान हुआ है, इसका आकलन होने के बाद ही पता चल पाएगा। गोदाम में गिटार सहित कई म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट थे।

## वेद प्रकाश पर हमले के विरोध में पूर्व वार्ड पार्षदों ने किया प्रदर्शन

- *सुरक्षा की लगाई गुहार, दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की*

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राजधानी में अपराध नियंत्रण से बाहर है। अपराधी खुलेआम, दिनदहाड़े अपराध कर रहे हैं। इसको रोक पाने में पुलिस प्रशासन पूरी तरह विफल नजर आ रही है। लगता है अपराधियों के मन में कानून व्यवस्था का कोई खौफ ही नहीं है। गत रविवार की शाम साढे छह बजे पूर्व पार्षद वेद प्रकाश सिंह को अपराधियों ने गोली मार दी। इससे आसपास के इलाकों में अफरातफरी तो मच ही गई थी, पूरे रांची में भी दहशत व्याप्त हो गया है। हर लोगों के मन में भय व्याप्त है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल भी है।

वहीं, इस घटना से आक्रोशित वार्ड पार्षदों ने जगन्नाथ मेला परिसर की बैरिकेडिंग के पास जमकर हो-हल्ला किया। हाथों में तख्ती लेकर प्रदर्शन किया। कानून व्यवस्था ठीक करने और त्वरित कारवाई करते हुए दोषियों को अविलंब गिरफतार करने की मांग की। इस बीच प्रदर्शन करते हुए वार्ड-27 के निवर्तमान पार्षद ओम प्रकाश ने रोष प्रकट किया। कहा कि वार्ड पार्षद को जब गोली मारने में अपराधी नहीं चूक रहे हैं, तब ऐसे में आम आदमी की सुरक्षा किसके भरोसे है।

### फायरिंग के खिलाफ दुकानें रही बंद दर्ज हुआ एफआईआर

रांची के धुर्वा बस स्टैंड में पूर्व पार्षद वेद प्रकाश पर हुई फायरिंग के खिलाफ सोमवार को धुर्वा बस स्टैंड चौक की सभी दुकानें बंद रहीं और सन्नाटा पसरा रहा। घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों का सुराग पुलिस को अबतक नहीं लगा है। संदेह के आधार पुलिस तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। गोली लगने के बाद वेद प्रकाश की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पारस अस्पताल में डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है। वहीं, दूसरी तरफ कई पूर्व पार्षद वेद प्रकाश से मुलाकात करने अस्पताल पहुंचे थे। वेद प्रकाश को गोली मारने के मामले में एफआईआर दर्ज करने को लेकर सीमा का विवाद का मामला भी सामने आया। इस वजह से घटना के दूसरे दिन एफआइआर दर्ज हुआ। धुर्वा थाना और विधानसभा थाना के सीमा क्षेत्र को लेकर एफआईआर में देरी हुई। इसके बाद सोमवार को विधानसभा थाना में मामला दर्ज हुआ। हटिया डीएसपी पीके मिश्रा ने बताया कि मामले में विधानसभा थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## जागरूक हों / ट्रैफिक नियमों का करें पालन, दूसरों को भी करें प्रेरित

# स्वयं और परिवार को रखें सुरक्षित

- *बच्चों को ट्रैफिक के नियमों की पूरी जानकारी देनी चाहिए*
- *अभिभावक और स्कूल दोनों की भूमिका है अहम*

अनु रश्मि पर्ल मिंज

**रांची।** आज के कई युवा कहते हुए पाए जाते हैं कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन क्यों करें। लेकिन, यह तो वही सवाल हुआ कि हम खाना क्यों खाएं। अरे भाई, अगर हम खाना नहीं खाएंगे, तो क्या होगा यह बताने की जरूरत नहीं है। जैसे जिंदा रहने के लिए भोजन जरूरी है, वैसे ही जिंदगी के लिए ट्रैफिक नियमों का पालन भी आवश्यक है। कहा भी गया है 'सावधानी हटी, दुर्घटना घटी।'

स्वयं और अपने परिवार को सुरक्षित रखने के लिए ट्रैफिक नियमों का पालन अति आवश्यक है। आप अपने परिवार से प्यार करते हैं, तो न केवल स्वयं दिलोजान से ट्रैफिक नियमों का पालन करें, बल्कि दूसरों को भी इन नियमों का शिद्दत से पालन करने के लिए प्रेरित करें।



बच्चों को ट्रैफिक के नियमों की पूरी जानकारी देनी चाहिए और इसका पालन करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इसमें अभिभावक और स्कूल दोनों की भूमिका अहम है। विद्यालय को समय-समय पर ट्रैफिक नियमों की जानकारी देने के लिए कार्यशाला का आयोजन करना चाहिए।

बच्चों को अवश्य बताया जाना चाहिए कि सड़क कब और कैसे पार करें। उन्हें बताया जाना चाहिए कि जेब्रा क्रॉसिंग क्या है। उन्हें रेड, ग्रीन और येलो सिग्नल के बारे में जानकारी देनी चाहिए। उन्हें बताएं कि सड़क पार करते समय ग्रीन सिग्नल होना जरूरी है। बच्चों को यह भी बताना चाहिए कि सड़क पर खड़े वाहन से सटकर नहीं चलना चाहिए। वाहन में बैठा व्यक्ति अगर अचानक दरवाजा खोल दे, तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है। बच्चे सड़क पार करते समय हमेशा बड़ों के हाथ पकड़े रहें, सड़क पार करते समय दोनों तरफ देख लें, यह बात बच्चों को जरूर बताए जाने चाहिए।

### वाहन चलाने वाले इन नियमों का पालन करें

- वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करें।
- दो पहिया वाहन चलाते हैं, तो हेलमेट अवश्य पहनें।
- चार पहिया वाहन में हैं, तो सीट बेल्ट अवश्य बांधें।
- वाहन तय स्पीड लिमिट में चलाएं। वाहन निर्धारित लेन में ही चलाना चाहिए।
- शराब पीकर या किसी भी तरह के नशे में वाहन नहीं चलाएं।
- वाहन सड़क की बायीं ओर ही चलाएं।
- वाहन को आवरटेक करने से बचें और जरूरी हो तो दायीं ओर से ओवरटेक करें।
- जेब्रा क्रॉसिंग के नियमों का पालन करें। जेब्रा क्रॉसिंग पर स्पीड कम रखें।
- दोमुहान, तीन मुहान और चौराहे पर वाहन की गति कम रखें।
- जरूरत पड़ने पर हॉर्न, संकेत आदि का प्रयोग करना चाहिए।
- आगे जा रहे वाहन से दूरी मेंटेन करना चाहिए।
- साइकिल हमेशा सड़क के किनारे चलाएं। सड़क के बीच में साइकिल नहीं चलाना चाहिए।

### पैदल चलने वाले इन नियमों का करें पालन

- पैदल चलने वाले हमेशा सड़क की बायीं ओर चलें।
- सड़क पार करते समय जेब्रा कॉसिंग का प्रयोग करें।
- दौरड़कर कभी भी सड़क पार न करें।
- ग्रीन सिग्नल होने पर ही सड़क पार करें।
- अगर बच्चे के साथ पैदल चल रहे हैं, तो उन्हें हमेश अपनी बायीं ओर रखें।

### रेड, ग्रीन और येलो सिग्नल का अर्थ

**रेड सिग्नल :** रास्ता क्लीयर नहीं है, रुकने का संकेत है।

**ग्रीन सिग्नल :** रास्ता क्लीयर है, पार किया जा सकता है।

**येलो सिग्नल :** चेतावनी का संकेत है, बताता है कि गति नियंत्रित रखें, रेड सिग्नल आ सकता है।

## युवा आजसू के सदस्यों ने किया रांची विवि के डीएसडब्ल्यू का घेराव

# नामांकन के नाम पर मनमानी पैसे ले रहा है रांची विवि : अभिषेक शुक्ला



- *मारवाड़ी कॉलेज के बीबीए, बीसीए, बीकॉम की सीटों की संख्या में वृद्धि करने की मांग की*

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सोमवार को युवा आजसू का प्रतिनिधिमंडल अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में सोमवार को रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू सुदेश कुमार साहू से मुलाकात कर उन्हें छात्र-छात्राओं की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए मांग पत्र सौंपा। युवा आजसू के अभिषेक शुक्ला ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं से नामांकन शुल्क के नाम पर मनमानी ढंग से पैसे वसूले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्र संघ चुनाव का शुल्क 10 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये कर दिया गया, जिसे लेकर कई बार विरोध किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इसे कम करने की भी बात कही गई, लेकिन यह शुल्क अभी तक काम नहीं किया गया है। एनसीसी एनएसएस के नाम पर हर एक छात्र-छात्राओं से 30 रुपये लिये जाते हैं। यह 30 रुपये केवल उन छात्र-छात्राओं से लिए जाएं, जिन्होंने एनसीसी या एनएसएस में नामांकन करवाया है। अभिषेक शुक्ला ने आरयू के डीएसडब्ल्यू से कहा की मारवाड़ी महाविद्यालय में बीबीए, बीसीए, बीकॉम की सीटों की संख्या में वृद्धि की जाए। वहीं, मारवाड़ी कॉलेज के विभिन्न विषय के सीटों की संख्या बढ़ाने का आदेश मारवाड़ी कॉलेज के प्राचार्य को दिया जाएगा। छात्र संघ चुनाव का बढ़ा हुआ शुल्क भी वापस लिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में गुंचा कमर, रूफी परवीन, विक्रम कुमार यादव, अकाश नयन, विशाल कुमार यादव, मनजीत कुमार, अमन अंसारी, सुभम केशरी, सौरभ गुप्ता, आलोक कुमार, राजू कुमार, विक्रम कुमार वर्मा आदि सदस्य मौजूद थे।

# झूठ व भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़ी है हेमंत सरकार : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने नव गठित हेमंत सरकार पर निशाना साधा। सोमवार को मरांडी सदन में विश्वासमत के लिए आहूत विशेष सत्र के दौरान मीडिया से बात कर रहे थे। मरांडी ने कहा कि यह सरकार अपने पहले दिन से झूठ और भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़ी है। यह सरकार केवल पैसे और परिवार के लिए बनी है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों से राज्य को केवल लूटा है। खान खनिज, पत्थर, बालू, जमीन, गरीबों के अनाज और युवाओं की नौकरियों को लूटा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी, दलित, पिछड़ा, महिला युवा सभी वर्गों में निराशा है। विधि व्यवस्था ध्वस्त है। राजधानी के भीड़भाड़ के बीच हत्या हो जा रही।अपराधी बेखौफ हैं। महिलाएं, बहन, बेटियां सुरक्षित हैं। सामूहिक बलात्कार की घटाएं आम हो गई है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने अपने पहले बजट सत्र में लाखों युवाओं को नौकरी देने और नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देने की बात सदन पटल पर कही थी लेकिन आज युवा हताश और निराश है।

जेपीएससी, जेएसएससी की परीक्षाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। ब्लैक लिस्टेड एजेंसी के माध्यम से परीक्षाओं का संचालन कराकर राज्य सरकार ने नौकरियों को लाखों लाख में बेचवा दिया। आज युवा अभ्यर्थी धरने पर बैठने को मजबूर हैं। उनके पास भ्रष्टाचार के स्पष्ट प्रमाण हैं फिर सरकार जिद पर अड़ी है। उन्होंने कहा कि यह सरकार कानून नियमो से नही मनमाने ढंग से चल रही। नौजवानों को ठग रही। मरांडी ने कहा कि इस सरकार ने पारा शिक्षकों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, निविदा कर्मियों, सहायक पुलिस कर्मियों को नियमित करने का आश्वासन देकर समर्थन प्राप्त किया था लेकिन ये सब आज झूठा साबित हुआ। उन्होंने कहा कि आज सर्वजन पेंशन की बात करने वाली सरकार पिछले चार वर्षों से बृद्धों को भी पेंशन नहीं दे रही। ग्रीन कार्ड के नाम पर अनाज देने के नाम पर एक दो महीने नाटक किया गया। सच्चाई यह है कि केंद्र सरकार द्वारा गरीबों के लिए भेजे जा रहे अनाज भी बिचौलिए दलाल लूट ले रहे। उन्होंने कहा कि जनता इस सरकार से ऊब चुकी है और इसे सबक सिखाने के लिए सही समय का इंतजार कर रही है।

## झारखंड कैबिनेट विस्तार के साथ ही बने कई सियासी रिकॉर्ड



**रांची।** झारखंड में हेमंत सोरेन के एक बार फिर से सीएम बनने और सोमवार को कैबिनेट के विस्तार के साथ ही राज्य के सियासी इतिहास में कई नायाब रिकॉर्ड बन गए हैं।

- हेमंत सोरेन राज्य के पहले नेता हैं, जो बेल पर जेल से छूटने के सातवें दिन दूसरी बार सीएम बने। वह विधानसभा में चार बार विश्वास मत हासिल करने वाले राज्य के पहले सीएम हैं।
- चंपई सोरेन के नाम राज्य के पहले ऐसे नेता होने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है, जिन्होंने सीएम पद से इस्तीफे के बाद मंत्री पद की शपथ ली है। 4 जुलाई की दोपहर तक वह राज्य के सीएम थे और अब चार दिनों के अंतराल के बाद मंत्री हैं।
- बेबी देवी राज्य की पहली नेता बन गई हैं, जिन्होंने एक साल 4 दिन (369 दिन) के भीतर तीसरी बार मंत्री पद की शपथ ली है। पहली बार वह 3 जुलाई, 2023 को मंत्री बनी थीं। उनके पति जगरनाथ महतो हेमंत सोरेन कैबिनेट में मंत्री होते थे। कोविड की वजह से उनका आकस्मिक निधन हो गया। इसके बाद उनकी पत्नी बेबी देवी को हेमंत सोरेन ने मंत्री बना दिया। उस वक्त वह विधायक भी नहीं थीं। बाद में सितंबर में डुमरी सीट पर हुए उपचुनाव के बाद वह विधानसभा के लिए चुनी गईं। दूसरी बार उन्होंने चंपई सोरेन की सरकार में 16 फरवरी को मंत्री पद की शपथ ली और अब वह तीसरी बार भी मंत्री बनाई गई हैं।
- झारखंड में मंत्रियों की अधिकतम संख्या 12 हो सकती है, लेकिन वर्ष 2014 से ही यहां 12वें मंत्री का पद रिक्त था। सोमवार को दस वर्षों के बाद पहली बार राज्य मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या 12 हुई है। इसके पहले 2014 से 2019 तक सीएम रहे रघुवर दास ने पांच साल के पूरे कार्यकाल तक 12वें मंत्री का बर्थ खाली रखा। इसके बाद 2019 में हेमंत सोरेन और फरवरी 2024 में सीएम बने चंपई सोरेन ने भी कैबिनेट में 12वां मंत्री नहीं बनाया था।
- सोमवार को रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, हफीजुल हसन, सत्यानंद भोक्ता और मिथिलेश ठाकुर का नाम झारखंड के ऐसे नेताओं में शुमार हो गया, जिन्होंने पांच साल से भी कम समय में तीसरी बार मंत्री पद की शपथ ली।

## पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के खिलाफ अविश्वास था इसलिए विश्वास मत लाया गया : सुदेश महतो



**रांची।** झारखांड विधानसभा के विशेष सत्र में सोमवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि अविश्वास की बात ही कहां थी, जो विश्वास प्रस्ताव सदन में लाया गया है। विपक्ष ने तो ऐसी कोई मांग नहीं की थी। मुझे लगता है कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के खिलाफ अविश्वास था, इसलिए विश्वास मत लाया गया है। मेरा ऐसा मानना है कि अब सदन के विश्वास की कोई जरूरत नहीं है, जनता के विश्वास की जरूरत है। इसलिए जनता के पास जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के कार्यकाल, जो मात्र 5 महीने का रहा, उसमें झारखंड और झारखंडियत का कुछ अनुभव जरूर हुआ। क्योंकि लोग इनसे मिल सकते थे। राजतंत्र का बोध नहीं होता था।

## झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र: परिसर के बाहर धरने पर बैठे भाजपा के सभी विधायक



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया है। इस सत्र में हेमंत सोरेन विश्वास प्रस्ताव रखेंगे और विश्वास मत हासिल करेंगे। हेमंत सरकार के फ्लोर टेस्ट से पहले विपक्षी पार्टी बीजेपी के विधायक विधानसभा परिसर के बाहर धरने पर बैठे हैं। इस दौरान सभी विधायक आदिवासी विरोधी सरकार, सत्ता का भूखा हेमंत शर्म करो, पांच लाख नौकरी का क्या हुआ, राज्य में चौपट विधि व्यवस्था के लिए हेमंत सोरेन शर्म करो, पत्थर-कोयला-बालू और जमीन लुटवाने वाली सरकार हाय हाय के नारे लगा रहे हैं।

## हेमंत कैबिनेट में सभी वर्ग के लोगों को मिला बर्थ

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** हेमंत सोरेन कैबिनेट में 6-4-1का फॉमूर्ला तो फिट हो ही गया। इसके साथ ही मंत्रीमंडल में जातीय समीकरण को भी पूरी तरह से फिट किया गया है। सभी वर्ग के लोगों को बर्थ मिला है। अगड़े जाति से लेकर दलित वोट बैंक को पूरी तरह से साधने की कोशिश की गई है। आदिवासी समाज को भी मंत्रीमंडल में तवज्जो मिली है। वहीं कुर्मी समाज के प्रतिनिधि के रूप में बेबी देवी को मंत्रीमंडल में जगह दी गई है।

इस मंत्रीमंडल के गठन कर हेमंत सरकार ने आरोपों और विवादों से भी बचने की कोशिश की है। हेमंत सोरेन ने भाई बसंत सोरेन को मंत्री नहीं बनाकर परिवारवाद के आरोपों को दर किनार करने की कोशिश की गई है। झामुमो ने मंत्रीपद बंटवारे में जातीय समीकरण का भी पूरा ध्यान रखा है। इसमें ब्राह्मण, कुर्मी, मुस्लिम, अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति को तवज्जो दी गई है। इसी वजह यह है कि चुनाव में आदिवासी, मुस्लिम, और कुर्मी निर्णायक भूमिका में रहते हैं। वहीं कांग्रेस ने भी सभी वर्गों का ध्यान रखा है। कांग्रेस ने आदिवासी समाज से डॉ. रामेश्वर उरांव, मुस्लिम समाज से इरफान अंसारी, अगड़ी जाति से दीपिका पांडेय सिंह और ओबीसी से बन्ना गुप्ता को मंत्री बनाया है।

### झामुमो का जातीय समीकरण

- मिथिलेश ठाकुर - ब्राह्मण
- बेबी देवी - कुर्मी
- हफीजुल हसन - मुस्लिम
- दीपक बिरुआ - एसटी
- बैद्यनाथ राम - एससी

# कैबिनेट का फैसला : झारखंड में बनेगा विस्थापन आयोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार जल्द ही विस्थापन आयोग का गठन करेगी। कैबिनेट की बैठक में इसका प्रस्ताव रखा गया। सभी विस्थापित लोगों का आर्थिक और सामाजिक सर्वेक्षण भी किया जाएगा। इसके तहत एक डाटा बेस तैयार किया जाएगा, ताकि खनन क्षेत्रों का एक दस्तावेज तैयार किया जा सके। मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण के बाद सोमवार की शाम प्रोजेक्ट भवन में हुई कैबिनेट की बैठक के बाद हेमंत सोरेन ने खुद पत्रकारों को यह जानकारी दी।





इसमें इस बात का पूरा ब्योरा होगा कि झारखंड के लोगों को खनन गतिविधियों की वजह से क्या खोना पड़ता है। क्या उन्हें मिलता है। इसका असर क्या होता है। जल्द ही इसका एक मसौदा तैयार किया जाएगा। खनन की वजह से लोगों को होने वाली परेशानियों को कैसे दूर किया जाए, उसके लिए सरकार नीति बनाएगी।

पत्रकारों ने जब झारखंड के मुख्यमंत्री से यह पूछा कि विस्थापन आयोग की मांग लंबे अरसे से हो रही थी, क्या इसको समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारा जाएगा। इस पर हेमंत सोरेन ने कहा कि जब हमने घोषणा की है, तो इसको धरातल पर उतारनने की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्होंने कहा कि यह पहले ही हो जाना चाहिए था, लेकिन आज हमने यह निर्णय लिया। आप आश्वस्त रहें, जितनी जल्दी हो सकेगा, हम इसको प्राथमिकता के आधार पर करेंगे। प्राथमिकता के आधार पर हमने इस विषय पर कैबिनेट की बैठक में सहमति जताई।

एक सप्ताह से जारी धरना दे रहे सहायक पुलिसकर्मियों के मुद्दे पर जब मुख्यमंत्री से पूछा गया कि उनको क्या संदेश देना चाहेंगे, तो हेमंत सोरेन ने कहा कि अब कोई भी हो, धरना-प्रदर्शन छोड़े। सरकार आपसे बात करने के लिए तैयार है। आपकी समस्याओं का समाधान करने के लिए भी तैयार है। यह तभी होगा, जब लोग मिल-बैठकर बात करेंगे। चर्चा करेंगे। इसके लिए धरना-प्रदर्शन करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी सराकर के पास नाक, कान, आंख भी है। यह सरकार सुनती भी है, समझती भी है। समस्याओं का समाधान भी करती है।

हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने अब तक जितनी भी योजनाएं जनहित में शुरू की, उन सबकी समीक्षा करें। नई नीतियां बनाने से पहले पुरानी घोषणाओं पर विचार करें। समस्याओं के बारे में शिकायतें हमारे पास आती रहतीं हैं। सभी विभाग के मंत्री उन समस्याओं की पूरी जानकारी लें, जो समस्या है, उसका समाधान ढूंढ़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम कई बार चलाया। हमने कई बार कहा कि हमारी सरकार प्रोजेक्ट भवन से नहीं, गांवों से चलेगी। इसके लिए कार्ययोजना तैयार है। आने वाले दिनों में काम करने के तरीके कैसे बदलेंगे, इसके बारे में हम आपको समय-समय पर बताते रहेंगे।

## अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

# विधानसभा के समक्ष सहायक पुलिस कर्मी धरने पर बैठे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा के समक्ष सहायक पुलिस कर्मी अपनी मांगों को लेकर को धरने पर बैठ गये हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया है। इस सत्र में हेमंत सोरेन विश्वास प्रस्ताव रखेंगे और विश्वास मत हासिल करेंगे। सत्र शुरू होने से पहले सहायक पुलिस कर्मी विधानसभा के परिसर में धरने पर बैठ गये हैं। पुलिस यूनिफॉर्म में होने के कारण धरने पर बैठे सहायक पुलिसकर्मियों को किसी ने परिसर में आने से नहीं रोका। धरने की सूचना मिलते ही ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल पहुंचे और सहायक पुलिसकर्मियों को धरनास्थल पर लौटने को कहा। ग्रामीण एसपी ने सहायक पुलिसकर्मियों को कहा कि धरनास्थल पर लौटे, नहीं तो एफआईआर होगा। साथ ही कहा कि आपकी नौकरी पर खतरा होगा। मौके काफी संख्या में पुलिस बल की जवान तैनात किए गए है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही सिटी एसपी राज कुमार मेहता और सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार भी मौके पर पहुंचे हैं और धरने पर बैठे सहायक पुलिसकर्मियों को समझाने की कोशिश कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि गत दो जुलाई से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मोरहाबादी मैदान में सहायक पुलिसकर्मी धरने पर बैठे हैं।

2300 सहायक पुलिसकर्मी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हैं। बारिश होने के बाद भी सभी धरना स्थल पर डटे हुए हैं। विभिन्न जिलों से आये सहायक पुलिसकर्मियों ने अपने रहने के लिए टेंट भी बना लिया है। धरना के चौथे और पांचवें दिन यानी दो दिनों तक सहायक पुलिसकर्मियों ने काला बिल्ला लगा कर विरोध भी किया था। अब अनिश्चितकालीन धरना पर बैठने से एक दिन पहले यानी एक जुलाई को सहायक पुलिसकर्मी सामूहिक अवकाश पर थे। इसी क्रम में चार जुलाई को सहायक पुलिसकर्मी राज भवन का घेराव करने जा रहे थे रास्ते में ही पुलिस ने उन्हें रोक दिया था। झारखंड सहायक पुलिस प्रदेश एसोसिएशन के सचिव विवेकानंद गुप्ता ने बताया कि 10 अगस्त को उनका अनुबंध समाप्त हो जायेगा। इसके बाद उनका अनुबंध रिनुवल होगा या नहीं, यह भी क्लियर नहीं है।





### 2300 सहायक पुलिसकर्मी, मानदेय मात्र दस हजार

उन्होंने कहा कि 2300 सहायक पुलिसकर्मी पिछले सात साल से मात्र 10 हजार रुपये के मानदेय पर नौकरी कर रहे हैं। इनमें से कई सहायक पुलिसकर्मियों की दूसरी जगह पर नौकरी करने की उम्र भी समाप्त हो गयी है। इससे सहायक पुलिसकर्मी आक्रोशित है। नक्सलियों के संबंध में सूचना देने के लिए सहायक पुलिसकर्मियों की बहाली की गयी थी, लेकिन उनसे पुलिस का सारा काम जैसे विधि-व्यवस्था, ट्रैफिक, थाना ड्यूटी, चुनाव ड्यूटी आदि में लगाया जाने लगा। सहायक पुलिसकर्मियों की बहाली राज्य के 12 जिला गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, दुमका एवं गिरिडीह में हुई थी। वर्तमान में हर जिला में सहायक पुलिसकर्मी कार्यरत हैं।

## विपक्ष मुद्दा विहीन, खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे वाली कहावत हो रही चरितार्थ : बन्ना

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड सरकार के मंत्री बन्ना गुप्ता ने विपक्ष पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष मुद्दा विहीन हो गया है, उनके पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है। बन्ना गुप्ता ने कहा, वे लोग (विपक्ष) डरे और सहमे हुए थे। उन लोगों में कोई दम नहीं था, उनके पास कोई मुद्दा नहीं था। वे बिना किसी तैयारी के सदन में आए थे और खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं। अपने ही सरकार के खिलाफ तीन बार विश्वास प्रस्ताव लाने पर उन्होंने कहा कि यह चुनी हुई सरकार है। इस सरकार को अपदस्थ करना, अपमानित करना और चोर दरवाजे से राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश रचना, इन सबको जनता ने बेनकाब कर दिया है। हम तीसरी बार विश्वासमत लेकर जनता की सेवा में रहेंगे। मंत्रिमंडल विस्तार और मंत्री पद को लेकर उन्होंने कहा कि पार्टी और पार्टी के कार्यकर्ताओं का जो निर्णय है, वह सबसे ऊपर है। पद देना पार्टी और संगठन का काम है।

## मंत्री हफीजुल हसन के शपथ ग्रहण का तरीका असंवैधानिक : भाजपा




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हेमंत सोरेन के कैबिनेट में शामिल मंत्री हफीजुल हसन के शपथ ग्रहण के तरीके पर सोमवार को भाजपा ने सवाल उठाया है। इसे लेकर भाजपा राज्यपाल के पास पहुंची और हफीजुल को फिर से शपथ दिलाने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और भाजपा के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने शपथ ग्रहण समारोह के बाद राजभवन पहुंचकर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णण से मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपा। बाउरी और बिरंची ने कहा जिस तरह हफीजुल हसन ने शपथ ग्रहण से पहले धार्मिक पंक्ति से शुरूआत की वह गैर संवैधानिक थी। इसलिए उन्हें फिर से शपथ दिलाया जाए और जबतक उन्हें शपथ नहीं दिलाया जाता तबतक उन्हें मंत्री पद से मुक्त माना जाए। राज्यपाल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के ज्ञापन पर न्याय संगत कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### सीएम ने विस अध्यक्ष से की मुलाकात



**रांची।** झारखंड विधानसभा स्थित विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो से मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भेंट कर उनका अभिवादन किया। झारखण्ड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री से मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, प्रधान सचिव वंदना दादेल एवं झारखंड विधानसभा के सचिव सैय्यद जावेद हैदर ने भेंट कर उनका अभिवादन एवं स्वागत किया।

### हेमंत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गई ईडी



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ईडी ने हाईकोर्ट के जमानत के आदेश को गैरकानूनी बताते हुए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की है। ईडी ने कहा है कि हाईकोर्ट की टिप्पणी पक्षपातपूर्ण है। हाईकोर्ट ने कहा था कि हेमंत सोरेन के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस आर मुखोपाध्याय ने 28 जून को हेमंत सोरेन को जमानत दी थी। कोर्ट ने उन्हें 50-50 हजार रुपये के दो निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया था। बड़गाईं अंचल के 8.66 एकड़ जमीन के घोटाले में हेमंत सोरेन को जमानत पर रिहा करते हुए कोर्ट ने कहा था कि हेमंत सोरेन पर जो जमीन कब्जाने का आरोप लगाया है, उसके संबंध में ईडी अभी तक कोर्ट में एक भी दस्तावेज पेश नहीं कर पाई है।

### पूर्व मंत्री आलमगीर आलम विस सत्र में नहीं हुए शामिल, कोर्ट से ली याचिका वापस



**रांची।** टेंडर कमीशन मामले के आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के विधानसभा सत्र में शामिल होने की अनुमति मामले में दायर याचिका पर पीएमएलए कोर्ट से सोमवार को सुनवाई हुई। अदालत ने मामले में ईडी से जवाब मांगा। सुनवाई के दौरान ईडी ने अपना पक्ष रखने के लिए कोर्ट से समय की मांग की। इसके बाद आलम के अधिवक्ता ने विधानसभा में अनुमति की दायर याचिका को वापस ले लिया। आलमगीर आलम विधानसभा के फ्लोर टेस्ट में भी शामिल नहीं हुए। इससे पहले शनिवार को आलमगीर ने विधानसभा सत्र में शामिल होने के लिए अदालत में याचिका दायर की थी। सोमवार को उन्होंने हाई कोर्ट में आवेदन दिया और जल्द सुनवाई की मांग की लेकिन अदालत ने सुनने से इन्कार करते हुए निचली अदालत भेज दिया। ईडी इस मामले में अपना जवाब दाखिल करेगी। उल्लेखनीय है कि विधानसभा का विशेष सत्र आठ जुलाई को आहूत है। विधानसभा के विशेष सत्र में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपना बहुमत साबित कर चुके है। फ्लोर टेस्ट में शामिल होने के लिए आलमगीर आलम ने ईडी कोर्ट से अनुमति मांगी थी। उनकी ओर से दाखिल याचिका में कई आदेश का हवाला दिया गया था।

### क्यों नहीं हो रही प्रोफेशनल लोगों की नियुक्ति : हाईकोर्ट





**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में राजेश कुमार सिंह के द्वारा विद्युत विभाग में इंडियन इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के तहत उच्च पदों पर नियुक्ति के लिए दायर जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। अदालत ने बिजली बोर्ड और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर मौखिक रूप से पूछा कि विज्ञापन जारी कर कुशल लोगों की नियुक्ति क्यों नहीं की जा रही? आईएएस अधिकारियों व अन्य अफसरों को पदभार देकर क्यों काम चलाया जा रहा है? अदालत अब इस मामले में 24 जुलाई को सुनवाई करेगा। राजेश कुमार ने अपनी जनहित याचिका में मांग की है कि बिजली बोर्ड में उच्च पदों पर प्रोफेशनल लोगों की नियुक्ति इंडियन इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के तहत की जानी चाहिए। इस मामले में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच में सुनवाई हुई।

### ईडी-सीबीआई की वजह से विकास कार्यों में आई थी कमी : महुआ माजी



**रांची।** झारखंड सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार के बाद जेएमएम नेता एवं राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने ईडी-सीबीआई पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ईडी और सीबीआई की वजह से विकास के काम में कमी आई थी, लेकिन अब तेजी से काम होगा। महुआ माजी ने जांच एजेंसियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि ईडी-सीबीआई की वजह से विकास के काम में धीमापन आया था। लेकिन, मुझे लगता है कि विकास कार्यों में अब तेजी आएगी। चंपाई सोरेन के सीएम पद से हटने को लेकर उन्होंने कहा कि इस पर मैं कोई कमेंट नहीं करूंगी, क्योंकि यह पार्टी का निर्णय है। चंपई सोरेन बहुत वरिष्ठ हैं, जेएमएम एक परिवार है, पार्टी नहीं। इसमें सभी सदस्य एक-दूसरे के सहयोग से काम करते हैं। उन्होंने स्वेच्छा से पद छोड़ा है, मुझे लगता है कि वह बहुत सुलझे हुए राजनीतिज्ञ हैं। उन्होंने बहुत सोच-समझकर निर्णय किया होगा।

### राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ प्रदेश कमिटी का प्रतिनिधिमंडल मिला मनरेगा आयुक्त से

**रांची।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ प्रदेश कमिटी का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी झारखंड के बुलावे पर उनके कार्यालय कक्ष में उनसे और उसके बाद सचिव ग्रामीण विकास से मिला। विक्रांत ज्योति केंद्रीय अध्यक्ष, सुशील कुमार पाण्डेय केंद्रीय संयुक्त सचिव झारखण्ड राज्य अनुबंध कर्मचारी महासंघ झारखंड के उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न वार्ता टीम की अगुवाई महेश सोरेन प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ राजेश दास प्रदेश सचिव ने किया। प्रथम चरण की वार्ता में मनरेगा कमिश्नर झारखण्ड ने गम्भीरता से हमारी मांगों को सुना। ग्रेड पे, 60 साल की सेवा, बीमा जैसे मुद्दों पर सहमति जताते हुए इसे जल्द लागू करने का भरोसा दिया। इसके बाद मनरेगा आयुक्त के नेतत्व में सचिव ग्रामीण विकास के कार्यालय कक्ष में वार्ता हुई और समय का नजाकत को देखते हुए तत्काल संतोषप्रद मानदेय वृद्धि करने के साथ साथ ग्रेड पे की संचिका मणिपुर सरकार की तर्ज पर पद कोटि एवं योग्यता के अनुसार देने के लिए अबिलम्ब संचिका तैयार करने का निदेश दिया गया। सचिव ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं पारा शिक्षकों के समान अनुकम्पा की नौकरी देने के लिए उपरोक्त संकल्प के अनुसार संचिका बढ़ाने के निदेश दिया।

## एक नजर

### तीन नामजद व 10- 12 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज, अनुसंधान में जुटी पुलिस

**बरही ।** सड़क निमार्ता कंपनी स्पाईका के सुपरवाइजर पंकज सिंह के साथ मारपीट, दुर्व्यवहार और छिनतई को लेकर बरही थाना में प्राथमिकी कांड संख्या 293/24 दर्ज किया गया है. जिसमे बेलादोहार निवासी रूपेश यादव, रामदेव यादव व अनमोल यादव सहित 10-12 अज्ञात के नाम शामिल हैं. प्राथमिकी कंपनी के सुपरवाइजर पंकज सिंह के लिखित आवेदन के अनुसार पर दर्ज किया गया है. आवेदन के अनुसार उक्त कंपनी बरही के करियातपुर अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय से बेलादोहर, विजैया होते हुए बांझेडीह प्लांट तक सड़क निर्माण कार्य कर रही है. आरोप है कि उक्त लोगो ने कंपनी के सुपरवाइजर के साथ मारपीट कर लेबर पेमेंट के लिए रखे रूपयो की छिनतई किया है. पुलिस मामला दर्ज कर अनुसंधान में जुट गई है.

### दो बाइक की भिड़ंत में सात घायल, बेहतर इलाज के लिए किये गए रेफर

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत बंडासिंगा मोड़ के समीप जीटी रोड पर दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत में सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में शिवराज पाण्डेय 9 वर्ष पिता छोटू पाण्डेय, सुरज कुमार पाण्डेय 20 वर्ष,पिता बनवारी पाण्डेय, प्रमोद कुमार पाण्डेय 24 वर्ष पिता सुखदेव पाण्डेय ग्राम डपोक बरही निवासी वहीं टिंकू कुमार राम 23 वर्ष पिता कांतू भुइयां, विकास राम 22 वर्ष पिता वचन भुइयां,साहिल राम 17 वर्ष पिता गंदौरी भुइयां , कुलदीप कुमार राम 24 वर्ष पिता छटू राम, कबिलासी दारू हजारीबाग निवासी शामिल हैं। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर किया गया।

### एआईएमआईएम पार्टी की हफुआ पंचायत कमेटी का हुआ गठन

**रामगढ़/ पतरातू।** एआईएमआईएम पार्टी की हफुआ पंचायत कमेटी का गठन रविवार की देर शाम हुई। साथ ही बूथ कमेटी के सदस्यों का भी चयन किया गया। जिसका नेतृत्व बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष रकीब खान और प्रखंड अध्यक्ष सज्जाद अंसारी ने की। इसके पूर्व यहां पर बैठक भी हुई। जिसमें कहा गया कि आगामी विधानसभा चुनाव में एआईएमआईएम चुनाव लड़ेगी। इसमें जो भी प्रत्याशी होंगे, उन्हें सपोर्ट और वोट करने की अपील की गई। इसके बाद पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें पंचायत अध्यक्ष यासीन अंसारी को चुना गया। जबकि सचिव जुल्फिकार अंसारी को बनाया गया। इसके साथ ही बूथ कमेटी के सदस्य भी चुने गए। जिसमें सुरेश गंझू, अजीम अंसारी, दानिश अंसारी, इंतेखार अंसारी, जाकिर हुसैन, अफरोज आदि शामिल हैं।



# संपूर्णता अभियान को लेकर उपायुक्त ने किया पतरातू प्रखंड का दौरा बीडीओ से ली जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत 30 सितंबर 2024 तक चलने वाले संपूर्णता अभियान को लेकर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पतरातू प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान का शुभारंभ करते हुए कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर अभियान के तहत किए जाने वाले कार्यों को लेकर तैयार कार्य योजना की जानकारी ली। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातु मनोज कुमार गुप्ता द्वारा उपायुक्त को आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान के दौरान किए जाने वाले कार्यों, विभिन्न सूचकांकों जैसे गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, गर्भवती महिलाओं के पोषण, डायबिटीज रोग की पहचान व उपचार, किसानों के लिए सॉइल हेल्थ कार्ड सहित अन्य क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों आदि की जानकारी दी। इस संबंध में उपायुक्त ने योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने को लेकर कई महत्वपूर्ण एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से जो योजनाएं चलाई जा रही हैं उसकी जानकारी लोगों को होनी चाहिए। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों, कर्मियों, क्षेत्र वासियों सहित अन्य उपस्थित थे।

भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा का हुआ आयोजन

## कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने किया श्रद्धा सुमन अर्पित



**हजारीबाग।** हजारीबाग के सिल्वार में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस पवित्र अवसर पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचकर महाप्रभु को अपनी भक्ति अर्पित की। इस महापर्व के दौरान सैकड़ों श्रद्धालु अपार श्रद्धा और उत्साह के साथ इस आयोजन में सम्मिलित हुए। मुन्ना सिंह ने इस पावन अवसर पर कहा, भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा हमारे संस्कृति और धर्म का प्रतीक है। इस आयोजन में सम्मिलित होकर मैं बहुत गर्व और आध्यात्मिकता का अनुभव कर रहा हूँ। मेरी कामना है कि भगवान जगन्नाथ की कृपा हम सभी पर हो और हजारीबाग के लोगों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि आए।इस धार्मिक उत्सव में सिल्वार के नागरिकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और अपने भक्ति भाव से इस आयोजन को और भी विशिष्ट बना दिया। रथयात्रा के दौरान भक्तगण ने एक-दूसरे के साथ प्रेम और सौहार्द का वातावरण बनाया, जिससे समुदाय में एकता और भाईचारे की भावना मजबूत हुई।

नगर भवन में डिजिटल पंचायत परियोजना से संबंधित हुआ प्रशिक्षण

## सैकड़ों पंचायत शिफटेड वीएलई हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
पंचायती राज विभाग रांची के निर्देशानुसार नगर भवन में हजारीबाग जिले के पंचायत भवन शिफ्टेड वीएलई को डिजिटल पंचायत परियोजना से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला का शुभारंभ डीपीआरओ कुमार अनूप कश्यम, डीपीएम राहुल सिंह, सीएससी डीएम मो निजामुद्दीन, रौशन कुमार मेहता, जिला डिजिटल पंचायत प्रभारी मुकेश झा और सीएससी रांची से आए मास्टर ट्रेनर हर्ष कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यशाला का परिचय व संचालन सीएससी डीएम मो निजामुद्दीन ने किया. डीपीआरओ ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार अब पंचायत सचिवालय के सभी कार्य ऑनलाइन किया जाना है. जिसमें प्रज्ञा केंद्र संचालक पंचायत सचिवालय के ऑपरेटर के रूप में कार्य करेंगे. जिनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी. कार्यशाला के दौरान ई ग्राम स्वराज, पीडीआई लॉगिन, मनरेगा, पीएम विश्वकर्मा, जेम हेतु प्राइमरी और सेकंडरी यूजर पंजीकरण आदि से संबंधित पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया. मास्टर ट्रेनर ने पंचायत विकास सूचकांक ऊर्फ पीडीआई से संबंधित डाटा इंट्री एवं उनके विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी के साथ ग्राम पंचायत विकास कार्यक्रम से संबंधित रूप रेखा एवं ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर ऑनलाइन इंट्री की जानकारी, मनरेगा योजना की गतिविधि और उसके पोर्टल पर इंट्री, 15वीं वित्त तथा जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित प्रशिक्षण दिया. वहीं डीएम व प्रभारी ने कार्यशाला सीएससी डाक मित्र, आरटीआई फाइलिंग, आईआरटीसी सेवा, टेली लॉ एवं किसानों से संबंधित जानकारी और प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण सीएससी के मास्टर ट्रेनर, डीएम, डिजिटल पंचायत प्रभारी, कटकमसांडी, कटकमदाग आदि पंचायत के सैकड़ों पंचायत प्रज्ञा केंद्र संचालक मौजूद थे.

एनएचएआई चौड़ीकरण कार्य का सांसद ने किया स्थल निरीक्षण, असंतुष्ट

# गुणवत्ता में लाएंगे तेजी : सांसद



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** चौपारण रथ यात्रा से शामिल होकर वापस लौट के क्रम में रविवार की देर संध्या स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल ने पटना रोड स्थित एनएचएआई के सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया. सड़क निर्माण कार्य की जानकारी देते हुए भाजपा पश्चिमी मंडल के अध्यक्ष अमित साहू ने बताया कि स्थानीय लोग सड़क निर्माण कंपनी के लचर व्यवस्था से परेशान है. काम की गुणवता और कार्य की प्रगति कछुआ चाल से हो रही है. निर्माण कार्य आधा अधूरा होने से नालियों का पानी सड़को पर बह रहा है. बरसात में स्थिति नारकीय हो जाती है. कंस्ट्रक्शन कंपनी या एनएचएआई इस संबंध में बेखबर है. आम जनता त्रस्त है. सांसद श्री जायसवाल ने उनकी बातो को गंभीरता से सुना और शीघ्र निदान का आश्वासन दिया. उन्होंने बताया कि दो सप्ताह पूर्व एनएचएआई के निदेशक से इस संबंध में वार्ता हुई थी. स्थल निरीक्षण कर समस्या के समाधान की बात कही गई थी. जिस पर अब तक कोई कार्य नहीं हुआ है. इस संबंध में वह उच्चाधिकार्यो से शिकायत कर शीघ्र समस्या का हल निकालने का प्रयास करेंगे. विदित हो कि सांसद निर्वाचित होने के बाद यह श्री जायसवाल का बरही में यह पहला औचक निरीक्षण था. इस दौरान पंसस नवल सिंह, युवा समाजसेवी आकाश जायसवाल, अशोक केसरी आदि कई ग्रामीण मौजूद थे.

### भक्तों से खुद मिलने रथ से निकले भगवान जगन्नाथ

**रामगढ़।** भक्तों से खुद मिलने भगवान जगन्नाथ अपने दाऊ बलराम और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर निकलें। वेस्ट बोकारो के राजेंद्र नगर स्थित श्रीश्री जगन्नाथ मंदिर प्रांगण से रविवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। संध्या पांच बजे भगवान की मौसी (मां दुर्गा) के आमंत्रण पर श्री जगन्नाथ प्रभु अपने दाऊ बलराम और बहन सुभद्रा संग रथ पर सवार होकर निकले। रथ पर मंदिर के पुजारी नारायण पंडा उर्फ.बिट्टू पंडा, स्वणार्दा प्रसाद त्रिपाठी के साथ श्रद्धालुओं ने एक-एक कर सबसे पहले महाप्रभु की सुदर्शन, दाऊ बलराम फिर मां सुभद्रा और अंत में महाप्रभु की प्रतिमाओं को रथ पर विराजमान कराया। इस दौरान भगवान सिंह गंगाजल और गोबर मिश्रित जल का छिड़काव व झाड़ू से प्रतिमाओं के गुजरने के मार्ग की सफाई की गई। ढोल, मृदंग और मंजीरे की धुन पर लोग जोय जगन्नाथ स्वामी, हरि बोल, जय श्रीराधे के गीत गाते अगुआई कर रहे थे। पहला भोग टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन के महाप्रबंधक अनुराग दीक्षित और उनकी पत्नी रक्षा दीक्षित अर्पण करेंगे।

# ऐतिहासिक होगा मुनि श्री सूयश सागर जी महाराज का चतुर्मास : टोनी जैन



**हजारीबाग।** मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज के भव्य मंगल प्रवेश पर भाजपा नेता टोनी जैन ने कहा कि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज का आगामी वषार्कालीन चातुर्मास हजारीबाग शहर में होना निश्चित हुआ है। वषार्कालीन चातुर्मास की कलश स्थापना 22 जुलाई के दिन होगी। 4 माह तक हजारीबाग में धर्म की प्रभावना होगी। जैन तथा जेनेतर सभी इसका लाभ ले सकेंगे। किसी भी धर्म, जाति, वर्ग के लोग हो साधु का आशीर्वाद सभी के लिए होता है वह इसका लाभ ले सकते हैं।

### मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज का युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा ने किया स्वागत व अभिनंदन

**हजारीबाग।** परम पूजनीय मुनि श्री 108 सुयश सागर जी एवं मुनिराज ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश एवं नगर भ्रमण के दौरान युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ महाराज जी का आरती उतारकर स्वागत किया। उनके स्वागत को लेकर श्री अजमेरा की धर्मपत्नी प्रीति जैन के द्वारा आकर्षक रंगोली भी तैयार की गई थी।नगर भ्रमण के दौरान आकर्षक ढोल नगाड़े,लोक परंपराओं के साथ छऊ नृत्य की विशेष प्रस्तुति लोगों को अपनी और आकर्षित कर रही थी।

### मुनि श्री 108 का सुयश सागर जी महाराज का भव्य मंगल प्रवेश, चहुं ओर भक्तिमय वातावरण

**हजारीबाग।** परम पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज का भव्य मंगल प्रवेश बैंड पार्टी, स्कूटी में केसरिया साफा पहनी महिलाओं का ग्रुप, बलसगरा के ढोल नगाड़े , झारखंड का सुप्रसिद छऊ नृत्य, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चों द्वारा बैंड बाजा ,जैन समाज की महिलाएं केसरिया तथा पुरुष सफेद वस्त्र धारण किए हुए थे, जगह-जगह मुनि श्री का आरती एवं पद प्रक्षालन किया गया।हर चौक एवं घरों के बाहर मुनि श्री के पोस्टर बैनर लगाए गए थे।जुलूस का जगह-जगह विभिन्न महिला ग्रुप द्वारा स्वागत किया गया जिसमें प्रतिक्रमण ग्रुप,णमोकार ग्रुप, पूजा ग्रुप एवं स्वाध्याय ग्रुप शामिल थी।

### लोको पायलट का पतरातू में किया गया भव्य स्वागत

**पतरातू।** दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के सम्मुख लोको पायलट की समस्याओं को उठाने वाले पतरातू के लोको पायलट जीएसपी सिंह का सोमवार को पतरातू पहुंचने पर लोको पायलटों ने उनका भव्य स्वागत किया। बताया गया कि पतरातू के लोको पायलट जीएसपी सिंह ने पांच जुलाई को गाजियाबाद में एलआरसा की मीटिंग में शिरकत करने के लिए दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंचने के बाद ऑल इंडिया लोको रंनिंग स्टॉफ एसोसिएशन पूर्व मध्य रेल के जोनल महासचिव एके राउत जो सोनपुर मण्डल के बरौनी लॉबी लोको पायलट (माल) कार्यरत हैं के साथ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के समक्ष लोको पायलट की समस्याओं को रखा। जिसमें ओपीएस बहाली, निजीकरण रोकने, रिक्तियां एवं भर्ती प्रक्रिया, साप्ताहिक विश्राम, रात्रि ड्यूटी (दो रात्रि से ज्यादा नहीं), आउट स्टेशन वर्किंग, कैब में महिला चालकों के लिए शौच और बाथरूम, वातानुकूलित लोको कैब, कार्य के घंटे आदि बातों को रखा।

## आस्था

### श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ में आज से बहेगी अध्यात्म की बहार

# देशभर के आचार्य विद्वतजन महायज्ञ में पुण्य के बनेंगे भागीदार



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** शहर की मध्यस्थली ओकनी में श्रद्धालु नौ से 16 जुलाई तक शिव और शक्ति की आराधना में डूबे रहेंगे। दरअसल मंगलवार की मंगल बेला से श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ होगा। बड़ा शिव मंदिर में शहर का इकलौता साधना गृह है। इस मंदिर प्रांगण में देशभर के आचार्य विद्वतजन महायज्ञ में पुण्य के भागीदार बनेंगे। यहां हर संध्या प्रवचन और दिन में महाभोग का वितरण होगा। महायज्ञ संचालन समिति से जुड़े मोहल्लवासियों के अनुसार ओकनी तालाब का अतिप्राचीन इतिहास भी इस बड़ा शिव मंदिर से जुड़ा है। इस मंदिर की सदियों पुरानी अलौकिक पृष्ठभूमि रही है। मोहल्लेवासियों ने प्रेसवार्ता में इस ओकनी तालाब के संरक्षण की लोगों से अपील की। साथ ही बताया कि कई वर्षों के बाद श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह सात दिनों तक चलेगा, जो भक्ति भाव, आस्था और श्रद्धा से लबरेज रहेगा। इस महायज्ञ में ईश्वर की आराधना के साथ कलश यात्रा और नगर भ्रमण जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। संध्या के वक्त जागरण एवं महा भोग का आयोजन किया गया है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए उनकी हर सुविधा के साथ खासकर महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा का भी ख्याल और पूरा ध्यान आयोजक मंडली की ओर से रखा जा रहा है, तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

### श्रद्धालु भक्तिरस के सरोवर में डुबकियां लगाने को आतुर

श्रद्धालु भक्तिरस के सरोवर में डुबकियां लगाने को आतुर हैं। महायज्ञ के आचार्य भोलेनाथ की नगरी वाराणसी के रणधीर शास्त्री हैं। हवन, पूजन के साथ विद्वतजनों के प्रवचन से भक्तजन भावविभोर होंगे। साथ ही 16 जुलाई की रात्रि नौ बजे से मां अंबे जागरण मंडली से जुड़े कलाकार भक्तिभाव का अलख जगाएंगे।

## डेंटल कॉलेज में रैगिंग रोकने के जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में सोमवार को बीडीएस तथा एमडीएस छात्रों के लिए एंटी-रैगिंग ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य रूप से एंटी-रैगिंग सेल एवं डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य डॉ. एस.के. कथरिया ने एंटी-रैगिंग संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इससे पहले डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. के. श्रीकृष्ण ने आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया। वहीं प्राचार्य डॉ. के. श्रीकृष्ण ने रैगिंग से जुड़ी अनियमितताओं के बारे में बताने का अनुरोध किया। मौके पर एंटी-रैगिंग सेल एवं डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य



डॉ. एस.के. कथरिया ने एंटी-रैगिंग पर एक जागरूकता व्याख्यान दिया। डॉ. एस. के. कथरिया ने छात्रों के साथ रैगिंग के कानूनी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। छात्रों को परिसर के अंदर रैगिंग के विभिन्न पहलुओं और परिणामों के बारे में व्यापक जानकारी दी। उन्होंने ने कहा कि कॉलेज समुदाय के भीतर सम्मान और समावेशिता की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## न्यूज बॉक्स

### जमसोती में वज्रपात से 9 मवेशियों की हुई मौत, पीड़ितों ने मुआवजा की मांग की



**चलकुशा।** प्रखंड क्षेत्र के मनैया पंचायत अंतर्गत ग्राम जमसोती में ग्रामीण द्वारा मवेशियों को पारी बांट कर चराने का कार्य किया जाता है। इस क्रम में चरवाहा हरिहर यादव के द्वारा रविवार को ग्राम के मवेशियों को चराने का कार्य किया जा रहा था। इसी बीच अचानक तेज बारिश होने लगी जिससे मवेशी बरगद पेड़ के नीचे आ गए। वहीं चरवाहा भी बगल में खड़ा था जहां अचानक वज्रपात हुई जिसमें 9 जानवरों की मौके पर मौत हो गई। वहीं चरवाहा को कोई क्षति नहीं हुई है। जिसमें प्यारी साव पिता सेवल साव का एक गाय, बैजनाथ राणा पिता स्वर्गीय चुरामैन राणा का दो बैल, वासुदेव यादव पिता लाटो यादव का एक गाय, गुलाबचंद साव पिता दरोगी साव का एक गाय, देव कुमार यादव पिता दशरथ यादव का एक गाय, देवंती देवी पति परमेश्वर राणा का एक गाय, वासुदेव यादव पिता स्वर्गीय विष्णु यादव का एक बैल और लीलावती देवी पति सकलदेव राणा का एक बल शामिल है। वहीं प्यारी साव ने कहा कि हम सब की गाय और बैल इस वज्रपात से मर गये। अब हमलोग के पास कुछ नहीं बचा है। जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

### घर के पास खड़ा पिकअप वाहन चोरी, खोजबीन की लगाई गुहार



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सक्रेज से एक पिकअप वाहन चोरी का मामला सामने आया है। इस बाबत किशुन यादव, पिता टीपन यादव, ग्राम गंगटीयाही ,पोस्ट झुरझुरी थाना बरकट्ठा निवासी ने बरकट्ठा थाना में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें कहा है की बीते रात पिकअप वाहन घर के पास खड़ी थी। सुबह करीब तीन बजे उठा तो देखा बाहर पिकअप संख्या जेएच 02एके 2125 गायब हैं। काफी खोजबीन के बाद पता नहीं चलने पर पुलिस से खोजबीन की गुहार लगाई है।

### भाजपा महिला मोर्चा करेगी उपायुक्त कार्यालय का घेराव : रेणुका साहू




**हजारीबाग।** सोमवार को झंडा चौक के समीप विशेश्वर दयाल पथ स्थित, जिला भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी, जिला महिला मोर्चा की बैठक, जिला अध्यक्ष रेणुका साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य शकुंतला जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह उपस्थित हुए। बैठक में हेमंत सरकार की विफलताओं, महिलाओं के प्रति किए जा रहे उत्पीड़न, अत्याचार एवं शोषण के विरुद्ध सड़क पर उतरकर हल्ला बोल आक्रोषपूर्ण विरोध करने का निर्णय लिया गया। विरोध कार्यक्रम एक जुलाई से 14 जुलाई तक चलेगा। आक्रोषपूर्ण हल्ला बोल प्रदर्शन में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के लगभग 5 सौ बहने शामिल होंगी।बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष बिजुल देवी, वरिष्ठ नेत्री रतन सिंहा, महामंत्री सत्यभामा, जिला उपाध्यक्ष लीलावती देवी, किरण यादव, ज्योत्सना देवी, पूनम मिश्रा, इंदु देवी, मीरा मेहता, रीना भट्ट, सोनी देवी, मोनालिसा लकड़ा उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

### राज्य स्तरीय ताइक्वांडो में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चों का शानदार प्रदर्शन



**हजारीबाग।** आइडियल इंटरनेशनल स्कूल रांची में गत 5 से 7 जुलाई को आयोजित 24 वी राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। बहन श्रीयशी सुमन अंडर 22 किग्रा वर्ग में सिल्वर मेडल,अंडर 14 में रुद्रा सिंह,अंडर 24 मेंसिल्वर मेडल,अंडर 14 में सृष्टि कुमारी,अंडर 63 में सिल्वर मेडल, अंडर 17 किग्रा वर्ग में तीनों बहनों ने रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।सोमवार को विद्यालय की वंदना सभा में विद्यालय के प्राचार्य, ब्रजेश कुमार सिंह एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन ने तीनों बहनों को पदक प्रदान करते शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बता दें कि विद्यालय के ताइक्वांडो प्रशिक्षक, हेमंत कुमार के दिशा निर्देश में तीनों बहनों ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता की तैयारी की थी' मौके पर विद्यालय के शारीरिक आचार्य रणजीत सिंह यादव, आचार्य नरेंद्र कुमार सिन्हा, आचार्य राहुल पासवान,विद्यालय के आचार्य बंधु - भगिनी एवं भैया - बहन उपस्थित थे।

### बारिश का पानी घरों में घुसा, खतियानी परिवार ने जताया रोष



**हजारीबाग।** सदर प्रखंड के भेलवारा पंचायत अंतर्गत प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम चपवा में बारिश का पानी सड़क से सीधा लोगों के घरों तक घुस रहा है। खतियानी परिवार ने सोमवार को हुई बैठक में मामले पर रोष जताया है।के लोग बैठ कर इस मामले पर दुख जताया है।कहा कि नाली का निर्माण नहीं होने और सड़कों के ऊंचे हो जाने के कारण ऐसा हो रहा है।के कारण बारिश का पानी घरों में घुस जाता है।सदस्य मोहम्मद हकीम ने कहा कि गांव में दर्जनों समस्याएं हैं।लेकिन जानकारी के बावजूद उसके समाधान की दिशा में प्रशासन द्वारा कोई कदम नहीं उठाया जा रहा।ग्रामीणों की मांग है कि चपा गांव में ही एक बूथ जिला प्रशासन बनाए क्योंकि लगभग 4 सौ से अधिक मतदाताओं को अपना मतदान करने के लिए 5 किलोमीटर की दूरी तय करनी होती है।

### डिवाइन पब्लिक स्कूल का छात्र राजेश को ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मिला गोल्ड मेडल



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचों स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल का छात्र राजेश कुमार ने 24वें सब जूनियर स्टेट लेवल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडलिस्ट होने का गौरव प्राप्त किया। 24वें सब जूनियर स्टेट लेवल ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन आइडियल नेशनल स्कूल रांची में दिनांक 5जुलाई से 7जुलाई तक किया गया। इस आयोजन में झारखंड के विभिन्न स्कूलों के बच्चे ने भाग लिया जिसमें डिवाइन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भी भाग लिया और अपना प्रदर्शन कर जीत का परचम लहराया। राजेश कुमार ने बेहतरीन प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया और अपने विद्यालय समेत क्षेत्र का नाम रोशन किया।विदित हो कि इस विद्यालय के बच्चे नेशनल खेलों में चयनित हो रहे हैं। 2024वें नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन में झारखंड से ताइक्वांडो के लिए प्रतिनिधित्व के रूप में डिवाइन पब्लिक स्कूल के राजेश कुमार को चुना गया है। इस मौके पर डायरेक्टर आई पी भारती ने विजेता राजेश का मनोबल बढ़ाया और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही इस स्कूल के प्रधानाचार्या स्वाती रंजन ने राजेश की उपलब्धि पर सराहना करते हुए आशीर्वाद दिया।

# सांप के काटने से ईलाजरत व्यक्ति की सदर अस्पताल में हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता। पाकरटांड़** थाना क्षेत्र के आसनबेड़ा केंउदडीह निवासी बिंदु लोहरा नामक व्यक्ति की जहरीले सांप के काटने से इलाज के क्रम में सोमवार को सिमडेगा सदर अस्पताल में मौत हो गई। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए मृतक के पत्नी ने बताया कि उसके पति बिंदु लोहार रविवार को शाम में खाना खाकर अपने घर में सोया था। इसी दौरान सांप ने उस व्यक्ति को काटा, इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी । परिवार वालों ने तुरंत उसे झाड़फूक करवाने के लिए स्थानीय वैध के पास ले गए। काफी देर तक झाड़फूंक करने के बाद उसे पर किसी प्रकार की कोई भी सुनवाई नहीं हुई तब जाकर परिवार वाले निजी वाहन द्वारा देर रात ही उसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया इधर सदर अस्पताल सिमडेगा लाने के बाद चिकित्सकों की निगरानी में बिंदु लोहरा की इलाज चल रही थी, हालांकि शरीर के अंदर अत्यधिक जहर फैल जाने की वजह से सोमवार की अहले सुबह बिंदु लोहरा की मौत हो गई ।मामले की जानकारी सिमडेगा थाना को दी गई ,जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## सर्पदंश से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत पर पूर्व मंत्री ने किया शोक व्यक्त






**सिमडेगा।** गुमला जिले के पालकोट प्रखंड स्थित डहूपानी पंचायत स्थित लोटवा डुगडुगी गांव में सर्पदंश के कारण एक ही परिवार के तीन लोगों की मृत्यु पर पूर्व मंत्री सह झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस दुःख के घड़ी में झारखंड पार्टी मृतक के परिजनों के साथ खड़ी है। पूर्व मंत्री ने गुमला जिला प्रशासन से मृतक के परिजनों को तत्काल सहायता राशि देने की मांग की है। पूर्व मंत्री ने पंचायत स्तर पर सर्पदंश से संबंधित दवा और इंजेक्शन भी उपलब्ध कराने की मांग की है। ताकि पीड़ितों को अविलंब इलाज मिल सके।

# प्रखंड कार्यालय आधार सेंटर से लैपटॉप चोरी, जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** प्रखण्ड कार्यालय के आधार सेन्टर से आधार सेंटर कक्ष की ताला तोड़ चोर ने आधार से के लैपटॉप पर हाथ साफ कर दिया। आधार सेंटर के संचालक ने बताया की शनिवार को ग्रामीण क्षेत्र आये लोगों का आधार अपटूडेट कार्य किया गया और सेंटर के कमरे को ताला लगा कर चले गये। शनिवार या रविवार रात में चोर ताला तोड कर और खिडकी की ग्रील काट कर आधार सेंटर से लेपटॉप चोरी कर लिये ।सोमवार जब कार्यालय समय पर पहुंचे तो देखा कि दरवाजा में ताला नहीं नही है और अन्दर जाकर देखा तो पता चला की टेबल के दराज में रखा लेपटॉप नहीं है। वहीं संचालक द्वारा इसकी सूचना बीडीओ ठाकुर गौरी शंकर शर्मा को दिया ।वही थाना प्रभारी विनायक पाण्डे को सूचना मिलने पर तत्काल प्रखण्ड कार्यालय में पहुच कर सभी जानकारी लेकर मामला दर्ज कर जांच में जुट गये। गौरतलब हो कि प्रखण्ड कार्यालय में चारो ओर सीसीटीवी कैमरा लगे होने के बावजूद कार्यालय की ताला तोड चोर चोरी की वारदात को अंजाम दिया । प्रखण्ड कार्यालय के अधिकारी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया की सीसीटीवी कैमरा खराब है। घटना के संबंध में थाना प्रभारी ने कहा कि चोरी की घटना की जांच की जा रही है जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## एक नजर

### खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा 11 को आएंगे सिमडेगा

**बानो।** खूंटी लोकसभा के सांसद कालीचरण मुंडा चुनाव जीतने के बाद पहली बार बानो प्रखण्ड का दौरा 11जुलाई को करेंगें। उक्त जानकारी देते हुए जगदीश बागे ने बताया कि सांसद कालीचरण मुंडा का हुरदा क्षेत्र व बानो में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सांसद के बानो आगमन से प्रखड कर्मियों में हर्ष है। सांसद के आगमन को देखते हुए स्वागत की तैयारी में जुट गए हैं। सांसद का जोरदार तरीके से स्वागत किया जाएगा।

### जलडेगा के लंबोई में धारदार हथियार से मारकर युवक की हत्या

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र के लम्बोई खिजुर टोली में 35 वर्षीय लुकास तोपनो नामक एक युवक की धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी गई है। घटना रविवार की बताई जा रही है। सोमवार सुबह पुलिस को सूचना मिलते ही एसआई सोनू कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिए। मामले पर पुलिस ने बताया की इस घटना को अंजाम देने में जो भी लोग शामिल हैं उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस घटना से जुड़ी एक एक बिंदु पर जांच कर रही है।

### ब्लॉक-प्रोजेक्ट खोलने की दिशा में एक सकारात्मक पहल

**रामगढ़।** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र स्थित ऑफिसर्स क्लब में प्रस्तावित ब्लॉक- प्रोजेक्ट के रैय्यतों रैयतों तथा सीसीएल प्रबंधन के बीच एक बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर महाप्रबंधक बिनोद कुमार ने ग्रामीणों को ऊर्जादात बोलकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह एक दिल मिलन समारोह है. जिसमें हम सब आपसी मनमुटाव को भुला कर ब्लॉक-क्क परियोजना जल्द से जल्द शुरू करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि आप सब बहुत सौभाग्यशाली हैं कि आपके जमीन के नीचे ऊर्जा का भंडार मिला है, जिससे कितने गरीब के घर रौशन होंगे, कल-कारखाने चलेंगे।

### भू-अर्जन, राजस्व संबंधित कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

**रामगढ़।** भू-अर्जन, राजस्व संबंधित कार्यों व विभिन्न परियोजनाओं को लेकर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा भारतमाला परियोजना गोला-ओरमांझी एवं कोलकाता-वाराणसी अंतर्गत पैकेजवार एवं मौजावर अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। जिस पर उपायुक्त ने अधिग्रहित भूमि में आने वाले समस्याओं का निष्पादन करते हुए मुआवजा भुगतान करने को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त ने भारतमाला परियोजना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 32 पर चल रहे कार्यों में कुछ एक मामलों में आ रही समस्याओं के मद्दे नजर सर्वे का कार्य कर कर जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पथ निर्माण विभाग, सीसीएल सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### ठेठईटांगर में लीड्स ने प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का किया आयोजन

# महिलाएं सशक्त होंगी तो परिवार भी आगे बढ़ेगा : विपिन पंकज



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** प्रवासी मजदूर परियोजना के द्वारा सोमवार को ठेठईटांगर प्रखंड कार्यालय सभागार में एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में 11 पंचायत के मुखिया शामिल हुए सभी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शुरूआत किया गया। इस कार्यशाला में 55 प्रतिभागी जिसमें 25 पुरूष और 30 महिलाऐं ने भाग लिया। सिमडेगा के लीड्स आफिस से आए परियोजना समान्यक अनुराग रॉबर्ट कुजूर के द्वारा लीड्स संस्था के बारे जानकारी दी गयी साथ ही अलग अलग सरकारी योजनाओं के बारे जानकारी दी गई। उन्होंने प्रवासी मजदूरों से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाएं जैसे मनरेगा, ई-श्रम आयुष्मान भारत योजना आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी और यह बताया कि यह परियोजना सिमडेगा, खूंटी और रामगढ़ में 2022 से युवाओं के कौशल विकास के लिए कार्य कर रही है और लोगों को विभिन्न कौशल विकास संस्थाओं के साथ जोड़ने का काम कर रही है। प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने महिलाओं को आगे आने पर जोर दिया और कहा की महिलाएं सशक्त होंगी तो परिवार भी आगे बढ़ेगा इसलिए महिलाओं को बढ़-चढ़कर व्यवसाय, स्वरोजगार में आगे आना चाहिए। साथ ही लीड्स के द्वारा भी अलग-अलग प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है जैसे सिलाई, ब्यूटीशियन, प्लंबिंग, इलेक्ट्रिशियन, कृषि और पशुपालन आदि। 9 जून 2024 से पांच दिवसीय प्रशिक्षण जिसमें सिलाई, ब्यूटीशियन, प्लंबिंग, इलेक्ट्रिशियन का आयोजन किया जा रहा है जिसकी जानकारी दी गई।

# केरया में धूमधाम से निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठाईटांगर** प्रखंड के केरया पाहनटोली में सोमवार को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा श्रद्धालुओं द्वारा जयकारे के साथ निकाली गई। रथ यात्रा के अंत मे भगवान जगन्नाथ मौसीबाड़ी पहुंचे। रथयात्रा के दौरान पाहनटोली में मेला का आयोजन किया गया था, जिसमें लगे दुकानों से लोगों ने जमकर खरीदारी की। रथयात्रा में आसपास के गांव से भारी संख्या में लोग भाग लिए। यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस मुस्तैद रही। गौरतलब हो प्रत्येक वर्ष 1 दिन बाद यहां पर रथ यात्रा का आयोजन होता है जहां पर उड़ीसा छत्तीसगढ़ सहित आसपास के कई जगह के लोग भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने के लिए पहुंचे ,वहीं इस मौके पर उड़ीसा से आए हुए संकीर्तन की मंडली मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा इधर विधि व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी सच्चिदानंद गुप्ता दलबल के साथ रथयात्रा संपन्न हुआ।

## न्यूज बॉक्स

### बानो रेलखंड में दोहरी लाइन का 10 जुलाई को रेलवे सुरक्षा आयुक्त करेंगे निरीक्षण




**बानो।** हटिया -बंडामुंडा रेल खण्ड के कुरकुरा - कनारोवां स्टेशनों के बीच नवनिर्मित दोहरी लाइन का निरीक्षण 10 जुलाई को रेलवे सुरक्षा आयुक्त द्वारा किया जाएगा। निरीक्षण को लेकर प्रखण्ड के आम जनता को सूचित किया गया है कि निरीक्षण के दौरान हाई स्पीड रेलवे इंजन द्वारा स्पीड ट्रायल किया जाएगा ।आम जनता को सूचित किया गया है कि वे निरीक्षण के समय इन स्टेशनों के बीच रेलवे लाइन के नजदीक न रहें तथा मवेशियों को भी रेलवे लाइन से दूर रखें ।साथ ही फाटक पार करते समय सावधान रहें।समपार फाटक पार करने के पूर्व ट्रेनों की आने की जानकारी ले लें।

### कोलेबिरा में प्रखंड स्तरीय सलाहकार समिति का पुनर्गठन



**कोलेबिरा।** सोमवार को कोलेबिरा प्रखण्ड सभागार में जेएसएलपीएस के माध्यम से जेंडर रिसोर्स सेन्टर को चलाने के लिए प्रखण्ड स्तरीय सलाहकार समिति का पुनर्गठन सह प्रखण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर बताया गया कि जेएसएलपीएस द्वारा लगातार महिला स्वयं सहायता समूह के साथ जुड़कर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतरने का काम कर रही है जिसमें सलाहकार समिति के माध्यम से कई कार्यों को किया जाएगा ।बैठक में प्रखण्ड प्रमुख दुतामी हेमरोम, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विरेंद्र किंडो, स्वास्थ्य प्रभारी के के शर्मा, थाना प्रभारी, जेएसएलपीएस के बीपीएम अगापित लुगुन जिला के सहयोगी संस्था प्रदान से अंशु, डालसा प्रतिनिधि मदन दास एवं सीसी बेलमती बोदरा, उर्मिला देवी, अमित बड़ाइक, जियाउल हक, कलस्टर संचालक अध्यक्ष, सचिव तथा पंचायत से जेंडर सीआरपी, गरीमा सखी और एफटीसी उपस्थित थे।

### विहिप ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन



**पाकरटांड़।** विश्व हिंदू परिषद पाकरटांड की ओर से सोमवार को बाजारटांड के पास कांग्रेसी नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया,इस मौके पर जमकर नारेबाजी की गई ।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष राधेश्याम प्रसाद ने कहा कि जिस प्रकार से सांसद जैसे पवित्र भवन के अंदर राहुल गांधी के द्वारा हिंदुओं को हिंसक बताया है जिससे कि पूरा हिंदू जनमानस के अंदर आक्रोश व्याप्त है ।राहुल गांधी वोट बैंक की राजनीति करने के लिए देश के सबसे बड़े हिंदू समुदाय को लेकर जिस प्रकार टिप्पणी किया है इससे उन्हें कभी माफ नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि लगातार जिस प्रकार से हिंदुओं के ऊपर टीका टिप्पणी की जा रही है यह विश्व हिंदू परिषद बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि सिर्फ एक धर्म को टारगेट करके जिस प्रकार से बोला जाता है इसे साफ जाहिर है कि कांग्रेस पार्टी हिंदू विरोधी पार्टी बन कर रह गई है। वही इस मौके पर बजरंग दल प्रखंड सयोंजक हेमनारायण सिंह,विहिप प्रखंड समिति एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### 14 जुलाई को होने वाले मेगा इंपावरमेंट कैंप को लेकर पीडिजे ने की बैठक



**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के तत्वावधान में पीडिजे राजीव कुमार सिन्हा के कक्ष में आगामी 14 जुलाई को आयोजित होने वाले मेगा इंपावरमेंट कैंप की सफलता हेतु एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला समाज कल्याण पदापिकारी, सिमडेगा, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमडेगा सदर एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, सिमडेगा उपस्थित हुए।बैठक में पीडिजे राजीव कुमार सिन्हा के द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों को उक्त मेग इम्पावरमेंट कैंप में प्रोजेक्ट शिशु, वात्सल्य, सहयोग विषय पर एक स्टॉल लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि बच्चों का उचित देखभाल किया जाय एवं सरकारी योजना का लाभ उन्हें प्रदान किया जाय।

### अलग-अलग सड़क हादसे में दो लोगों की हुई मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा में इन दोनों रफ्तार का कर रुकने का नाम नहीं ले रहा लगातार सड़क हादसे की वजह से लोगों की जान जा रही है बीती रात अलग-अलग जगह पर सड़क हादसे की वजह से दो लोगों की जान चली गई। पहला मामला कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत से प्लस टू स्कूल के पास की है जहां पर जमटोली गांव निवासी बहुरन सिंह नामक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया, इसके बाद मौके पर ही उनकी मौत हो गई । मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया, वहीं दूसरा मामला बानो के जराकेल निवासी आलोक सिंदुरिया की है।

### कांग्रेसी नेता दिलीप तिर्की ने किया क्रूसकेला बगीचाटोली का भ्रमण

# आप चिंता न करें इसका समाधान अंचल अधिकारी से जल्द कराऊंगा



**नवीन मेल संवाददाता। पाकरटांड़** प्रखंड के क्रूसकेला बगीचाटोली गांव का सोमवार को कांग्रेसी नेता दिलीप तिर्की ने भ्रमण कर लोगों की समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने कहा कि लोग अपनी ताकत के बल पर कुछ भी कर जाते लेकिन हम सरकारी तंत्र और कानून व्यवस्था और विश्वास रखते हैं। यहा पर सम्राट सिंह और रामेश्वर सिंह दोनों ने मिलकर अपनी जगह को रोड लेबल करने के लिए बगल बगीचा के पास के सरकारी भूमि से बिना पूछे मिट्टी खोदकर तालाब बना दिए एवं मिट्टी अपने व्यक्तिगत घर को लेबल करने के लिए ले गए। लोगों ने यह भी कहा कि हमने कई बार मना किया लेकिन उनकी दबंगाई के आगे हमारी न चली। अब हालात यह है कि छोटे बच्चे और मवेशियों के लिए यह बड़ा सा गड्ढा मौत का कुंआ बन गया है। दिलीप ने कहा है कि आपकी कानून व्यवस्था पर जो विश्वास है वह नहीं टूटेगा। आप चिंता न करें इसका समाधान अंचल अधिकारी से जल्द कराऊंगा। मौके पर इंटक प्रखंड अध्यक्ष पुनीत मिंज,सुधीर बिंझिया, अनिमा बारला, भूषण तिर्की, मनोज तिर्की सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# बाइक चालक ने मारी राहगीर को टक्कर, दोनों गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** रविवार देर रात टांगर टोली रथ यात्रा से वापस आते बाइक चालक ने गोबरलेछा डैम के समीप राहगीर को बाइक से टक्कर मार दी, जिससे दोनो की स्थिति गंभीर हो गई। घायलो की पहचान सुमित टोप्पो खरवाटोली कुरडेग एवं राहगीर की पहचान एकनाथ साय निवासी बड़की बिउरा के रूप में हुई ।जानकारी के अनुसार सुमित टोप्पो रथ यात्रा देख कर वापस अपने घर आ रहा था, इसी क्रम में गोवरलेछा डैम के समीप अपने साथी के साथ पैदल चल रहे एकनाथ साय को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे एकनाथ साय सड़क पर गीरा वहीं सुमित टोप्पो सड़क से नीचे गिर गया जिससे दोनो को माथे पर गंभीर चोट लगी। एकनाथ साय को साथियों ने कुरडेग अस्पताल पहुंचाया, वहीं सुमित टोप्पो को केरसई थाना के गश्ती दल द्वारा कुरडेग अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। गौरतलब हो बाइक चालक हेलमेट नहीं पहना था, जिससे माथे के अगले हिस्से में गंभीर चोट लगी । कुरडेग अस्पताल में ईलाज के क्रम में सुमित टोप्पो का रक्त श्राव जारी था।

## लाह फैक्ट्री में अग्निशमन विभाग ने आग से बचाव की दी जानकारी



**जलडेगा।** प्रखंड के लाह फैक्ट्री में सोमवार को अग्निशमन विभाग की ओर से आग से बचाव हेतु नौकरी का आयोजन किया गया मौके पर जिला अग्निशमन पदाधिकारी भगवान ओझा मौजूद रहे। जहां पर उन्होंने काम कर रहे सभी लोगों को आग से बचाव के सुरक्षित उपायों की जानकारी दी। मौके उन्होंने कहा यह अगर किसी प्रकार से आग लग जाती है, तो तुरंत आप बिना घबराए आसानी से बताये जा रहे उपायों को करते हुए आग पर काबू पा सकते हैं ।उन्होंने ठोस तरल एवं द्रव तीनों प्रकार से लगने वाले आग के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इसके अलावा उससे बचाव के उपाय बताएं ,वही इस मौके पर विभाग के कई अन्य कर्मी भी उपस्थित रहे।

## अव्यवस्था

### मरीजों को बाहर से खरीदनी पड़ रही दवा, आयुष्मान सेवा फेल

# भुगतान नहीं होने से रोक दी सेवा,मरीज की बढ़ी परेशानी




**विकास साहू। सिमडेगा**
आदिवासी बहुत जिला सिमडेगा में एकमात्र बड़े सदर अस्पताल होने पर यहां का पूरी आबादी सदर अस्पताल पर निर्भर है, लेकिन सदर अस्पताल में इन दोनों इलाज करवाने एवं एडमिट मरीजों को आयुष्मान भारत योजना के तहत मिलने वाली सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा। बताया जा रहा है कि सदर अस्पताल सिमडेगा में इलाज कराने आए मरीजों को बाहर से दवा खरीदना पड़ रहा है जिसके बाद उनका इलाज चल रहा है। जिससे मरीजों के परिजनों की परेशानी बढ़ गयी है। जिले में एकमात्र बड़े अस्पताल होने के वजह से सर्दी खांसी सहित कई प्रकार की जटिल बीमारी को लेकर लोग सिमडेगा सदर अस्पताल पर निर्भर है। सुबह से लेकर शाम तक सदर अस्पताल में लंबी लाइन रहती है मरीजों का जमावड़ा रहता है ,लेकिन अगर आयुष्मान भारत योजना के तहत उनका एडमिट होकर इलाज करवाने की बात होती है, तो मरीज को भर्ती तो कर ली जाती है ,लेकिन आयुष्मान भारत योजना के तहत आधा से अधिक दवा बाहर की होती है और जब परिजन इस दवा को लेने के लिए बाहर जाते हैं तब उसका पैसा देकर खरीद कर लाते हैं और उसके बाद मरीज की इलाज होती है।

### क्या कहते है सिविल सर्जन सिमडेगा

इधर इस मामले में सिविल सर्जन डॉक्टर अजीत खलखो से बात करने पर उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल से सिमडेगा द्वारा आयुष्मान भारत के तहत इलाज रत मरीजों को चिकित्सकों के द्वारा सिर्फ जेनेरिक दवा लिखने का निर्देश दिए गए है और जेनेरिक दवा सदर अस्पताल में उपलब्ध करवाने की कोशिश की जाती है और अधिकांश दवाएं उपलब्ध रहती है ,हालांकि मरीज के परिजन ब्रांडेड दवा लिखवाते हैं तो उन्हें अपने पैसे से खरीदी करते हुए इसका इलाज करवाना होगा। बरहाल कुछ भी कहें आयुष्मान भारत योजना के तहत जिस प्रकार से लोगों को सुविधा मिलनी चाहिए और अगर वह सुविधा नहीं मिल रही है ,तो कहीं ना कहीं सरकार के इस योजना का किसी प्रकार का कोई भी औचित्य नहीं है।

### विभिन्न परियोजनाओं को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन

**रामगढ़।** राजस्व संबंधित कार्यों आधारभूत संरचना तथा विभिन्न परियोजनाओं को लेकर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। भारतमाला परियोजना, वाराणसी कोलकाता एक्सप्रेस-वे परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 33, बरलांगा कसमार सड़क निर्माण सहित अन्य सड़क निर्माण संबंधित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने योजनावार मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया वही संबंधित क्षेत्रों के अंचल अधिकारियों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया संबंधित ग्राम सभा के आयोजन सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

# झापा से जुड़कर विकास में करें सहयोग : एनोस

- ◆कार्यक्रम में कांग्रेस और भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने झारखंड पार्टी का दामन थामा
- ◆विपक्षी पार्टियों की पूरी राजनीति झूठ के पुलिंदे पर टिकी हुई है



**नवीन मेल संवाददाता। केरसई** पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि झारखंड पार्टी ने क्षेत्र का चहुमुखी विकास करने का सपना देखा है। इसी कड़ी में काफी वर्षों तक काम किया गया.। लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद विकास का योजना जिला में अटक गया। विकास को गति देने के लिए आगामी चुनाव में झापा को जितना जरुरी है। ग्रामीण झापा से जुड़ें और जिले के विकास में सहयोग करें। एनोस एक्का प्रखंड के डांड़गांव में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। मौके पर सैकड़ों लोगों ने पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। एनोस एक्का ने कहा कि विपक्षी पार्टियों की पूरी राजनीति झूठ के पुलिंदे पर टिकी हुई है। झारखंड पार्टी सेवा को ही अपना राजनीति धर्म मानती है और इसी धर्म को मानते हुए पार्टी आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि झापा में ग्रामीणों की भागीदारी जितनी अधिक होगी, राष्ट्र का भविष्य उतना ही बेहतर होगा। उन्होंने क्षेत्र की सभी समस्याओं को दूर करने के लिए झारखंड पार्टी को अपना प्यार और स्नेह देने की बात कही। कार्यक्रम में कांग्रेस और भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने झारखंड पार्टी का दामन थामा। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों को पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने पार्टी का अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया। मौके पर अभय विश ?वकर्मा सहित पार्टी के कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। एनोस ने सभी कार्यकताओं को विस चुनाव की तैयारी में अभी से ही लग जाने की अपील की।

## एक नजर

### नाबालिग से छेड़खानी के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**जमशेदपुर।** मानगो सहारा सिटी दुष्कर्म मामले से चर्चा में आए नानक चंद सेठ को मानगो पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पुलिस ने नानक सेठ को नाबालिग से छेड़खानी करने के मामले में गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मानगो थाना में जनवरी 2024 में नानक सेठ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। कोर्ट में दिए गए बयान में पीड़िता ने भी छेड़खानी की बात स्वीकार की थी। जिसके बाद से पुलिस मामले की जांच कर रही थी। मामला सत्य पाए जाने के बाद पुलिस ने सोमवार को आरोपी नानक सेठ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि नानक सेठ के खिलाफ उनकी पत्नी ममता सेठ उर्फ सोनी ने भी प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिस मामले में नानक सेठ ने कोर्ट से अग्रिम जमानत ले रखी है।

### पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने किया विजन सेंटर का उद्घाटन

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के पाटपुर में अवस्थित महिला कल्याण समिति परिसर में पूर्णिमा नेत्रालय एवं नाम्या स्माइल फाउंडेशन द्वारा संचालित निशुल्क नेत्र जांच केंद्र (विजन सेंटर) का शुभारंभ सोमवार को हुआ. जिसका उद्घाटन पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने फीता काटकर किया। इस जांच केंद्र में सप्ताह में हर सोमवार एवं शुक्रवार को मरीजों की निःशुल्क जांच की जाएगी। पूर्णिमा नेत्रालय के चिकित्सक डॉक्टर नीरज पटेल एवं उनकी टीम ने पहले दिन 100 लोगों की नेत्र जांच की। जिसमें चिकित्सक ने 20 मरीजों में मोतियाबिंद पाया। सभी को निःशुल्क ऑपरेशन कर घर तक पहुंचाने की बात कही। इस मौके पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ दिनेश कुमार षाड़ंगी, डॉ बिन्नी षाड़ंगी आदि उपस्थित थे।

### वज्रपात से रामपुर में जला बिजली का ट्रांसफार्मर

**महुआडांड़।** प्रखंड के ग्राम रामपुर के कृषि फार्म में लगा ट्रांसफार्मर पर रविवार की देर रात आसमानी ठनका गिरने से ट्रांसफार्मर जल गया। जिससे कारण पूरे रामपुर सहित कई अन्य मोहल्ले में बिजली सप्लाई पूरी तरह से बाधित है। लोगों को बिजली नहीं मिलने से कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ दुर्गाशंकर सिंह ने बताया कि रामपुर में ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना है। जल्द ही नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली बहाल की जाएगी।

### अतिक्रमण को लेकर 67 लोगों को भेजा गया नोटिस

**कांडी।** बाजार की सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने को लेकर अंचल प्रशासन सख्त है। सीओ राकेश सहाय ने बताया कि कांडी बाजार की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को लेकर 67 लोगों को नोटिस भेजा गया है। थाना के माध्यम से नोटिस का तामिला किया जा रहा है। सभी को बुधवार तक किए गए अतिक्रमण को स्वयं से हटाने का सख्त निर्देश दिया गया है।

### सतगावां में 201 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण

**सतगावां।** प्रखंड के राज्य संपोषित प्लस टू हाई स्कूल बासोडीह के परिसर में सोमवार को छात्र-छात्राओं के बीच दर्जनों साइकिल का वितरण किया गया। इसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय दोनैया के 33 ,उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोठियार के 39, उत्क्रमित मध्य खवासडीह के 22, उत्क्रमित मध्य विद्यालय अंगार के 22, मध्य विद्यालय समयडीह के 28, मध्य विद्यालय जमटोटा के 16, उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुमरी के 13, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोटियारटोला नावाडीह के आठ कुल 201 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इसमें 101 छात्र और 92 छात्राओं को साइकिल दी गई।

# जमशेदपुर में 14 लाख रुपये के गहनों की लूट



**गहनों की लूट में इस्तेमाल की गई बाइक बहरागोड़ा जाने वाली सड़क पर बांसदा के समीप खड़ी मिली**

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

जिले के चाकुलिया प्रखंड के श्यामसुंदरपुर थाना क्षेत्र स्थित पिताजुड़ी चौक में सोमवार सुबह लगभग आठ बजे 14 लाख रुपए के गहनों की लूट हो गई है। बताया जाता है कि सोना दुकानदार उत्तम साव धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र स्थित महुलीशोल के निवासी हैं। वह प्रतिदिन की तरह सुबह बाइक से वे पिताजुड़ी चौक स्थित दुकान पर पहुंचे। दुकान का ताला खोलने लगे, तो देखा कि ताला का छेद बंद है। इसे देखकर वे पास के एक दुकानदार के पास गए और उसे बता रहे थे कि किसी ने ताला के छेद में बालू और फेवीक्विक डालकर उसे बंद कर दिया है। इसी बीच, बाइक पर सवार होकर दो युवक मौके पर पहुंचे। उत्तम साव की बाइक की डिक्की तोड़कर उसमें रखे गहनों से भरा बैग लेकर भाग गए। बैग में लगभग 100 ग्राम सोने के जेवरात तथा 4 से 5 किलो चांदी के जेवरात थे। अपराध को अंजाम देने के बाद लुटेरे जब भाग रहे थे, तभी एक युवक की नजर उन पर पड़ी। उसने लुटेरे का कॉलर पकड़ लिया, लेकिन किसी तरह लुटेरे भागने में सफल रहे। मामले की सूचना श्यामसुंदरपुर थाने की पुलिस को दी गई। श्यामसुंदरपुर थाना के एसआई नरेश राम मामले की छानबीन में जुट गए हैं। गहनों की लूट में इस्तेमाल की गई बाइक बहरागोड़ा जाने वाली सड़क पर बांसदा के समीप एनएच के किनारे खड़ी मिली है। पुलिस उस बाइक के सहारे लुटेरों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। दुकान के पास मौजूद स्थानीय लोगों ने बताया है कि लुटेरों ने हेलमेट भी नहीं पहना था। अंदाजा लगाया जा रहा है कि लुटेरे काफी समय से सोना दुकान और उसके मालिक की रेकी कर रहे थे। सोना दुकान के बाहर सीसीटीवी कैमरा नहीं होने का भी लुटेरों ने फायदा उठाया।

# गिरिडीह पुलिस ने एक और करोड़पति साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

### आरोपी मुंबई के वर्ली साइबर सेल के एक मामले में भी पहले जा चुका है जेल



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

साइबर पुलिस ने दूसरी बार एक और करोड़पति साईबर ठग को दबोचा है। इसकी पुष्टि सोमवार को एसपी दीपक कुमार शर्मा ने करते हुए बताया कि मुफ्फसिल थाना इलाके के गपेय गांव से सोनू वर्मा को दबोचा गया। जो करोड़ों के संपति का मालिक है। एसपी के अनुसार सोनू वर्मा के शातिर अपराधी होने का खुलासा पूर्व में गिरफ्तार महेन्द्र मंडल कर चुका था। जानकारी के अनुसार महेंद्र मंडल ने ही सोनू वर्मा के बारे में पूरा डीटेल बताया था। इसके बाद साइबर डीएसपी आबिद खान ने गुप्त सूचना के आधार पर गपेय गांव में सोनू वर्मा को उस वक्त दबोचा गया। सोनू वर्मा के खिलाफ कई थानों में केस दर्ज है। मुंबई के वर्ली साइबर सेल के एक मामले में भी पहले जेल जा चुका है। पुलिस के पूछताछ में सोनू ने अपने पास करोड़ो के संपति होने का खुलासा किया। जिसमें हजारीबाग में 50 लाख मूल्य का एक आलीशान फ्लैट, जिले के बेंगाबाद के साठीबाद और महुआर गांव में दो करोड़ का एक एक एकड़ जमीन है जिसे सोनू वर्मा ने अपने परिजनों के नाम पर खरीदा। टाटा कंपनी का 50 लाख का ट्रक भी शामिल है। इसके अलावा दो लाख का एक बाइक एक दो लाख की इलेक्ट्रिक स्कूटी भी खरीदा है। बताया गया कि सोनू वर्मा की गिरफ्तारी गिरिडीह पुलिस एक बड़ी उपलब्धि मान कर चल रही है। पूछताछ के क्रम में सोनू वर्मा ने बताया कि लड़की का फोटो इस्तेमाल कर युवाओं को फंसता था, और न्यूड वीडीओ काल कर उनसे ठगी करता। कैशबैक के नाम पर ही ठगी किया करता था।

## न्यूज बॉक्स

### मोहर्रम को लेकर बहरागोड़ा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा थाना परिसर में मोहर्रम को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। शांति समिति के सदस्यों ने विभिन्न समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। बैठक में डीसीएलआर एनएन सुरीन ने कहा कि बहरागोड़ा आपसी एकता का प्रतीक है। उन्होंने भाईचारे के साथ पर्व त्योहार को मानने की अपील की। बीडीओ केशव भारती, सीओ भोला शंकर महतो आदि ने भी अपने-अपने विचार रखें। संचालन एसआई राहुल कुमार ने किया। इस मौके पर स्वपन कुमार माहतो, आदित्य प्रधान, दिलीप साव, बापू साव, असित मिश्रा, मिंटू पाल, पानसोरी हांसदा, ललित मांडी, मदन मन्ना, राजकुमार कर, तरुण मिश्रा, अभिजीत जाना, मकसूद अंसारी, खलील खान, परवेज आलम, मो। इकबाल,अब्दुल कायम, जब्बार खान, रहीम खान, अजीमउद्दीन एवं कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सेल ने शुरू किया गुवा शहीद स्मारक का सौंदर्यीकरण

**जमशेदपुर।** गुवा बाजार स्थित शहीद स्थल का सौन्दर्यीकरण का कार्य सेल की गुवा प्रबंधन द्वारा युद्ध स्तर पर प्रारंभ किया गया है। शहीद स्थल पर बरसात के मौसम में जल जमाव हो जाता था। इससे गुवा गोलीकांड से जुड़े शहीद दिवस के दिन शहीदों को श्रद्धांजलि देने आने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इसी परेशानी को देखते हुए शहीद स्थल एवं स्मारक को ऊंचा करने का कार्य प्रारंभ किया गया है। इससे यहां होने वाले जलजमाव से मुक्ति मिल जाएगी। झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता वृंदावन गोप ने इसके लिये गुवा प्रबंधन के प्रति आभार जताया है।

### योग शिक्षक सह उत्कृष्ट कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन



**जमशेदपुर।** परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी मंदिर परिसर बिष्टुपुर में सोमवार को पतंजलि योग परिवार पूर्वी सिंहभूम द्वारा योग शिक्षक सह उत्कृष्ट कार्यकर्ता सम्मान सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें 20 नव प्रशिक्षित योग शिक्षक और पूरे जिले से 80 उत्कृष्ट योग कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पतंजलि किसान सेवा समिति झारखंड के राज्य प्रभारी करम कोइरी थे। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पतंजलि के योग शिक्षक जिस तरह से निःशुल्क और निःस्वार्थ भावना से लोगों के बीच योग का शिक्षण प्रशिक्षण का कार्य करते हैं वह अनमोल है। घर-घर यज्ञ और घर-घर योग से ही स्वस्थ, समृद्ध और वैभवशाली भारत का निर्माण हो सकता है। समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में जाने-माने मोटिवेशनल मैनेजमेंट गुरु चंदेश्वर खां ने भी संबोधित किया। मौके पर भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी अजय कुमार झा, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ। मनीष डुड़िया, परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी मंदिर समिति के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष कुमार ठाकुर, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी कृष्ण कुमार, जिला यज्ञ प्रभारी आशुतोष कुमार झा और सैकड़ों पतंजलि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुंडा टोला से पीएलएफआई उग्रवादी बाबू गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। आनंदपुर**

पीएलएफआई उग्रवादी बाबू उर्फ रिंकू साहू को आनंदपुर थाना क्षेत्र के मुंडा टोला से रविवार देर शाम पुलिस ने गिरफ्तार किया. उसे सोमवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार बाबू उर्फ रिंकू साहू के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा और एक आइटेल कंपनी का मोबाइल बरामद किया है। मामले को लेकर पुलिस ने कांड संख्या 10/24 धारा -329(4)351(2) बीएनएस 25(IB)26 आर्म्स एक्ट के तहत उसे जेल भेज दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जयदीप लकड़ा ने पत्रकारों को बताया कि आनंदपुर मुंडा टोला निवासी विकास चंपिया द्वारा गुप्त सूचना मिली थी की पीएलएफआई उग्रवादी रिंकू साहू हथियार के साथ मुंडा टोला में घूम रहा है और बंदूक की नोंक पर डरा धमका कर जबरदस्ती हथियार विकास के घर पर रख दिया है। सूचना पर पुलिस ने टीम गठित कर मुंडा टोला में छापेमारी अभियान चलाया। इस क्रम में पुलिस को आता देख उग्रवादी रिंकू साहू हथियार लेकर भागने लगा। वहीं पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से उग्रवादी रिंकू को खदेड़ कर पकड़ लिया। उसके पास से एक देसी कट्टा और मोबाइल बरामद किया गया है। छापेमारी टीम में एसआई सदानंद कुमार, हवलदार राज बहादुर, सोर्जन होरो, गुरुचरण सोय आदि मौजूद थे।

# आदित्यपुर में 1983 सर्वे सेटलमेंट लागू कराने के लिए करेंगे आंदोलन : रमेश

**नवीन मेल संवाददाता। आदित्यपुर**



भाजपा नेता रमेश हांसदा ने कहा कि 1983 सर्वे सेटलमेंट आदित्यपुर में लागू कराने को लेकर जल्द आंदोलन करेंगे। वह सोमवार को यहां प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। भाजपा नेता ने कहा कि वे इस मुद्दे को चुनावी मुद्दा बनाते हुए वर्षों से बसे लोगों को जमीन का हक दिलाने हेतु जन आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में टाटा कंपनी ने 1907 से ही लौह का निर्माण शुरू कर दिया था। निर्माण में लगे हजारों मजदूर अगल-बगल के क्षेत्र से लाए गए। इनमें अधिकतर आदिवासी मूलवासी शामिल हैं। इसके साथ ही आदित्यपुर में भी रैयतों से जमीन अधिग्रहण करके औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण किया गया। इसमें भी काम करने के लिये हजारों लोग झारखंड और अन्य प्रांतों से यहां आये।

**पैसे के अभाव में लोगों ने नहीं खरीदी रैयती जमीन**

सरकार ने औद्योगिक क्षेत्र तो बना दिया, लेकिन यहां काम करने वालों के रहने की कोई व्यवस्था नहीं की। पैसे के अभाव में ये लोग रैयती जमीन नहीं खरीद पाए और सरकारी जमीन पर बसना शुरू किया। अब इस क्षेत्र में 43 से अधिक बस्तियां बस गई हैं। सरकार ने भी इन लोगों को मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सड़क, राशन सभी तरह की सुविधा मुहैया करा दी है। लेकिन अवैध तरीके में बसे होने के कारण कई अन्य लाभों से वंचित रहना पड़ रहा है। सरकार के नियम के मुताबिक कोई व्यक्ति 30 साल से ज्यादा किसी भी सरकारी जमीन पर बस जाता है तो उस जमीन पर उसका हक हो जाता है। अब भाजपा इसकी लड़ाई लड़ेगी। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्र की बस्तियों में जन जागरण करेंगे। प्रेस वार्ता में भाजपा नेता विशु महतो, अभिजीत दत्ता, माइकल महतो, महाजन साव, केदार जायसवाल, राजेश गोप आदि शामिल थे।

### विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण

**गिरिडीह।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर सोमवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी, श्रीकांत या विस्पुते और उप निर्वाचन पदाधिकारी रंथु महतो ने 32 गिरिडीह विधानसभा अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्र समेत केंद्र संख्या 17 और 18 का निरीक्षण किया। इस बाबत सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि 32 गिरिडीह विधानसभा अंतर्गत लो परसेंटेज वाले बूथों पर विशेष फोकस किया गया है। उन बूथों पर अवेयरनेस को भी बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही इस दौरान कुछ मतदाताओं से मिलकर उन्हें प्रपत्र 6, 7 और 8 के बारे में बतलाया गया तथा मतदान के महत्व और निर्वाचन प्रणाली की महत्ता की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि 01 जुलाई 2024 अहतार्युक्त व्यक्ति फॉर्म 06 भर सकते हैं।

# जिला निर्माण संघर्ष समिति घाटशिला ने एसडीओ ऑफिस के सामने दिया धरना

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**



जिला निर्माण संघर्ष समिति घाटशिला की ओर से घाटशिला को जिला बनाने की मांग को लेकर सोमवार को घाटशिला अनुमंडल कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। समिति के संयोजक भाजपा नेता लखन मार्डी ने धरना प्रदर्शन में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि जमशेदपुर की उपनिवेशवाद की गुलामी ने घाटशिला को गर्त में धकेल दिया। यहां की जनता आज भी पश्चिम बंगाल और ओडिशा के भरोसे जिंदा है। स्वास्थ्य सेवा झाड़ग्राम, बारीपदा, भुवनेश्वर व कटक के अस्पतालों के भरोसे है। यहां की शिक्षा व्यवस्था बदहाल है। यहां की सड़कें बदहाल हैं। लखन मार्डी ने कहा कि जब घाटशिला मेन रोड पर घुटना से ऊपर कचरा पानी बहता हो तो इस क्षेत्र की जनता सुदुरवर्ती इलाकों के गांव में किस तरह से रहती है यह कल्पना की जा सकती है। पेयजल की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। यहां के लोग आज भी पीएम आवास, आबुआ आवास, वृद्धा पेंशन जैसी सुविधाओं से वंचित हैं। टाटा कंपनी की गोद में फलने फूलने वाले नेता और अधिकारी इस क्षेत्र के आम जनमानस की समस्या को नहीं समझ पाते। इसलिए घाटशिला को जिला बनाना अति आवश्यक है। जिसमें घाटशिला और बहरागोड़ा दो अनुमंडल बने हों। मिश्रेश्वर ने कहा इस क्षेत्र के लोगों के साथ भारी अन्याय हुआ है। जब सरायकेला, खरसावां, सिमडेगा, लोहरदगा, रामगढ़ आदि क्षेत्र जिला बन सकता है तो घाटशिला की अवश्य सुधि ली जानी चाहिए थी। भाजपा नेत्री एवं समाजसेवी गीता मुर्मू ने कहा कि संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक घाटशिला जिला नहीं बनेगा। सभा का संचालन प्रदीप कुमार पिंटू ने किया। धन्यवाद ज्ञापन समाज सेवी तपन बेरा ने किया। मुख्य रूप से प्रो सुबोध सिंह, हेमंत नारायण देव, विश्वनाथ बेहरा, सत्या तिवारी, संजय महाकुड़, सुजन मन्ना, कौशिक कुमार, मंटू प्रजापति, दीपक दंडपाट के साथ बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

# दुबई में काम करने गए जमशेदपुर के दो युवक फंसे, एसएसपी से लगाई वापस लाने की गुहार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के आजादनगर बगानशाही से काम करने दुबई गए दो युवक दुबई में फंस गए हैं। परिजनों ने एसएसपी से दोनों को वापस लाने की गुहार लगाई है। इस संबंध में परिजनों ने एसएसपी से मिलकर लिखित शिकायत की है। आजादनगर थाना क्षेत्र के बगानशाही निवासी फारुक और आफताब आलम अंसारी को मानगो में एक ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के संचालक आमीर ने दुबई की एक अच्छी कंपनी में नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। दोनों युवकों से आमीर ने 75-75 हजार रुपये लिए थे। 1 जून को दोनों ने मुंबई से दुबई के लिए उड़ान भरी। दुबई पहुंचने के बाद दोनों को पता चला कि जिस कंपनी में उन्हें काम करने को कहा गया है वह दूसरी कंपनी है और वेतन भी कम है। कंपनी ने दोनों से एक एग्रीमेंट भी साइन करवाया जिसमें लिखा गया है कि दो साल से पहले कंपनी नहीं छोड़ सकते। अगर दो साल से पहले कंपनी छोड़ा तो छह हजार दिहरम ( 1.20 लाख) रुपये देने होंगे। इधर, जब फारुक और आफताब ने विरोध किया तो कंपनी ने दोनों को निकाल दिया और दोनों के पासपोर्ट भी रख लिए।


## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार
जिला– लातेहार

### आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार अन्तर्गत नए/पुराने/प्लॉट/व्यापारी वर्ग /गैर व्यापारी वर्ग जिन्होने अभी तक अपने व्यवसाय का Trade Licence नही बनवाया है या नवीकरण नही कराया है एवं वैसे मकान मालिक जिन्होने अपने आवासीय /गैर आवासीय भवनों का Holding Tax अबतक जमा नही किया है या गलत तरीके से Assessment कराया है या कई वर्शों से Holding Tax की बकाया राशि अबतक जमा नही किया है। वैसे सभी होल्डिंगधारी एवं व्यापारी वर्ग को निदेश दिया जाता है कि आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर गलत तरीके से किये गये Assessment को Re-Assessment करा लें एवं Trade Licence/Holding Tax का बकाया नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में स्वतः जमा करें, अन्यथा जॉचोपरान्त दोशी पाये जाने पर नियमानुसार अर्थ दण्ड शुल्क की वसूली नगर पंचायत, लातेहार द्वारा की जायेगी, जिसके लिए नए/पुराने/प्लॉट/व्यापारी वर्ग /गैर व्यापारी वर्ग/आवासीय एवं गैर आवासीय मकान मालीक स्वंय जिम्मेवार या दोशी होगें।

अतः सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर M/S SPARROW SOFTECH PVT LTD से या कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार के जन सूविधा केन्द्र से सम्पर्क कर अपना Trade Licence/Holding Tax का ससमय भुगतान करना सूनिश्चित करें। उक्त संदर्भ में किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर HelpLine Number **नगर प्रबंधक– 8757678835 एवं कर संग्रहणकर्ता – 9113414057, टीम लिडर– 9709111979** से सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 328954 (Urban Development) 24-25 (D)


# बीडीओ ने सौंपा दिव्यांगता लाभ का प्रमाण पत्र, कहा- जनहित कार्य पहली प्राथमिकता



**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी मनिष कुमार ने कार्यालय कक्ष में सोमवार को लाभुक सेमु कुमारी को दिव्यांगता लाभ का प्रमाण पत्र सौंपा। प्रमाण पत्र मिलने से लाभुक के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। बीडीओ ने कोई भी जनहित कार्य के लिए बिचौलियों से बचने की सलाह दिते हुए लाभुक को स्वंय से ही कार्यालय पहुंच कर आवेदन करने को कहा। ताकि लाभुक को कार्यालय का चक्कर नहीं काटना पडे। जरुरतमंद लाभुक को आवश्यकता अनुसार तत्काल लाभ दिया जाएगा। मौके पर प्रधान सहायक जयप्रकाश पाठक के अलावा अन्य उपस्थित थे।

### अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर फुटपाथ दुकानदार विक्रेता संघ ने की बैठक

**गिरिडीह।** फुटपाथ दुकानदार विक्रेता संघ की एक बैठक सोमवार को अंटा बंगला मैदान में हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा व संचालन संघ के सचिव मोहम्मद अफगान ने किया। बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि अनुमंडल पदाधिकारी और उपनगर आयुक्त से स्टेशन रोड में दुकान लगाने पर सहमति मांगी जाएगी। निर्णय लिया गया कि गांधी चौक से बड़ा चौक तक फुटपाथ की दुकानों को हटा देने से गरीबों के रोजगार पर बुरा असर पड़ेगा और इससे सभी फुटपाथ दुकानदार कर्ज के तले दब जाएंगे इसलिए अनुमंडल पदाधिकारी को सभी फुटपाथ दुकानदारों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का अवलोकन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह सभी चाहते हैं कि शहर स्वच्छ और जाम मुक्त रहे और इसके लिए वह प्रशासन का सहयोग भी करना चाहते हैं, लेकिन प्रशासन भी उनकी समस्याओं को देखे। बैठक में कोषाध्यक्ष मोहम्मद इकबाल, अंजली कुमारी बहादुर वर्मा आदि मौजूद थे।

# जिलास्तरीय रोजगार मेला का किया गया आयोजन

**अलग-अलग सेक्टर की 21 बड़ी कंपनियों ने भाग लिया**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

नगर भवन में जिला नियोजनालय गिरिडीह के द्वारा सोमवार को जिलास्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन सम्मानित जनप्रतिनिधि व वरीय अधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। रोजगार मेला की शुरुआत जिला नियोजन पदाधिकारी के द्वारा स्वागत अभिभाषण के साथ किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने रोजगार सृजन मेला में लगाएं गए 21 कंपनियों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। मेला में सांकेतिक रूप से ऑन स्पॉट दर्जन भर चयनित युवक-युवतियों के बीच नियुक्ति पत्र सौंपा गया। मेले में गिरिडीह जिले के 1500 से 2000 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिसमें से 156 युवक-युवतियों का चयन किया गया तथा 453 युवक-युवतियों को शॉर्टलिस्टेड किया गया। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी ने कहा कि गिरिडीह जिले के युवाओं को बेहतर से बेहतर रोजगार के विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि जिले में बड़ी-बड़ी कंपनियों के द्वारा जिले के युवाओं को चिन्हित कर रोजगार मुहैया कराया जा सके। जिससे कि उनका भविष्य बेहतर हो सके। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का मनोबल बढ़ेगा और उनको रोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना
### (e-Procurement Call)

ई– निविदा सूचना संख्या – 07/2024-25/RWD/SIMDEGA    दिनांक – 06-07-2024

**1.कार्य की विस्तृत विवरणी:मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना (4515)**

| क्र० सं० | प्रखंड | आईडेन्टीफिकेशन संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | टेंडर कॉल संख्या | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बानो | RWD/ SIM / 07/2023-24 | बॉकी मोड़ से महाबुआँग मोड़ भाया गंझुटोली, बुधवाटोली, कमलाबेड़ा, कम्पुन्दा, बहादा हेलगढ़ा स्कूल तक पथ निर्माण कार्य। (लं०–7.800 कि०मी०) | 906.343 (नौ करोड छह लाख चौंतीस हजार तीन सौ रूपये मात्र) | प्रथम | 18 महिना |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 09-07-2024
3. ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 30-07-2024 अपराह्न 05:00 बजे तक।
4. ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 01-08-2024 अपराह्न 11:30 बजे।
5. ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।
6. ई– निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06525-299956 एवं मोबाईल नम्बर 9973512046
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि विभागीय पत्रांक 3130 अनु० दि० 09-10-2023 के निर्देशानुसार केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,सिमडेगा

PR 328924 Rural Development(24-25).D

# डायबटीज की राजधानी बनता भारत और झारखंड

**झारखंड** की पहचान एक मेहनती और सक्रिय राज्य के रूप में है जहां के जंगल पहाड़ों और दुर्गम गांवों के बीच रहने वाले ईमानदार लोग कठिन परिश्रम से न सिर्फ अपना बल्कि राज्य का नाम रौशन करते रहे हैं। यही कारण है कि यहां के मजदूरों की मांग देश ही नहीं विदेशों तक में है और सदियों से इन्होंने असम से लेकर अंडमान निकोबार को समृद्ध किया है। पर अब एक नवअभिजात्य वर्ग उभरा है जो शारीरिक परिश्रम नहीं करने से बीमारियों का शिकार हो रहा है। झारखंड ही नहीं भारत में बढ़ती शारीरिक अकर्मण्यता एवं आलसीपन एक समस्या के रूप में सामने आ रहा है, लोगों की सक्रियता एवं क्रियाशीलता में कमी आना एवं वयस्कों में शारीरिक निष्क्रियता का बढ़ना चिन्ता का सबब है। इस दृष्टि से प्रतिष्ठित लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की वह हालिया रिपोर्ट आईना दिखाने वाली है जिसमें पचास फीसदी भारतीयों के शारीरिक श्रम न करने का उल्लेख है। महिलाओं की स्थिति ज्यादा चिंता बढ़ाने वाली है। उनकी निष्क्रियता का प्रतिशत 57 है। वैसे अकेले पुरुषों की निष्क्रियता का प्रतिशत 42 है। इस अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया है कि अगर वर्तमान में तेजी से पसर रहा आलसीपन एवं शारीरिक निष्क्रियता इसी तरह जारी रहा तो 2030 तक भारत में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता वाले वयस्कों की संख्या बढ़कर साठ प्रतिशत तक पहुंच जायेगी, जो चिन्ताजनक है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आधी वयस्क आबादी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के शारीरिक गतिविधि संबंधी मानदंडों को पूरा नहीं कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के वयस्कों में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता का पैमाना 2000 में 22.3 फीसदी से बढ़कर 2022 में 49.4 फीसदी हो गई है, साथ ही इसमें बताया गया है कि देश में महिलाएं पुरुषों की तुलना में ज्यादा शारीरिक रूप से ज्यादा निष्क्रिय हुई हैं। इस निष्क्रियता, आलसीपन एवं उदासीनता का कारण बढ़ते उपभोक्तावाद एवं शहरीकरण से उपजी सुविधावादी एवं आरामदायक जीवनशैली है। इसके कारण बीमारियां भी बढ़ रही है। क्योंकि जब व्यक्ति को सुस्त, निढ़ाल एवं निस्तेज देखा जाता है तो इसका सीधा अर्थ यही लगाया जाता है कि शायद उसकी तबीयत ठीक नहीं है। विडम्बना यह भी है कि समय के साथ विस्तृत होने दायरे के बीच ज्यादातर लोगों की व्यस्तता तो बढ़ी है, मगर उनकी शारीरिक सक्रियता, उत्साह एवं जोश में तेजी से कमी आई है, जो नये बनते भारत एवं सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प के सामने एक बड़ी चुनौती है। भविष्य के झारखंड को लेकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश की साठ प्रतिशत आबादी अगर शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं रहे तो आने वाले वक्त में यहां की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक रूप से कैसी तस्वीर बनेगी। लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की हालिया रिपोर्ट आंख खोलने वाली है, रिपोर्ट गंभीर चिन्तन-मंथन की आवश्यकता को भी उजागर कर रही है। यह जानते हुए भी कि भारत लगातार मधुमेह और हृदय रोग जैसी बीमारियों में जकड़ता हुआ बीमार राष्ट्र बनता जा रहा है। इन असाध्य बीमारियों का कारण कहीं-न-कहीं श्रम की कमी एवं सुविधावादी जीवनशैली ही है। दरअसल, आजादी के बाद देश में आर्थिक विकास को गति मिली है। अब हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। औसत भारतीय के जीवन स्तर में सुधार जरूर आया है तो आम नागरिक का जीवन सुविधावादी भी बना है। इस संकट की वजह शहरीकरण और जीवन के लिये जरूरी सुविधाओं का घर के आस-पास उपलब्ध हो जाना भी है, आनलाइन प्रचलन भी बड़ा कारण बन रहा है। पहले देश की साठ फीसदी से अधिक आबादी कृषि व उससे जुड़े श्रमसाध्य कार्यों में सक्रिय थी। लेकिन अब मेहनतकश किसान को कोई शारीरिक श्रम करने की जरूरत नहीं पड़ती है, कृषि की ही तरह अन्य श्रम से जुड़े कार्यों में भी मेहनत एवं श्रम पहले ही तुलना में कम करना पड़ता है क्योंकि धीरे-धीरे कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में आधुनिक यंत्रों व तकनीकों ने शारीरिक श्रम की महत्ता को कम किया है। कृषि-क्रांति से बड़ी संख्या में निकले लोगों ने शहरों को अपना ठिकाना बनाया, लेकिन वे शारीरिक सक्रियता को बरकरार नहीं रख पाये। इन स्थितियों ने भी व्यक्ति को आलसी, अकर्मण्य एवं सुस्त बनाया है। इस शारीरिक निष्क्रियता के मूल में भारतीय पारिवारिक संरचना व सांस्कृतिक कारण भी हैं।

इन दिनों

# मध्यवर्गीय परिवारों को केंद्र से है आर्थकि मामलों में राहत की आस


प्रहलाद सबनानी

**जुलाई** 2024 माह में शीघ्र ही केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूर्णकालिक बजट पेश किया जाने वाला है। हाल ही में लोक सभा के लिए चुनाव भी सम्पन्न हुए हैं एवं भारतीय नागरिकों ने लगातार तीसरी बार एनडीए की अगुवाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता की चाबी आगामी पांच वर्षों के लिए इस उम्मीद के साथ पुनः सौंप दी है कि आगे आने वाले पांच वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा देश में आर्थिक विकास को और अधिक गति देने के प्रयास जारी रखे जाएंगे। अब केंद्र सरकार में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शीघ्र ही केंद्रीय बजट पेश करने जा रही हैं। पिछले लगातार दो वर्षों के बजट में पूंजीगत खर्चों की ओर इस सरकार का विशेष ध्यान रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 7.50 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान पूंजीगत खर्चों के लिए किया गया था और वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस राशि में 33 प्रतिशत की राशि की भारी भरकम वृद्धि करते हुए 10 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान पूंजीगत खर्चों के लिए किया गया था। हालांकि, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भी 11.11 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में केवल 11 प्रतिशत ही अधिक है। इस राशि को यदि 33 प्रतिशत तक नहीं बढ़ाया जा सकता है तो इसे कम से कम 25 प्रतिशत की वृद्धि के साथ आगे बढ़ाने के प्रयास होना चाहिए अर्थात वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपए की राशि के स्थान पर 12.5 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान पूंजीगत खर्चों के लिए किया जाना चाहिए। किसी भी देश की आर्थिक प्रगति को गति देने के लिए पूंजीगत खर्चों में वृद्धि होना बहुत आवश्यक है और फिर भारत ने तो वित्तीय वर्ष 2023-24 में 8 प्रतिशत से अधिक की आर्थिक विकास दर की रफ्तार को पकड़ा ही है। आर्थिक विकास की इस वृद्धि दर को बनाए रखने एवं इसे और अधिक आगे बढ़ाने के लिए पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करना ही चाहिए। आर्थिक विकास दर में तेजी के चलते देश में रोजगार के नए अवसर भी अधिक मात्रा में विकसित होते हैं। जिसकी वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारत को बहुत अधिक आवश्यकता भी है। भारत में पिछले 10 वर्षों के दौरान विकास की दर को तेज करने के चलते ही लगभग 25 करोड़ नागरिक गरीबी रेखा के ऊपर उठ पाए हैं एवं करोड़ों नागरिक मध्यवर्ग की श्रेणी में शामिल हुए हैं। अब भारत में गरीबी की दर 8.5 प्रतिशत रह गई है जो वित्तीय वर्ष 2011-12 में 21.1 प्रतिशत थी। गरीबी की रेखा से बाहर आए इन नागरिकों एवं मध्यवर्गीय नागरिकों ने देश में उत्पादों की मांग में वृद्धि करने में अहम भूमिका निभाई है। साथ ही, कर संग्रहण में भी इस वर्ग ने महती भूमिका अदा की है। आज प्रत्यक्ष कर संग्रहण लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता हुआ दिखाई दे रहा है तथा वस्तु एवं सेवा कर भी अब औसतन लगभग 1.80 लाख करोड़ रुपए प्रतिमाह से अधिक की राशि के संग्रहण के साथ आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। साथ ही, भारतीय रिजर्व बैंक ने भी वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 2 लाख करोड़ से अधिक की राशि का लाभांश केंद्र सरकार को उपलब्ध कराया है तो सरकारी क्षेत्र के बैंकों/उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित कर केंद्र सरकार को भारी भरकम राशि का लाभांश उपलब्ध कराया है, जबकि कुछ वर्ष पूर्व तक केंद्र सरकार को सरकारी क्षेत्र के बैंकों के घाटे की आपूर्ति हेतु इन बैंकों को बजट में से भारी भरकम राशि उपलब्ध करानी होती थी। कुल मिलाकर इस आमूल चूल परिवर्तन से केंद्र सरकार के बजटीय घाटे में भारी कमी दृष्टिगोचर हुई है। केंद्र सरकार का बजटीय घाटा कोविड महामारी के दौरान 8 प्रतिशत से अधिक हो गया था जो अब वित्तीय वर्ष 2024-25 में घटकर 5.1 प्रतिशत तक नीचे आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस प्रकार, अब यह सिद्ध हो रहा है कि केंद्र सरकार ने न केवल अपने वित्तीय संसाधनों में वृद्धि करने में सफलता अर्जित की है बल्कि अपने खर्चों को भी नियंत्रित करने में सफलता पाई है। पूंजीगत खर्चों में वृद्धि के साथ ही, केंद्र सरकार द्वारा अपने बजट में मध्यवर्गीय नागरिकों को आय कर की राशि में छूट देने का प्रयास भी वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में किया जाना चाहिए। क्योंकि, प्रत्यक्ष कर संग्रहण में हो रही भारी भरकम 25 प्रतिशत की वृद्धि इसी वर्ग के प्रयासों के चलते सम्भव हो पा रही है। मध्यवर्गीय नागरिकों के हाथों में अधिक राशि पहुंचने का सीधा सीधा फायदा अर्थव्यवस्था को ही होता है। मध्यवर्गीय नागरिकों के हाथों में यदि खर्च करने के लिए अधिक राशि पहुंचती है तो वह विभिन्न उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देता है इससे इन उत्पादों की मांग में वृद्धि दर्ज होती है और इन उत्पादों का उत्पादन बढ़ता है। उत्पादन बढ़ने से रोजगार के नए अवसर अर्थव्यवस्था में निर्मित होते हैं एवं कम्पनियों द्वारा विनिर्माण इकाईयों का विस्तार किया जाता है तथा निजी क्षेत्र में भी पूंजीगत निवेश बढ़ता है। कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था के चक्र को बढ़ावा मिलता है जो अंततः देश के कर संग्रहण में भी वृद्धि करने में सहायक होता है। मध्यवर्गीय परिवार के आय कर में कमी करने से बहुत सम्भव है कि भारत में औपचारिक अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिले। क्योंकि कई देशों में यह सिद्ध हो चुका है कि कर की राशि को कम रखने से औपचारिक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है इससे कर की दर को कम करने के उपरांत भी कर संग्रहण में वृद्धि होते हुए देखी गई है। ऐसा कहा जाता है कि भारत में अभी भी अनऔपचारिक अर्थव्यवस्था औपचारिक अर्थव्यवस्था के करीब करीब बराबरी पर ही चलती हुए दिखाई देती है। हालांकि केंद्र सरकार द्वारा अर्थव्यवस्था में आर्थिक व्यवहारों के भारी मात्रा में डिजिटलीकरण करने के उपरांत भारत की अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाने में बहुत मदद मिली है और इसी के चलते ही वस्तु एवं सेवा कर का संग्रहण लगभग 1.80 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्रतिमाह के स्तर पर पहुंच सका है। अतः कुल मिलाकर देश में मध्यवर्गीय परिवारों की संख्या जितनी तेज गति से आगे बढ़ेगी देश का आर्थिक विकास भी उतनी ही तेज गति से आगे बढ़ता हुआ दिखाई देगा। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**



## आपकी बात

# नैति योगिक क्रिया साइनस रोग से बचाव करती है: योगाचार्य महेशपाल


योगाचार्य महेशपाल



**नेति** षट्कर्म नासिका मार्ग को साफ करने और शुद्ध करने की प्रक्रिया है, जिसमें गुनगुना नमकींन जल, सूत्र (धागा) दूध और घी का प्रयोग किया जाता है। जिससे साइनस में जमा हुआ मैल बाहर निकलता है और संतुलित श्वास को बढ़ावा मिलता है। योगाचार्य महेशपाल बताते हैं की नेति हठयोग में वर्णित एक महत्वपूर्ण शरीर शुद्धि योग क्रिया है। नेति, षटकर्म का महत्वपूर्ण अंग है। नेति मुख्यतः सिर के अन्दर वायु-मार्ग को साफ करने की क्रिया है। हठयोग प्रदीपिका और घेरंड सहिता में नेति के बहुत से लाभ वर्णित हैं।

**नेति के मुख्यतः दो रूप हैं :** जलनेति तथा सूत्रनेति। जलनेति में जल का प्रयोग किया जाता है; सूत्रनेति में धागा या पतला कपड़ा प्रयोग में लाया जाता है जलनेति में पानी से नाक की सफाई की जाती और आपको साइनस, सर्दी, जुकाम , पोल्लुशन, इत्यादि से बचाता है। जलनेति में नमकीन गुनगुना पानी का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें पानी को नेटिपोट से नाक के एक छिद्र से डाला जाता है और दूसरे से निकाला जाता है। फिर इसी क्रिया को दूसरी नॉस्ट्रिल से किया जाता है। अगर संक्षेप में कहा जाए तो जलनेति एक ऐसी योग है जिसमें पानी से नाक की सफाई की जाती है और नाक संबंधी बीमारीयों से आप निजात पाते हैं। जलनेति दिन में किसी भी समय की जा सकती है। यदि किसी को जुकाम हो तो इसे दिन में कई बार भी किया जा सकता है। इसके लगातार अभ्यास से यह नासिका क्षेत्र में कीटाणुओं को पनपने नहीं देती। सूत्र नेति में, गीली डोरी या पतली सर्जिकल ट्यूबिंग की लंबाई को सावधानीपूर्वक और धीरे से नाक के माध्यम से मुंह में डाला जाता है। फिर छोर को मुंह से बाहर निकाला जाता है और दोनों सिरों को एक साथ पकड़कर बारी-बारी से डोरी को नाक और साइनस से अंदर और बाहर खींचा जाता है। इसका उपयोग नाक को साफ करने और नाक के पॉलीप्स को हटाने के लिए भी किया जाता है। सूत्र नेति एक नाक साफ करने वाला योगाभ्यास है जिसमें नाक के क्षेत्र और बाहरी श्वसन क्षेत्रों को नरम धागे की मदद से साफ किया जाता है। नेति योग क्रिया का अभ्यास योग गुरु या योगाचार्य के मार्गदर्शन मैं ही किया जाना चाहिए, साइनस नाक के आसपास चेहरे की हड्डियों के भीतर नम हवा के रिक्त स्थान हैं, जिन्हें 'वायुविवर' या साइनस कहते हैं। साइनस पर उसी श्लेष्मा झिल्ली की परत होती है, जैसी कि नाक और मुँह में। जब किसी व्यक्ति को जुकाम तथा एलर्जी हो, तो साइनस ऊतक अधिक श्लेष्म बनाते हैं एवं सूज जाते हैं। साइनस का निकासी तंत्र अवरुद्ध हो जाता है एवं श्लेष्म इस साइनस में फँस सकता है। बैक्टीरिया, कवक एवं वायरस वहाँ विकसित हो जाते हैं तथा वायुविवरशोथ,या साइनसाइटिस रोग का कारण बन जाते हैं।

अपराध

# साइबर अपराधियों और करप्शन से बचाना होगा बैंकों को


आर.के.सिन्हा

**नरेन्द्र** मोदी सरकार के केन्द्र में लगातार तीसरी बार सत्ता पर काबिज होने के बाद एक उम्मीद पैदा हुई है कि सरकार अब बैंकिंग सेक्टर को अधिक पारदर्शी और बेहतर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाती रहेगी। बीते कुछ सालों के दौरान, भारतीय बैंकों ने जितने उतार-चढ़ाव झेले हैं, शायद किसी अन्य देश ने नहीं झेला होगा। कई भारतीय बैंक अनेक घोटालों-घपलों, ऋण अदायगी न होने, जालसाजियों, अनर्जक परिसम्पत्तियों (नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स) के बढ़ते बोझ, कर्जमाफी की गलत नीतियों आदि के कारण कई बार तो पूरी तरह डूब गए या भारी घाटे में चले गए। इससे निपटने के लिए पूर्ववर्ती केंद्र सरकारों ने कुछ कदम भी उठाए, लेकिन, इनके आधे-अधूरे कार्यान्वयन से आशातीत सफलता नहीं मिली। लेकिन, राहत की बात है कि मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षों में बैंकिंग क्षेत्र में फैली


> **राहत की बात है कि मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षों में बैंकिंग क्षेत्र में फैली गड़बड़ियों को दूर करने के लिए अनेक फौरी कदम उठाए, जिससे बैंकों की स्थिति में अब धीरे-धीरे सुधार आने लगा है।**

गड़बड़ियों को दूर करने के लिए अनेक फौरी कदम उठाए, जिससे बैंकों की स्थिति में अब धीरे-धीरे सुधार आने लगा है। नेक घोटालेबाजों की सम्पत्ति कुर्क कर ऋण वसूली भी की गई है, बैंकों का पुनर्पूंजीकरण किया गया और अनर्जक परिसम्पत्तियों का बोझ काफी कम हुआ है। क्या यह सुखद स्थिति नहीं है कि 2013 से 2017 के बीच बैंकों की अनर्जक परिसम्पत्तियां 12.47 प्रतिशत थी, जो धीरे-धीरे लुढ़कते हुए सितंबर 2023 में 3.2 प्रतिशत हो गई, भले ही इसमें सरकार द्वारा बैंकों के पुर्नपूजीकरण का एक महत्वपूर्ण योगदान रहा। अब सवाल यह है कि क्या बैंकों में सुधार की वर्तमान स्थिति भविष्य में भी जारी रहेगी या 'लौट के बुद्धु घर आए' की कहावत चरितार्थ होगी? यह उबड़-खाबड़ स्थिति सोचने को विवश करती है कि जब तक लंबे समय तक सुधार प्रक्रिया जारी नहीं रहेगी, तब तक समस्या का स्थायी निराकरण संभव नहीं है। इस विषय पर वरिष्ठ लेखक श्रीपाल जैन की हालिया प्रकाशित पुस्तक -'भारतीय बैंकों का बदलता चेहरा' उपरोक्त विविध पहलुओं का बखूबी विश्लेषण करती है। आजादी से पहले और बाद में बैंकों में घोटालों, महाघोटालेबाजों, जालसाजी के हथकंडों, बैंकिंग में साइबर अपराधों, येस बैंक के उत्कर्ष एवं पतन, अनर्जक परिसम्पत्तियों के मकड़जाल आदि का विस्तृत विवरण दिया गया है। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## फेसबुक वॉल से

Shashi Ranjan Singh
11 h ·

Patratu Lake and Patratu Lake resort - A awesome tourist place in Jharkhand t... See more




83 · 18 comments
Like · Comment · Send · Share

Shashi Ranjan Singh
यहाँ शादी भी कर सकते हैं!
Like · Reply · 1

## X - से

लोक पंक्तियाँ @Lokpanktiyan · 1d
यह सवाल उसे शर्मिंदा कर देता है...💔



बेरोज़गार

यह सवाल उसे शर्मिन्दा कर देता है
कि क्या कर रहा है वह आजकल

वह डकैती नहीं डालता
वह तस्करी नहीं करता
वह हत्याएँ नहीं करता
वह फ़रेबी वादे नहीं करता
वह देश नहीं चलाता

फिर भी यह सवाल उसे शर्मिन्दा कर देता है
कि क्या कर रहा है वह आजकल

कवि - देवी प्रसाद मिश्र

The Poetic House and 6 others
6 · 262 · 1.4K · 86K

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# राजस्थान भाजपा में चल रही उठा पटक


नीरज कुमार दुबे

**किरोडी** लाल मीणा इस्तीफा वापस लेंगे या नहीं, इन अटकलों के बीच उनकी पत्नी तथा पूर्व मंत्री गोलमा देवी का भी बयान सामने आ गया है। उन्होंने कहा है कि लोग अफवाहें फैला रहे हैं कि बड़े पद की लालसा में डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया है। राजस्थान भाजपा में चल रही उठापटक पर पार्टी नेतृत्व की नजर बनी हुई है और बताया जा रहा है कि जल्द ही कोई सर्वमान्य फॉमूर्ला निकाल कर सबकी नाराजगी दूर की जा सकती है। हम आपको बता दें कि सात महीने पुरानी भजन लाल शर्मा सरकार तब मुश्किल में नजर आई जब हाल ही में कृषि मंत्री किरोडी लाल मीणा ने बताया कि उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। किरोडी लाल को मनाने का प्रयास मुख्यमंत्री ने किया, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया मगर बात नहीं बनी। अब किरोडी लाल मीणा के इस्तीफे का मामला केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुलझाएंगे। संभवतः इस सप्ताह के अंत तक यह मामला सुलझ जाने के आसार बताये जा रहे हैं। किरोडी लाल मीणा के इस्तीफे को लेकर राजस्थान में तमाम तरह की कयासबाजियां भी चल रही हैं। विपक्ष जहां इसे भाजपा के अंदरूनी घमासान के तौर पर देख रहा है वहीं राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि यह प्रेशर पॉलिटिक्स है। हालांकि खुद किरोडी लाल मीणा कह चुके हैं कि उनकी संगठन या मुख्यमंत्री से कोई नाराजगी नहीं है। लेकिन फिर भी उनके इस्तीफे को लेकर कई तरह की बातें चल रही हैं। पहले कहा गया कि वह अपने लिए सरकार में उपमुख्यमंत्री पद चाहते हैं तो अब कहा जा रहा है कि किरोडी किरोड़ी लाल मीणा अपने भाई जगमोहन मीणा के लिए दौसा संसदीय सीट से टिकट चाहते थे लेकिन पार्टी ने उनकी बात नहीं सुनी। हम आपको बता दें कि भाजपा ने दौसा से कन्हैया लाल मीणा को टिकट दिया था जोकि चुनाव हार गये। बताया जा रहा है कि किरोडी लाल मीणा इस बात के लिए भी नाराज हैं कि दौड़ में होने और योग्य तथा अनुभवी होने के बावजूद उन्हें राजस्थान विधानसभा चुनावों के बाद मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। यही नहीं, उनसे उम्र तथा अनुभव में काफी छोटे नेताओं को राजस्थान का उपमुख्यमंत्री बना दिया गया। यह भी बताया जा रहा है कि किरोडी लाल मीणा को इस बात की भी नाराजगी है कि उन्हें कृषि विभाग तो दिया गया लेकिन अक्सर उसके साथ ही मिलने वाले ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग को उनके तथा एक अन्य मंत्री मदन दिलावर के बीच विभाजित कर दिया गया। किरोडी लाल मीणा इस्तीफा वापस लेंगे या नहीं, इन अटकलों के बीच उनकी पत्नी तथा पूर्व मंत्री गोलमा देवी का भी बयान सामने आ गया है। उन्होंने कहा है कि लोग अफवाहें फैला रहे हैं कि बड़े पद की लालसा में डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया है। गोलमा देवी ने कहा कि इन अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा कि किरोडी लाल मीणा पूर्व में वसुंधरा सरकार से भी इस्तीफा दे चुके हैं, तब भी उन्होंने मनाये जाने के बावजूद इस्तीफा वापस नहीं लिया था। गोलमा देवी ने कहा कि उनके पति के लिए विधायक और मंत्री पद कोई मायने नहीं रखता है। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## बोधि वृक्ष

# मध्यप्रदेश के शारदा मंदिर का रहस्य

**इस** मंदिर को लेकर कई तरह के दावे किये जाते है जो रहस्यों से भरे हुए है। मध्यप्रदेश में यूँ तो बहुत से मंदिर है लेकिन आज हम बात सतना जिले में बसे मैहर माता मंदिर की करने जा रहे है। इस मंदिर को लेकर कई तरह के दावे किये जाते है जो रहस्यों से भरे हुए है। कहा जाता है कि मंदिर के कपाट बंद होने के बाद सुबह मंदिर के कपाट खुलने से पहले आज भी सदियों पुराने राजा आल्हा और उदल माता की सबसे पहले पूजा करते है। लेकिन दावा ये भी है कि आज तक इनको कोई नहीं देख पाया है और जो देख लेता है वो जिंदा नहीं बचता है। इस मंदिर से जुड़ी आपको इन राजा की कहानी बताएँगे। इससे पहले ये जानते है कि आखिर ये मंदिर कहां बसा हुआ है और इस मंदिर की क्या खास बात हैं?

**क्यों हैं मंदिर खास?**



मैहर माँ शारदा का सबसे प्रसिद्ध मंदिर है जो मध्यप्रदेश के त्रिकुट पर्वत की मालाओं की बीच जमीन से 600 फीट की ऊँचाई पर स्थित है। इस ऐतिहासिक मंदिर को माता के 108 शक्तिपीठों में से एक माना जाता है। कहा जाता है कि यहाँ माता सती का हार आकर गिरा था। इसी कारण इस मंदिर का नाम शारदा माता मंदिर पड़ा। इस मंदिर की खास बात ये है कि ये एक ऐसे पर्वत पर बसा है जो त्रिकुट के बिलकुल मध्य में स्थित है।

(क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

# मानसून के दौरान इस मोड में चलाएं AC

**बारिश** के मौसम में एसी ठीक तरह से ठंडी हवा दे इसके लिए हमें इसकी सेटिंग और मोड बदलना जरुरी है। बता दें कि एसी में अलग-अलग मौसम के लिए तरह-तरह के मोड्स दिए जाते हैं। मानसून सीजन में उमस से बचने के लिए हमें एसी की सेटिंग बदल देना चाहिए। मानसून का मौसम देश के हर कोने-कोने में देखने को मिल रहा है। बारिश होने से गर्मी से काफी राहत तो मिल गई है लेकिन इससे उमस और चिपचिपाहट की समस्या काफी बढ़ गई है। वहीं कूलर और पंखे उमस गर्मी में तो थोड़ी राहत दे देते हैं लेकिन उमस को हटाने के लिए यह नाकाम रहते हैं। एसी गर्मी से साथ ही मानसून के मौसम में बड़ी मदद करते हैं। बरसात के मौसम में उमस भरी गर्मी के लिए एयर कंडीशनर सबसे बेहतर ऑप्शन है। मानसून के सीजन में एसी की सेटिंग में कुछ बदलाव करने से उमस और चिपचिपाहट को रूम से दूर सकते हैं। वहीं आप एसी को मई जून वाली सेटिंग में चलाते हैं तो यह ठीक से कूलिंग नहीं देगा और रूम में उमस भी बढ़ जाएगी।



**बारिश में इस मोड में चलाएं ऐसी**

आजकल जितने भी एसी मार्केट में मौजूद हैं उनमें ज्यादातर नई टेक्नोलॉजी पर कार कर रहे हैं। अलग-अगल मौसम के हिसाब से स्प्लिट एसी और विंडो एसी दोनों में ही अलग-अलग मोड्स भी दिए जाते हैं। मौसम के हिसाब से आप एसी के अलग-अलग मोड्स का इस्तेमाल कर सकते हैं।

(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### मप्र : बालाघाट में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया 14 लाख का इनामी नक्सली



**बालाघाट।** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में हट्टा थाना क्षेत्र के कोठियाटोला में सोमवार तड़के पुलिस और नक्सली के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें पुलिस ने 14 लाख के इनामी नक्सली उकास सोहन को मार गिराया। बालाघाट के पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हट्टा थाना नातृगत कोठियाटोला सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुए एक्सचेंज ऑफ फायर में 14 लाख का इनामी नक्सली को सुरक्षाबलों के जवानों ने ढेर कर दिया है। मृतक की पहचान उकास सोहन के रूप में हुई है। वह बस्तर बीजापुर का रहने वाला था। क्षेत्र में ऑपरेशन जारी है। घटना के बाद जिले में अलर्ट जारी कर दिया गया है।

### बब्बर खालसा का आतंकवादी पंजाब पुलिस की गिरफ्त में

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर सिमरनजीत बबलू को गिरफ्तार किया है, जो बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) का सदस्य है। सिमरनजीत बबलू एसबीएस नगर में पूर्व आतंकवादी रतनदीप सिंह की गोली मारकर हत्या करने के मामले में शामिल था। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, इस मॉड्यूल को पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर रिंदा और अमेरिका स्थित गोपी नवांशहरिया संचालित कर रहा था। उन्होंने कहा कि भारी मात्रा में गोला-बारूद के साथ-साथ अत्याधुनिक हथियार बरामद किए गए हैं। आगे की जांच जारी है। इस बीच बीएसएफ ने कहा कि दो अलग-अलग तलाशी अभियानों में एक पाकिस्तानी ड्रोन और हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया गया है।

# मुंबई में छह घंटे में 300 मिमी बारिश हुई, सड़कों पर भरा पानी

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में बीती रात से हो रही भारी बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया। लगातार हो रही बारिश से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को कल्याण-कसारा सेक्शन में खडावली और टिटवाला के बीच लंबा ट्रैफिक जाम लग गया और लोकल ट्रेन सेवाएं भी बाधित हुईं हैं। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने कहा कि मुंबई में आज सुबह 1 बजे से 7 बजे तक यानि कुल छह घंटे में विभिन्न स्थानों पर 300 मिमी से ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। कुछ निचले इलाकों में भारी बारिश के कारण जलभराव हो गया और ट्रेन सेवाएं बाधित हुईं। सड़कों पर पानी भर जाने के कारण यातायात बाधित हुआ है। मध्य रेलवे ने बताया कि भारी बारिश के कारण जलभराव हो गया है, जिससे मुंबई उपनगरीय और हार्बर लाइनों पर रेल यातायात में देरी हो रही है। प्रभावित स्टेशनों में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, कुर्ला-विक्रोली और भांडुप शामिल हैं।



इसके अलावा, मुंबई-गुजरात, मुंबई-पुणे, मुंबई-कोल्हापुर सेक्टरों में हजारों यात्रियों को ले जाने वाली ट्रेनें भी या तो रद्द कर दी गई या देरी से चल रही हैं। कई ट्रेनें स्टेशनों पर ही रुकी हुई हैं।

मुंबई में सांताक्रूज, अंधेरी, जोगेश्वरी, मलाड, कांदिवली और दहिसर समेत कई सबवे में 3-5 फीट पानी भर गया और पूर्व-पश्चिम यातायात बाधित हो गया। कल्याण, डोंबिवली, उल्हासनगर, ठाणे, भांडुप, कुर्ला, सायन और वडाला के पास रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया, जिससे उपनगरीय ट्रेनें प्रभावित हुईं।

दहिसर, बोरीवली, कांदिवली, मलाड, जोगेश्वरी, अंधेरी, सांताक्रूज, सायन, वडाला, कुर्ला, घाटकोपर, भांडुप और अन्य स्थानों पर कई आवासीय परिसरों में पानी भर गया।

### ट्रेनों पर भी असर



### राहत शिविरों में रह रहे लोगों से मिले राहुल गांधी

# राहुल पहुंचे मणिपुर, दौरे से पहले जिरिबाम में गोलीबारी

एजेंसी

**इंफाल :** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी हिंसाग्रस्त राज्य मणिपुर के दौरे पर हैं। मणिपुर पहुंचकर उन्होंने सबसे पहले राहत शिविरों में रह रहे लोगों से मुलाकात की। राहुल गांधी के दौरे से पहले जिरिबाम क्षेत्र में सोमवार की सुबह अज्ञात बंदूकधारियों ने गोलीबारी की। सुबह के साढ़े तीन बजे अज्ञात लोगों ने इलाके में गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी मैतेई इलाके में की गई।

गोलीबारी की जानकारी पाकर सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे। सुबह के सात बजे तक सुरक्षाकर्मियों और बंदूकधारियों के बीच गोलीबारी जारी रही। बता दें कि मणिपुर में पिछले एक साल से जातीय हिंसा जारी है। जिरिबाम में पीड़ितों से मिलने के बाद राहुल गांधी इंफाल



एयरपोर्ट पहुंचे। शाम में वह राज्यपाल से मिलेंगे। जिरिबाम में पीड़ितों से मिलने के बाद राहुल गांधी चुराचांदपुर जिले में तुइबोंग के मंडप पहुंचे। यहां उन्होंने राहत शिविरों में रह रहे लोगों से मुलाकात की। राहुल गांधी तीसरी बार मणिपुर का दौरा कर रहे हैं। राज्य में पिछले साल जातीय हिंसा शुरू होने के बाद जून 2023 में वह मणिपुर आए थे और इस साल की शुरूआत में उन्होंने भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत भी इसी राज्य से की थी।

**मणिपुर में जारी है जातीय हिंसा :** मैतेई समुदाय को एसटी का दर्जा दिए जाने की मांग के विरोध में पिछले साल तीन मई को पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद झड़पें शुरू हुई थीं। राज्य में तब से अब तक कम से कम 160 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। हिंसा में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं।

### मणिपुर सालों से अपने प्रधानमंत्री की राह देख रहा : मनोज झा



**पटना।** आरजेडी सांसद मनोज झा ने राहुल गांधी के मणिपुर दौरे पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मणिपुर के लोग पिछले कई सालों से अपने प्रधानमंत्री की राह देख रहे हैं। क्या प्रधानमंत्री का फर्ज नहीं बनता की वह वहां जाएं? राहुल गांधी तीसरी बार वहां जा रहे हैं। पीएम मोदी मणिपुर नहीं जाते हैं, वह मणिपुर का जिक्र तक नहीं करते, लोगों को इससे दुख होता है।

### हम हमेशा आवाज उठाते रहेंगे : सपा



**लखनऊ।** राहुल गांधी के मणिपुर दौरे को समाजवादी पार्टी ने मणिपुर दर्द बांटने की कोशिश बताया है। सपा प्रवक्ता फखरुल हसन ने कहा, मणिपुर पर कभी ध्यान नहीं दिया गया। मणिपुर के साथ ऐसा व्यवहार किया गया, जैसे वो इस देश का हिस्सा ही ना हो। पीएम ना ही मणिपुर जाते हैं और ना ही उस पर कुछ बोलना चाहते हैं। उन्हें मणिपुर जाना चाहिए था। लोगों से मुलाकात करनी चाहिए थी।

### बिहार में पिछले 24 घंटे के दौरान वज्रपात से 12 लोगों की मौत



**पटना।** बिहार के सात जिलों में पिछले 24 के दौरान वज्रपात की चपेट में आकर 12 लोगों की मौत हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वज्रपात से हुई इन मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि आपदा की इस घड़ी में वह प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पिछले 24 घंटे के दौरान वज्रपात की चपेट में आकर जमुई और कैमूर में तीन-तीन, रोहतास में दो, सारण, सहरसा, भोजपुर और गोपालगंज में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई है। नीतीश कुमार ने मृतक के परिजनों को आज ही चार-चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी तरह से सतर्कता बरतें, वज्रपात से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए सुझावों का अनुपालन करें, खराब मौसम के दौरान घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

## न्यूज बॉक्स

### राजद और कांग्रेस ने सिर्फ जनता को लूटने का काम किया : विजय सिन्हा



**कटिहार।** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा सोमवार को रुपौली विधानसभा उपचुनाव में चुनाव प्रचार के लिए जाने के क्रम में कटिहार में मीडिया को संबोधित किया। विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल के मिरचाईबाड़ी आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में उपमुख्यमंत्री ने राजद और कांग्रेस पर जमकर हमला करते हुए कहा कि लालू प्रसाद का सपना था कि तेजस्वी यादव को बिहार किसी भी तरह से बिहार का मुख्यमंत्री बनाये। लेकिन उनका सपना पूरा होने वाला नही है। विजय सिन्हा ने कहा कि राजद और कांग्रेस अपने शासन काल में सिर्फ और सिर्फ जनता को लुटा लूटने का काम किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह 2010 के विधानसभा चुनाव में राजद सिर्फ 22 सीटों पर सिमट गई थी आने वाले 2025 के बिहार विधानसभा के चुनाव में राजद 25 सीट भी नही ला पाएगी।

### यूपी सरकार ने कांवड़ यात्रा के दौरान हथियारों के प्रदर्शन पर रोक लगाई



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने कांवड़ यात्रा के दौरान हथियारों के प्रदर्शन पर रोक लगाने के संबंध में एक एडवाइजरी जारी की है। सीएम योगी सरकार की एडवाइजरी के अनुसार, एक महीने तक चलने वाली कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे और धार्मिक गाने तय सीमा के भीतर बजाए जाएंगे। कांवड़ यात्रा 22 जुलाई से शुरू हो रही है जो 19 अगस्त तक चलेगी। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि यात्रा के मद्देनजर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यात्रा शुरू होने वाले मार्गों पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। इसके अलावा 21 जुलाई की मध्य रात्रि से दिल्ली एक्सप्रेसवे, देहरादून एक्सप्रेसवे और चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। डीजीपी ने आगे कहा कि कांवड़ियों को भाला, त्रिशूल या किसी भी तरह का हथियार लेकर न चलने की सलाह दी जाती है। कांवड़ यात्रा मार्ग पर डीजे बजाने पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा, लेकिन ध्वनि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार तय सीमा के भीतर होनी चाहिए।

### पुणे : हिट एंड रन केस में एक कांस्टेबल की मौत, एक घायल




**पुणे।** पुणे से हिट एंड रन का एक और मामला सामने आया है। यहां एक तेज रफ्तार कार ने एक कांस्टेबल की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। यह दुर्घटना उस समय हुई जब पुलिसकर्मी पुराने मुंबई-पुणे राजमार्ग पर मोटरसाइकिल से गश्त कर रहे थे। यह घटना हैरिस ब्रिज के पास रात करीब 1.45 बजे हुई, जब खड़की पुलिस स्टेशन से जुड़े दोनों पुलिसकर्मी पुराने राजमार्ग के बोपोडी क्षेत्र में रात्रि गश्त पर थे। एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने अचानक उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी और कुछ ही देर बाद अंधेरे में गायब हो गया। बाद में कुछ ग्रामीण दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को इसकी सूचना दी। जिसके बाद तुरंत टीम को मौके पर भेजा गया। कांस्टेबल समाधान कोली (42) को हाईवे पर हिंसक तरीके से फेंका गया, जिनकी तुरंत मौत हो गई, जबकि उसके कनिष्ठ सहयोगी संजोग शिंदे (36) को पुणे शहर के रूबी हॉल क्लिनिक में भर्ती कराया गया है। पुणे पुलिस और अन्य टीमों ने लापता अपराधी को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है, वहीं हाईवे और रास्ते में अन्य जगहों पर लगे सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने शिंदे की स्थिति के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए अस्पताल का दौरा किया।

### कर्नाटक में प्रेम प्रस्ताव ठुकराए जाने पर नाबालिग लड़की ने बच्ची को कुएं में फेंका



**यादगीर।** कर्नाटक के यादगीर जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक नाबालिग लड़की ने प्रेम प्रस्ताव ठुकराए जाने पर गुस्से में तीन साल की एक बच्ची को कुएं में फेंक दिया। बता दें कि तीन साल की बच्ची के चाचा ने नाबालिग लड़की का प्रेम प्रस्ताव ठुकरा दिया था, जिसके बाद उसने यह अपराध किया। अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि मृतक बच्ची की पहचान मीनाक्षी के रूप में हुई है। वह यादगीर शहर के अंबेडकर लेआउट में रहने वाले नागेश और चिट्टेम्मा नामक दंपति की बेटी थी। पुलिस के अनुसार आरोपी नाबालिग लड़की पड़ोस के घर में रहती थी और उसे बच्ची के चाचा यल्लप्पा से प्यार हो गया था। जब आरोपी ने यल्लप्पा को अपनी भावनाएं बताईं तो उसने उसे अस्वीकार कर दिया। लेकिन आरोपी लड़की ने उसे प्रपोज करना जारी रखा। यल्लप्पा के अस्वीकार करने से गुस्साई नाबालिग लड़की ने 6 जून को बच्ची को मौका देखकर कुएं में फेंक दिया। बाद में जब परिवार ने बच्ची की तलाश शुरू की तो कुएं में उसका शव मिला। यादगीर सिटी पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और पूछताछ के बाद नाबालिग लड़की को हिरासत में ले लिया। आरोपी ने अपराध कबूल करते हुए कहा कि वह बच्ची के चाचा से प्यार करती थी, मगर उसने उसके प्यार को अस्वीकार कर दिया, जिसके बाद उसने यह कदम उठाया। इस मामले में अभी विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

### पूर्वी चंपारण के एक आर्केस्ट्रा में हथियार लहराने वाले दो युवक हुए गिरफ्तार



**पूर्वी चंपारण।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चद्रहिया गांव में एक डांस प्रोग्राम में कट्टा लहराने के वायरल वीडियो का सत्यापन करने के बाद पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एसपी कांतेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर सदर डीएसपी 2 जितेश पांडे के नेतृत्व में गठित टीम ने इस मामले का उद्वेदन करते हुए दोनो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों युवक सूरज कुमार व चंदन कुमार चंद्रहिया का ही बताया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 6 जुलाई की आधी रात को एक डांस प्रोग्राम के दौरान कट्टे को हाथ में लेकर बारी - बारी से दोनो युवक नर्तकी के साथ डांस कर रहे थे। वही इस वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस कप्तान के निर्देश पर टीम का गठन किया गया और पुलिस टीम ने दोनों युवक को गिरफ्तार किया। मामले में आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। युवकों के पास से एक देशी कट्टा, 1 जिंदा कारतूस व दो मोबाइल फोन व एक बाइक जब्त किया गया है।

## आज का राशिफल

**मेष** — आपका दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी और आपको आय के नए-नए स्रोत मिलेंगे। आपकी आय के सोर्स बढ़ने से आपको खुशी होगी। आप परिवार के सदस्यों की जरूरतों की पूर्ति भी आसानी से कर पाएंगे।

**वृषभ** — आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा। आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। आपको अपने परिवार में किसी सदस्य से अपने मन की बात को कहने का मौका मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहेगा।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप जोखिम उठाने से बचें, नहीं तो आपको उसमें कोई भारी नुकसान हो सकता है। आपने यदि किसी मित्र के कहने में आकर बिजनेस के किसी स्कीम में धन लगाया, तो वह आपके लिए बेकार रहेगी।

**कर्क** — आपके लिए साझेदारी में किसी काम को करने के लिए रहेगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आर्थिक मामलों में आपको सावधान रहना होगा। आपका कोई विरोधी आज आपको परेशान कर सकता है। माता-पिता से आज कोई भी बात ना छुपाए नहीं तो उन्हें इस बात का बुरा लग सकता है।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। करियर में भी आज आपको अच्छा लाभ मिलता दिख रहा है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ किसी कहीं घूमने जा सकते हैं।

**कन्या** — सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपने यदि किसी से कुछ पुराना कर्ज लिया था, तो उसे भी आप आसानी से उतार पाएंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी कोई जिम्मेदारी भरा काम मिलने से आप परेशान रहेंगे। सरकारी नौकरी के प्रयासो में लगे लोगों को सफलता मिलने की संभावना है।

**तुला** — आपके लिए किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखने के लिए रहेगा। आपको किसी धन संबंधित मामलों मे बहुत ही सावधान रहकर काम करना होगा। आपकी कोई पुरानी गलती कार्यक्षेत्र में अधिकारियों के सामने बड़ी हो सकती है, जिसका असर आपके प्रमोशन पर पड़ेगा।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। गृहस्थ जीवन में आपकी खुशियां बढ़ेंगी और दोनों के बीच प्रेम गहरा होगा। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। आप किसी काम को लेकर योजना तो बनाएंगे, लेकिन आपके उसे पूरे होने में विघ्न बाधा तो आयेगी।

**धनु** — आज का दिन रोजगार की तलाश कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। कुछ मौसमी बीमारियां आपको अपनी चपेट में ले सकती है। नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहे लोगों को सावधान रहना होगा।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको किसी बात को लेकर तनाव बना रहेगा। आप अपने कामों को कल पर टालने से बचें, नहीं तो उनमें आपको कोई समस्या खड़ी हो सकती है। आप जीवनसाथी के लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं।

**कुम्भ** — आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अच्छा लाभ मिलेगा। आपको किसी अनजान व्यक्ति से लेनदेन करने से बचना होगा। कारोबार में आपकी साख चारों ओर फैलेगी और आपके सहयोगी भी कामों में आपकी पूरी मदद करेंगे।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। संतान पक्ष की ओर से आपको खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपके प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होगी। किसी नए काम की शुरूआत करने में आपके परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा।

## गिरिराज सिंह ने तेजस्वी को 90 के दशक को याद करने की दी सलाह

एजेंसी



**बिहार।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार में अपराध को लेकर तेजस्वी यादव के बयान का जवाब दिया है। सोमवार को दिल्ली के लिए रवाना होने से पूर्व पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने तेजस्वी यादव को अपने पिता के शासन काल को याद करने की सलाह दी। गिरिराज सिंह ने कहा तेजस्वी यादव 90 की दशक याद कर लें और चोर चोरी के खिलाफ बोले तो अच्छा नहीं लगता है। उन्होंने तेजस्वी को 90 के दशक की याद दिलाई है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि अगर चोर चोरी के बारे में बात करें तो अच्छा नहीं लगता है। बिहार में अपराध को लेकर बिहार सरकार की ओर से कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है। तेजस्वी यादव इन दिनों बिहार सरकार पर हमलावर हैं। तेजस्वी महंगाई, अपराध और लगातार ध्वस्त हो रहे पुल मामले को लेकर लगातार तेजस्वी यादव पर हमला बोल रहे हैं। तेजस्वी आए दिन बिहार में हो रहे अपराध का क्राइम बुलेटिन भी जारी करते हैं। तेजस्वी यादव ने बीते दिन बढ़ते अपराध पर ट्विट कर कहा था कि प्रदेश में सत्ता संपोषित अपराधी बेखौफ बेलगाम है। बिहार में कानून व्यवस्था की क्या स्थिति है यह बताने के लिए आपको कोई विशेषण ध्यान में आए तो बता दीजिएगा।

### ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट से झटका

## जारी रहेगी संदेशखाली मामले की सीबीआई जांच

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संदेशखाली में महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हथियाने व राशन घोटाले से जुड़े सभी मामलों की जांच सीबीआई को सौंपे जाने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की अर्जी को खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार किसी शख्स को बचाने की कोशिश क्यों कर रही है। दरअसल, 5 मार्च को कलकत्ता हाईकोर्ट ने ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट ने कहा था कि आरोपित शाहजहां शेख काफी प्रभावी व्यक्ति हैं और उसका सत्ताधारी दल से संबंध है। राज्य की पुलिस ने उसे बचाने के लिए लुका-छिपी का खेल खेला। उल्लेखनीय है कि ईडी अधिकारी तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख के यहां छापा मारने गए थे, जहां उन पर हमला किया गया था। हाई कोर्ट में ईडी ने पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की थी जिसके बाद शाहजहां शेख को सीबीआई को सौंपा गया।

### विचार

### राष्ट्रपति ने पुरी के समुद्र तट पर बिताया समय, कहा

## जीवन का सार समझाती है प्रकृति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार सुबह पवित्र शहर पुरी के समुद्र तट पर कुछ समय बिताया। श्री जगन्नाथ की वार्षिक रथ यात्रा में भाग लेने के अगले दिन उन्होंने प्रकृति के साथ बिताए अपने इस अनुभव के बारे में विचार लिखे।

एक्स पोस्ट में राष्ट्रपति ने लिखा, ऐसी जगहें हैं जो हमें जीवन का सार समझाती हैं और हमें याद दिलाती हैं कि हम प्रकृति का हिस्सा हैं। पहाड़, जंगल, नदियाँ और समुद्र तट हमारे भीतर की किसी चीज को कुरेदते हैं हमें आकर्षित करते हैं। आज जब मैं समुद्र तट पर टहल रही थी, तो मुझे वातावरण से एक जुड़ाव सा महसूस हुआ। मध्यम हवा, लहरों के शोर और पानी के विशाल फैलाव विचारों में खो जाने वाला अनुभव था।

उन्होंने आगे कहा, इससे मुझे एक गहन आंतरिक शांति मिली, जो मैंने कल महाप्रभु श्री जगन्नाथजी के दर्शन के समय भी महसूस की थी। और ऐसा अनुभव करने वाली मैं अकेला नहीं हूँ, हम सभी को ऐसा महसूस हो सकता है जब हम किसी ऐसी चीज का सामना करते हैं जो हमसे कहीं बड़ी है, जो हमें सहारा देती है और हमारे जीवन को सार्थक बनाती है।"



### ग्लोबल वॉर्मिंग से होने वाले नुकसान

इसके बाद राष्ट्रपति ने ग्लोबल वॉर्मिंग से होने वाले नुकसान का जिक्र किया है। लिखा है, पृथ्वी की सतह का सत्तर प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा महासागरों से बना है, और ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से वैश्विक समुद्र स्तर बढ़ रहा है, इससे तटीय क्षेत्रों के डूबने का खतरा भी बढ़ा है। महासागर और वहां पाए जाने वाली वनस्पतियों और जीवों की समृद्ध विविधता को विभिन्न प्रकार के प्रदूषण से भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है। सौभाग्य से, प्रकृति की गोद में रहने वाले लोगों ने ऐसी परंपराएँ कायम रखी हैं जो हमें रास्ता दिखा सकती हैं। उदाहरण के लिए, तटीय क्षेत्रों के निवासी समुद्र की हवाओं और लहरों की भाषा जानते हैं। हमारे पूर्वजों का अनुसरण करते हुए, वे समुद्र को भगवान के रूप में पूजते हैं। अपने भावों को विराम देते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने लिखा है, मेरा मानना है कि पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण की चुनौती का सामना करने के दो तरीके हैं; व्यापक कदम जो सरकारों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की ओर से उठाए जा सकते हैं, और छोटे, स्थानीय कदम जो हम नागरिकों के रूप में उठा सकते हैं।

### जयपुर : सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**जयपुर।** जयपुर के शाहपुरा में सवारियों से भरी रोडवेज बस और ट्रेलर के बीच भीषण भिड़ंत हो गई। इस सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत को हो गई। सभी मृतक एक ही परिवार के थे। जानकारी के मुताबिक, शाहपुरा थाना इलाके के जयपुर दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित अलवर पुलिया पर सोमवार तड़के 4 बजे रोडवेज बस और ट्रेलर में भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में पति-पत्नी और बेटे की मौत हो गई। वहीं बस में सवार 20 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। हादसे की सूचना पर शाहपुरा थाना प्रभारी रामलाल मीणा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

### घर के अंदर से सांप के 10 बच्चों को बचाया

**गंजाम।** भामपुर ब्रह्म नगर में थर्ड लेन सत्यरंजन पांडा के आवास से 10 कोबरा शावकों को बचाया गया। ऐसा लगता है कि घर के अंदर पानी की आपूर्ति में सांपों को देखने के बाद, घर के मालिक ने स्नेक हेल्पलाइन से संपर्क किया और सांप के बच्चों को जंगल में सुरक्षित बचाया।

# पूर्व क्रिकेटर ने बीसीसीआई से की 1983 की विश्व चैंपियन टीम को नकद इनाम देने की मांग



एजेंसी। नई दिल्ली
बीसीसीआई द्वारा टी20 विश्व कप विजेता टीम को 125 करोड़ रुपये प्राइज मनी देने के बाद, 1983 विश्व कप विजेता टीम के पूर्व खिलाड़ी का कहना है कि बोर्ड को कपिल देव की चैम्पियन टीम के लिए भी नकद इनाम की घोषणा करनी चाहिए। कपिल देव की कप्तानी में भारत ने दो बार की चैम्पियन वेस्टइंडीज को 1983 के विश्व कप फाइनल मैच में 43 रनों से हराया था। भारत ने तब 60 ओवर में 183 रन बनाने के बाद अपनी शानदार गेंदबाजी के दम पर छोटे लक्ष्य का भी सफलतापूर्वक बचाव किया था। मदन लाल और मोहिंदर अमरनाथ ने 3-3 विकेट लेकर वेस्टइंडीज की ताकतवर टीम को 140 रनों पर ढेर कर दिया था। उस जीत के बाद भारतीय टीम का विश्व क्रिकेट में नई ताकत के तौर पर उभार हुआ था। वरिष्ठ क्रिकेटर का कहना है कि तब 1983 की विश्व कप टीम को कोई इनाम नहीं दिया गया क्योंकि बीसीसीआई का कहना था कि उनके पास पैसा नहीं है, लेकिन अब बोर्ड के पैसा है तो वह अब नकद इनाम की घोषणा कर सकता है। आईएएनएस के साथ बातचीत में अपना नाम ना उजागर करने की शर्त पर इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 125 करोड़ रुपये काफी बड़ी रकम होती है। हमें तब ऐसा कोई इनाम नहीं दिया गया था, क्योंकि बोर्ड का कहना था कि उसके पास पैसा नहीं है। अब वे दे सकते हैं, उनको क्या चीज रोक रही है? उस टीम के कुछ ही खिलाड़ी काम कर रहे हैं, बाकी संघर्ष कर रहे हैं। बीसीसीआई को इस बारे में सोचना चाहिए। 1983 की चैम्पियन टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को बीसीसीआई द्वारा 25,000 रुपये दिए गए थे। जब दिवंगत गायिका लता मंगेशकर को इतनी कम रकम के बारे में पता चला, तो उन्होंने फंड जुटाने के लिए दिल्ली में एक संगीत कार्यक्रम किया था और टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 1 लाख रुपये दिए थे।

## एक नजर

### स्वर्ण पदक जीतने के बाद चेन्नई पहुंची भारतीय क्यू खिलाड़ी अनुपमा

**चेन्नई।** सऊदी अरब के रियाद में आयोजित सीनियर एशियाई महिला स्नूकर टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने के बाद अनुपमा रामचंद्रन का चेन्नई हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। टूर्नामेंट का आयोजन 1 से 5 जुलाई तक किया गया था। यह टूर्नामेंट नॉकआउट एंड-लीग प्रारूप में आयोजित किया गया था। अनुपमा ने खिताबी मुकाबले में थाईलैंड की पंचया चन्नई को 3-1 से हराकर खिताब हासिल किया। 3-1 की जीत में, अनुपमा अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उम्मीद के मुताबिक शुरुआत नहीं कर पाई।

### क्या रोहित शर्मा की जगह भर पाएंगे अभिषेक शर्मा

**नई दिल्ली।** अभिषेक शर्मा के रूप में भारत को एक ऐसा तूफानी बल्लेबाज मिला है जिसके सामने रोहित शर्मा जैसे बड़े खिलाड़ी की जगह भरने की बड़ी चुनौती है। रोहित टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और भारत के पास ओपनिंग में एक ऐसा स्लॉट खाली है जहां पर टीम प्रबंधन को एक स्थायी खिलाड़ी की दरकार है। रोहित शर्मा ने पिछले कुछ सालों में जिस तरह से अपने खेल को अति-आक्रामकता के साथ खेला है, अभिषेक भी कुछ उसी तरह के बल्लेबाज हैं। उन्होंने आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए बहुत तेज शुरुआत की थी।

# 52 साल के हुए सौरव गांगुली



एजेंसी। नई दिल्ली
भारतीय क्रिकेट में 'दादा' के नाम से मशहूर पूर्व कप्तान सौरव गांगुली सोमवार को अपना 52वां जन्मदिन मना रहे हैं। 'प्रिंस ऑफ कोलकाता' के नाम से भी मशहूर सौरव गांगुली को भारत के सबसे सफल क्रिकेटरों में से एक माना जाता है। गांगुली ने एमएस धोनी, हरभजन सिंह और जहीर खान जैसे कई सफल खिलाड़ियों को निखारने में अहम भूमिका निभाई है। भारतीय क्रिकेट के 'दादा' 1996 में लॉर्ड्स में अपने यादगार टेस्ट डेब्यू शतक के चार साल बाद 2000 में कप्तान बने। इसके बाद उन्होंने युवराज सिंह और मोहम्मद कैफ जैसी युवा प्रतिभाओं को तैयार किया। गांगुली के नेतृत्व में भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2-1 से जीती। 2002 में एक यादगार पल तब आया जब नेटवेस्ट ट्रॉफी के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की वापसी के बाद 'दादा' ने लॉर्ड्स की बालकनी पर अपनी जर्सी उतार दी। इसके बाद उन्होंने भारत को 2003 के वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचाया, जहां ऑस्ट्रेलिया से हार मिली। गांगुली ने आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का भी नेतृत्व किया। फ्रेंचाइजी ने अपने पूर्व कप्तान को शुभकामनाएं दीं और एक्स पर अपने पोस्ट का शीर्षक दिया, महाराजा, दादा, प्रिंस ऑफ कोलकाता, हैप्पी बर्थडे सौरव गांगुली। मुनाफ पटेल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, भारतीय क्रिकेट टीम के विकास में इस व्यक्ति का बहुत बड़ा हाथ है। हैप्पी बर्थडे लीजेंड। आपके स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं 'दादा'। पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने कहा, आप हैं, आप थे और आप हमेशा एक प्रेरणा रहेंगे। प्यार करता हूं दादा और आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। गांगुली ने 2008 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की और 2012 तक इंडियन प्रीमियर लीग में खेले। उन्होंने भारत के लिए 113 टेस्ट और 311 वनडे मैच खेले, जिसमें 18,575 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए। इसके बाद उन्होंने पहले बंगाल क्रिकेट संघ का नेतृत्व किया और फिर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।

## पंजाब हॉकी लीग

### राउंडग्लास हॉकी अकादमी शीर्ष पर

**मोहाली।** राउंडग्लास हॉकी अकादमी (आरजीएचए) पिछले सप्ताह में अपने दोनों मैच जीतकर पंजाब हॉकी लीग की तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। उनके दो मैचों में छह अंक हैं, जबकि दूसरे स्थान पर स्थापित अमृतसर की एसजीपीसी हॉकी अकादमी के भी चार मैचों में छह अंक हैं। जालंधर की सुरजीत हॉकी अकादमी पीआईएस वर्तमान में दो मैचों में पांच अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। आरजीएचए ने बलबीर सिंह सीनियर इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम, मोहाली में खेले गए लीग के अपने पहले मैच में पीआईएस, लुधियाना को 6-0 से हराया।

# टी20 बल्लेबाजी में सबसे मुश्किल काम बड़ी आसानी से कर रहे हैं रिंकू



एजेंसी। नई दिल्ली
भारत के युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह टी20 क्रिकेट में वो काम लगातार बड़ी आसानी से कर रहे हैं, जो इस खेल में काफी मुश्किल माना जाता है। रिंकू सिंह अपनी जबरदस्त बल्लेबाजी से फिनिशिंग का काम बड़ी सहजता के साथ कर रहे हैं। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में महज 22 गेंदों पर 48 रनों की नाबाद पारी खेली और भारत का स्कोर 234 रनों तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई। फिनिशिंग ऐसी भूमिका है जहां एक बल्लेबाज को परिस्थितियों के हिसाब से खेलते हुए ना केवल अंत तक टिकना होता है, बल्कि रन गति को भी बढ़ाना होता है। तेज रन बनाने के फेर में कई बल्लेबाज अपना विकेट गंवा देते हैं। यही फिनिशर की चुनौती है, जिसके लिए विशेषज्ञता की जरूरत है। रिंकू सिंह फिलहाल जिस तरह से इस कला में महारत हासिल करते दिखाई दे रहे हैं, वह भारतीय क्रिकेट के लिए बड़ा शुभ संकेत है। 26 साल के रिंकू ने फिनिशिंग की भूमिका को इतनी बड़ी सफलता के साथ अंजाम दिया है कि उनका टी20 अंतरराष्ट्रीय औसत 17 मैचों के बाद 80.80 है। इतना बड़ा औसत बताता है कि वे कितनी बार नाबाद रहे हैं। रिंकू सिंह इन मैचों में 8 बार नाबाद लौटे हैं और इसके साथ उन्होंने रन गति को भी ऊपर किया है। उनका स्ट्राइक रेट 178.76 का है जो इतने औसत के साथ अद्भुत है।

### ओलंपिक में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में प्रतिस्पर्धा करने वाली

# पहली भारतीय महिला होंगी ज्योति याराजी



एजेंसी। नई दिल्ली
जब सबसे तेज भारतीय बाधा दौड़ खिलाड़ी ज्योति याराजी पेरिस 2024 ओलंपिक में ट्रैक पर उतरेंगी, तो वह एक खास उपलब्धि हासिल करेंगी। रिलायंस फाउंडेशन द्वारा समर्थित ज्योति ओलंपिक में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली भारतीय महिला होंगी। महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा 1972 से प्रत्येक ओलंपिक का हिस्सा रही है, लेकिन यह पहली बार होगा कि कोई भारतीय एथलीट प्रारंभिक सूची में शामिल होगा। रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष नीता एम. अंबानी ने रिलायंस फाउंडेशन द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के हवाले से कहा, हमें अपनी रिलायंस फाउंडेशन की एथलीट ज्योति याराजी पर बहुत खुशी और गर्व है, जो ओलंपिक में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ के लिए अर्हता प्राप्त करने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। ज्योति की यात्रा, उनका समर्पण और उनकी अविश्वसनीय उपलब्धि उनकी शक्ति और अथक परिश्रम का प्रमाण है।

### युवराज ने अभिषेक पर कहा यह तो बस शुरुआत है

**हरारे।** आईपीएल के मंच पर धमाल मचा चुके युवा ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा इन दिनों खूब चर्चा में हैं। हालांकि, जिम्बाब्वे के खिलाफ डेब्यू मैच में उनके शून्य पर आउट होने के बाद आलोचनाएं भी हुईं, लेकिन अगले ही मैच में तूफानी शतक जड़कर उन्होंने अपनी काबिलियत साबित कर दी। अभिषेक की शतकीय पारी को देखकर भारत के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भी उनकी तारीफ में कसीदे पढ़े। शनिवार को अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में कोई रन नहीं बना पाने के बाद अभिषेक ने जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में 46 गेंदों में शतक जड़ दिया।

# सिल्वरवुड की जगह सनथ जयसूर्या बनेंगे श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के कोच



एजेंसी। नई दिल्ली
श्रीलंका के पूर्व कप्तान और एक समय मुख्य चयनकर्ता रहे सनथ जयसूर्या ने सोमवार को कहा है कि वह राष्ट्रीय पुरुष टीम के नए मुख्य कोच होंगे। क्रिस सिल्वरवुड ने टी20 विश्व कप से देश के जल्दी बाहर होने के बाद पद छोड़ दिया था। 55 वर्षीय जयसूर्या ने कहा कि उन्हें श्रीलंका क्रिकेट ने इस महीने भारत के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज और अगस्त में श्रीलंका के इंग्लैंड दौरे से पहले राष्ट्रीय टीम का कोच बनने के लिए कहा है। जयसूर्या ने एएफपी से कहा, मुझे कोचिंग का जिम्मा संभालने के लिए कहा गया है और मैं ऐसा करके खुश हूं। पूर्व टेस्ट और वनडे कप्तान जयसूर्या राष्ट्रीय चयनकर्ता भी रह चुके हैं। 21 जुलाई को चल रही टी20 लंका प्रीमियर लीग के खत्म होने के बाद उन्हें टीम की कमान संभालनी है। जयसूर्या ने खेल के तीनों प्रारूपों में 586 बार श्रीलंका का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें 42 शतक और 440 विकेट शामिल हैं। उन्होंने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच 2011 में खेला था। श्रीलंका क्रिकेट के अनुसार, इंग्लैंड के पूर्व कोच सिल्वरवुड, ने व्यक्तिगत कारणों से पद छोड़ दिया, जिसने उन्हें अपने कार्यकाल के दौरान उनके बहुमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### रोजगार पर सिटीग्रुप की रिपोर्ट का केंद्र सरकार ने किया खंडन

**नई दिल्ली।** भारत में रोजगार की स्थिति पर सिटीग्रुप द्वारा जारी की गई हालिया शोध रिपोर्ट का केंद्र सरकार ने खंडन किया है। इस रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि भारत सात प्रतिशत की विकास दर के साथ भी पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए संघर्ष करेगा। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय का मानना है कि यह रिपोर्ट उपलब्ध व्यापक और सकारात्मक रोजगार डेटा को ध्यान में रखने में विफल रही है। रिपोर्ट में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) और भारतीय रिजर्व बैंक के केएलईएमएस डेटा जैसे आधिकारिक स्रोतों से जानकारी नहीं ली गई है तथा ये स्रोत रिपोर्ट का खंडन करते हैं।

### यूपीआई का असर! छोटे व्यापारों में डिजिटल लेनदेन बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत में छोटे दुकानदारों और फर्म की ओर से ऑर्डर लेने या देने के लिए बड़ी संख्या में डिजिटल माध्यम का उपयोग किया जा रहा है। इसकी वजह यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) जैसी सुविधाओं का समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी सर्वे के अनुसार, यूपीआई से भुगतान करने या ऑनलाइन ऑर्डर देने के रूप में बिजनेस उद्देश्य के लिए इंटरनेट का इस्तेमाल 2022-23 के बीच ग्रामीण इलाकों में बढ़कर 13.5 प्रतिशत हो गया है, जो पहले 7.7 प्रतिशत था।

# जुलाई में अच्छी बारिश होने से बुवाई की स्थिति पिछले साल से बेहतर : रिपोर्ट



एजेंसी। नई दिल्ली
पूरे देश में जुलाई की शुरुआत में अच्छी बारिश हो रही है जो कि नॉर्मल मानसून का संकेत है। केवल जुलाई में दीर्घकालीन औसत से 32 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में ये बात कही गई है। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर और पश्चिम भारत (3 प्रतिशत), मध्य भारत (-6 प्रतिशत), पूर्व और उत्तर पूर्व भारत (0 प्रतिशत) और दक्षिणी प्रायद्वीप (13 प्रतिशत) में अब तक सामान्य बारिश हुई है। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की प्रमुख अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा ने कहा, जून में कम बारिश होने के कारण, जरूरी है कि जुलाई में अच्छी बारिश हो और महीने की शुरुआत अच्छी रही। हालांकि बुवाई में देरी हुई, लेकिन अब बारिश होने से इसमें तेजी आई है और यह पिछले साल से बेहतर है। रिपोर्ट में कहा गया है, 28 जून तक कुल बुवाई क्षेत्र (24.1 मिलियन हेक्टेयर) पिछले साल की तुलना में काफी अधिक (सालाना आधार पर 33 प्रतिशत) है। यह मुख्य रूप से दलहन और तिलहन की बुवाई में तेजी के कारण है। धान की बुवाई का क्षेत्र पिछले साल के बराबर ही है, जबकि गन्ने की बुवाई बेहतर है। गैर-खाद्य फसलों में कपास की बुवाई काफी अधिक है। कुल बुवाई क्षेत्र सामान्य बुवाई क्षेत्र का 22 प्रतिशत है, जबकि 2023 में यह 18.6 प्रतिशत था। अरोड़ा ने कहा, इस संबंध में जुलाई बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि महीने के अंत तक लगभग 80 प्रतिशत बुवाई पूरी हो जाती है।

# अमरनाथ यात्रा मार्गों पर मिलेगी बेहतर मोबाइल कनेक्टिविटी, नए सिम वितरण केंद्र खोले गये



एजेंसी। नई दिल्ली
अमरनाथ यात्रा में भाग लेने वाले तीर्थयात्रियों को बेहतर मोबाइल कनेक्टिविटी देने के लिए सरकार ने सोमवार को दूरसंचार बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार की घोषणा की। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने कहा कि एयरटेल, बीएसएनएल और रिलायंस जियो सहित प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के सहयोग से यात्रा मार्गों पर निरंतर कवरेज प्रदान करने के लिए बुनियादी ढांचे पर काम किया गया है। दूरसंचार विभाग ने बताया, "कवरेज सुनिश्चित करने के लिए कुल 82 साइटें (एयरटेल, आरजेआईएल और बीएसएनएल) सक्रिय होंगी। यात्रा मार्गों पर कुल 31 नई साइटें स्थापित की गई हैं, जिससे 2023 की संख्या 51 से बढ़कर 2024 में 82 हो गई है। इस वृद्धि का उद्देश्य तीर्थयात्रियों और आम जनता को मोबाइल कनेक्टिविटी प्रदान करना है।" विभाग के अनुसार लखनपुर से काजीगुंड और काजीगुंड से पहलगाम और बालटाल तक के मार्गों पर तीर्थयात्रियों और आम जनता के लिए कई स्थानों पर 2जी, 3जी, 4जी सहित 5जी तकनीक की सुविधा दी गई है। तीर्थयात्रियों को दूरसंचार सुविधा प्रदान करने के लिए अन्य स्थानों के अलावा सिम वितरण केंद्रों के कुछ प्रमुख बिंदु भी खोले गए हैं। ये केंद्र लखनपुर, यात्री निवास भगवती नगर, चंद्रकोट, अनंतनाग, श्रीनगर, श्रीनगर हवाई अड्डा, पहलगाम, सोनमर्ग और बालटाल में स्थित हैं। पिछले नौ दिनों में 1.82 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने अमरनाथ की पवित्र गुफा के दर्शन किए हैं, जबकि 5,803 यात्रियों का एक और जत्था सोमवार को कश्मीर के लिए रवाना हुआ। बता दें कि यात्री या तो 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग या 14 किलोमीटर लंबे छोटे बालटाल मार्ग से यात्रा करते हैं।

# सराफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी में भी मामूली गिरावट



एजेंसी। नई दिल्ली
घरेलू सराफा बाजार में आज मामूली गिरावट का रुख बना हुआ है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 73,940 रुपये से लेकर 73,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज चेन्नई के अलावा दूसरे सराफा बाजारों में 67,790 रुपये से लेकर 67,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही आज चांदी के भाव में भी आज मामूली गिरावट आई है। इस कमजोरी की वजह से आज दिल्ली सराफा बाजार में चांदी 94,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार



एजेंसी। नई दिल्ली
ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में तेजी बनी रही। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है।

दूसरी ओर, यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजार में भी आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। अमेरिका में शुक्रवार को आए जॉब डेटा के कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करते नजर आए। डाउ जॉन्स 66 अंकों की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.54 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,567.19 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डैक 164.46 अंक यानी 0.90 प्रतिशत उछल कर 18,352.76 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.19 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 39,301.47 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव की स्थिति बनी रही।

# इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स को सेबी ने आईपीओ के लिए दी मंजूरी



एजेंसी। नई दिल्ली
नोएडा स्थित इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड कंपनी को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने 18 मार्च, 2024 को सेबी के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया था। कंपनी ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि पूंजी बाजार नियामक सेबी ने उसके आईपीओ लाने को मंजूरी दे दी है। कंपनी के 10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य वाले इस आईपीओ में 200 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी करने और प्रमोटर समूह तथा निवेशक-विक्रय शेयरधारकों द्वारा 44.5 लाख शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है।

## एक नजर

### रोटरी क्लब आदिवासी बहुल टुपुडांग का करेगा समग्र विकास

**जमशेदपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी शाखा ने आदिवासी बहुल टुपुडांग गांव में मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए गांव में एक समूह का गठन किया. इसके तहत स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, पर्यावरणीय स्थिरता और व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर वहां के लोगों को सशक्त बनाया जाएगा. क्लब की ओर से सोमवार को वहां स्वास्थ्य जांच एवं पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया. आगामी कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए अध्यक्ष शिवानी गोयल ने बताया कि व्यापक स्वास्थ्य जांच, बच्चों के लिए नेत्र और दंत चिकित्सा शिविर, स्कूल के बुनियादी ढांचे का विकास, महिलाओं के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र, अक्षय ऊर्जा प्रतिष्ठान और सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### सामाजिक अंकेक्षण की पंचायत स्तरीय जनसुनवाई हुई

**बेतला।** केचकी और पोखरीकला पंचायत में वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 में मनरेगा संचालित योजनाओं का सोशल ऑडिट टीम द्वारा किए गए सामाजिक अंकेक्षण की सोमवार को पंचायत स्तरीय जनसुनवाई हुई। इसमें ऑडिट टीम के श्रीराम प्रजापति ने पोखरीकला पंचायत के मेड़बंदी, दीदी बाड़ी, टीसीबी निर्माण संबंधी कुल 16 योजनाओं में पकड़ी गई गड़बड़ियों को ज्यूरी के समक्ष रखे। वहीं मौके पर ज्यूरी सदस्यों ने योजनाओं में की गड़बड़ियों के लिए संबंधित रोजगार सेवक,पंचायत सचिव और जेई को जिम्मेदार बताते 3,909 रु जुमार्ना लगाया और अधूरी योजनाओं के मामले में लापरवाह लाभुकों से 13 हजार रु रिकवरी करने का आदेश दिया।

### प्रभारी थानेदार ने कहा नाबालिग को किसी भी सूरत में बाइक न दें अभिभावक



**बेतला।** किसी भी सूरत में नाबालिग को बाइक न दें अभिभावक, वरना पकड़े जाने पर अभिभावकों के खिलाफ भी कार्रवाई किया जाएगा। ये बातें बरवाडीह के प्रभारी थानेदार राहुल कुमार सिन्हा ने कही। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि नाबालिगों को बाइक देना कानूनन संगीन अपराध है। इसलिए कभी भी नाबालिगों को बाइक न दें। यदि चेकिंग के दौरान कोई भी नाबालिग बाइक चलाते पकड़ाता है, तो ऐसी दशा में उनके अभिभावक को प्रथम दोषी मानते हुए उनके खिलाफ सीधे तौर कार्रवाई होगी। मालूम हो कि सड़क सुरक्षा के तहत ट्रैफिक नियमों का पालन कराने के लिए लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निर्देश क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर बरवाडीह पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान जारी है।

# रथ मेला देखकर लौट रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 22 रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर शहर के गैरेज लेन के समीप रविवार देर शाम रथ मेला देखकर लौट रहे एक युवक की सड़क दुर्घटना दर्दनाक मौत हो गई।

वंही दुर्घटना में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को गंभीर अवस्था में स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जंहा डॉ मनोज कुमार व डॉ नीलिमा कुमारी के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।युवक की गंभीरता को देखते हुए उसे बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया



गया। घायल युवक की पहचान अशोक गंझू पिता इरफनी गंझु व मृतक की पहचान मंतोष लोहरा पिता गोरवा लोहरा दोनों सिकनी (चंदवा) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों युवक अपने बाइक जेएच 01 एफ ए 5802 से चंदवा के कामता से रथ मेला देखकर वापस अपने घर लौट रहे थे इसी दौरान दोनों चंदवा शहर के गैरेज लेन के समीप एक अज्ञात वाहन में पीछे से जा टकराये। दुर्घटना में मंतोष लोहरा की गर्दन बुरी तरह से मुड़ गई थी जिसकी वजह से घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### पानी टंकी से गिरकर हुई मजदूर की मौत

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के पहड़तल्ली रेल क्षेत्र में रविवार की शाम एक बड़ी घटना घटित हुई है। पहड़तल्ली में निर्माण हो रही 80 फिट ऊंची पनी टंकी से गिरने से एक मजदूर की मृत्यु हो गई हैं। वहीं लोगो ने बताया की हर रोज की तरह रविवार को भी पानी टंकी का निर्माण कार्य चल रहा था इस दरमियान टांकी के रूफ पर कार्य कर रहे धनबाद जिले के बलियापुल सिगियाटांड़ निवासी महिउद्दीन अंसारी के पुत्र सलाउद्दीन अंसारी (21) किसी तरफ अंबेलेंश होकर गिर गया जिससे वो बुरी तरफ से घायल हो गया। जिसके बाद मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों के द्वारा घायल सलाउद्दीन अंसारी को बरवाडीह स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा मजदूर की इस्थिरी को गंभीर देखते हुवे उसे फौरन ही बेहतर इलाज के लिए डालटनगंज एमएमसीएच हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान मजदूर की मौत हो गई।

### वर्षों पुराने जर्जर श्मशान शेड से हादसे की आशंका



**बेतला।** बेतला पंचायत के ग्राम कुटमू स्थित कुल्हीनाला में वर्षों पुराने बने श्मशान शेड की स्थिति इस कदर जर्जर बन गई है कि वह कभी-भी गिरकर ध्वस्त हो सकता है। ऐसे में वहां पर किसी भी समय व्यापक हादसा होने की प्रबल आशंका है। इसबारे में श्मशान घाट के नजदीकी ग्रामीणों गंगेश्वर सिंह, शंभू सिंह, संतोषी सिंह, राज कुमार सिंह आदि ने बताया कि उक्त श्मशान शेड के प्लास्टर कई जगहों में टूटकर गिर चुके हैं। शेड की दीवारें भी हिलने लगीं हैं। हाल यह है कि काफी जर्जर होने के कारण उक्त श्मशान शेड गिरने के कगार पर है। यदि शेड अचानक गिरकर ध्वस्त होता है तो आसपास में बड़े पैमाने पर जान-माल की क्षति होने की प्रबल संभावना है। क्योंकि शेड के पास से हरेक दिन कई राहगीरों का आवागमन होता है। वहीं दर्जनों मवेशी शेड के आसपास में चराने जाते हैं। इधर मामले में बेतला पंचायत की मुखिया मंजू देबी ने श्मशान शेड के जीर्णोद्धार कराने को लेकर ग्राम सभा में पारित प्रस्ताव को प्रशासनिक स्वीकृति के लिए बरवाडीह को भेज दिए जाने की बात कही।

### सोहर में 11 जोड़े का सामूहिक विवाह आज

**महुआडांड़।** प्रखंड के सोहर पंचायत में मंगलवार को परम पूज्य अवधूत भगवान राम निःशुल्क सामूहिक सर्वजातिय सर्वधर्म निःशुल्क विवाह समारोह का आयोजन मंगलवार को किया जाना है। यह कार्यक्रम प्रेरणा परमार्थ आश्रम की ओर से आयोजित की जा रही है। जिसमें 11 जोड़े का विवाह संपन्न कराया जायेगा। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शुरू हो जायेगा। साथ ही आये लोगों के लिए संस्था की ओर से भोजन का भी प्रबंध किया गया है।

### लाभुकों को लाभान्वित करने को लेकर स्क्रुटनी जारी

**लातेहार।** आर्थिक रूप से कमजोर और बेरोजगार युवाओं को रोजगार मुहैया कराने को लेकर मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लाभुकों को लाभ पहुंचाने को लेकर दूसरे दिन लोन मुहैया कराने को लेकर स्क्रुटनी का कार्य जारी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई ने बताया कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना मुख्य रूप से सखी मंडल की महिलाओं, अनुसूचित जाति, जनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक, दिव्यांगजन, व पिछड़ी जाति के बेरोजगार युवाओं को लोन मुहैया कराता जाता है ताकि वे रोजगार कर अपना जीवन यापन कर सकें।

# संत मरियम के तीन छात्र शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने गए देवघर



**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**

ऐसा दूसरी बार हो रहा है जब मेदिनीनगर स्थित संत मरियम आवासीय स्कूल के तीन विद्यार्थी- हिमांशु कुमार पासवान, चिराग लकड़ा और कौशल चौरसिया झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता के लिए चुने गए हैं. वहीं तीनों इसमें भाग लेने के लिए देवघर रवाना हो चुके हैं? । इनके रवाना होने के पूर्व विद्यालय के निदेशक अविनाश देव ने इन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं औप इनका हौसला अफजाई किया । पहली बार भी इस विद्यालय के बच्चों का राज्य स्तरीय प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा था । विद्यालय के बच्चे राज्य में आठवें स्थान पर रहे थे । पलामू राइफल संघ के सचिव सह स्कूल के शारीरिक शिक्षक सुमित बर्मन ने कहा कि मेरा प्रयास है कि ये खिलाड़ी इस बार बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्टेट टीम में शामिल हो सकें । मौके पर स्कूल के प्राचार्य आदर्श कुमार ने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि राइफल शूटिंग खेल में अभिनव बिंद्रा ने जिस प्रकार अपनी मेहनत और लगन से ओलंपिक खेल में देश को स्वर्ण पदक दिलाया है, उसी प्रकार आप मेहनत और लगन से देश का नाम रोशन करें ।

### कृषि विभाग ने 45 किसानों के बीच बांटे 135 किलो हाइब्रिड धान के बीज



**टंडवा (चतरा)।** सोमवार को टंडवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कबरा पंचायत स्थित सिसई में कृषि विभाग द्वारा किसानों के बीच हाईब्रिड धान बीज का वितरण किया गया। पूछे जाने पर बीटीएम चंद्रभूषण कुमार ने बताया कि विभाग की ओर से लक्षित 9 हेक्टेयर में रोपण हेतु उपलब्ध कराये गये 135 किलो हाइब्रिड धान के बीज का वितरण 45 किसानों के बीच किया गया है। वहीं बीस सूत्री अध्यक्ष सह टंडवा मध्य जिप सदस्य सुभाष यादव ने किसानों से मोटे अनाज की उत्पादकता पर जोर देते हुवे खेती-बारी के लिए अधिकाधिक किसानों से कृषि ऋण योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। तकनीकी अधिकारियों ने किसानों से पूछताछ हेतु किसान कॉल सेंटर के विशेषज्ञों से नियमित राय लेने की भी सलाह दिये। मौके पर एटीएम जयंत कुमार, पंचायत समिति सदस्या शशिबाला देवी, कृषक मित्र उदय पांडेय, संतोष पाण्डेय समेत अन्य मौजूद थे।

### संपूर्णता अभियान के तहत निकाली गई प्रभातफेरी, लगाया गया शिविर

**मयूरहंड (चतरा)।** नीति आयोग की ओर से प्रारंभ संपूर्णता अभियान को लेकर सोमवार को प्रभात फेरी का आयोजन मयूरहंड प्रखंड के मयूरहंड एवं कदगांवा कला पंचायत में किया गया। मयूरहंड में मुखिया मृदुला देवी एवं कदगांवा कला में मुखिया अशोक कुमार भुईयां ने प्रभात फेरी का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। प्रभात फेरी में बीस सूत्री अध्यक्ष रामभरोस यादव के अलावा वार्ड सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका, जएसएलपीएस समेत क्षेत्र के दर्जनों महिला व पुरुष शामिल हुए। इस दौरान उपस्थित लोगों ने बैनर व तख्तियों के माध्यम से संपूर्णता अभियान को सफल बनाने की अपील लोगों से की। बताया गया कि संपूर्णता अभियान में गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच, पोषाहार, बच्चों का टीकाकरण, स्कूली बच्चों को पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराना, स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फण्ड उपलब्ध कराना और किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराना है। उक्त उपलब्धियां अगले तीन माह में सितंबर तक हासिल कर लिया जाना है।

## न्यूज बॉक्स

### महिला समूहों के बीच धान बीज का हुआ वितरण



**केतार।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत सोमवार को महिला समूहों के बीच हाइब्रिड धान बीज वितरण किया गया। धान बीज का वितरण बीडीओ सावित्री कुमारी, उप प्रमुख शम्भू सिंह,बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह और बीटीएम राकेश कुमार ने किया। इस अवसर पर 60 महिलाओं के बीच दो- दो किलो एनएनपीएच धान बीज वितरण हुआ। बीटीएम राकेश कुमार ने महिलाओं को धान का बिछड़ा करने, धान रोपण करने और इसके देख-रेख करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा की मुकुन्दपुर और परती पंचायत के किसानों के बीच जल्द मक्का बीज वितरण किया जाएगा।इस मौके पर प्रतिमा कुमारी, सुमति देवी, उर्मिला देवी, कलावती देवी, रिना देवी, सुचित्रा देवी, सफिना बानों,रेणु देवी, सुनीता देवी, चिंता देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### भाकपा माले का धरना-प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी



**केतार।** केतार प्रखंड के परती -कुशवानी पंचायत के कुशवानी गांव में भूमि विवाद निपटारा को लेकर भाकपा माले का अनिश्चितकालीन धरना दुसरे दिन सोमवार को भी जारी रहा। खबर लिखे जाने तक सोमवार की शाम चार बजे तक प्रखंड व अंचल के अधिकारी धारना स्थल पर नहीं पहुंचे थे?। ज्ञात हो की यहां जयशंकर साह और लखपतिया देवी के बीच रास्ते विवाद को लेकर वर्षों से भूमि विवाद चल रहा है। प्रथम पक्ष के जय शंकर साह उक्त विवादित भूमि पर पक्का मकान का निर्माण कर रहा है। जबकि दुसरे पक्ष कू लोगों का कहना है की उन लोगों का आने-जाने का रास्ता बंद हो जायेगा। ग्रामीणों और महिला लखपतिया देवी को न्याय दिलाने के लिए भाकपा माले धारना प्रदर्शन कर रहा है।इस मौके पर कामरेड दिलीप गुप्ता, राजेन्द्र सिंह, त्रिभुवन सिंह, अजय प्रजापति, लखपतिया देवी, ललिता देवी सहित अन्य लोग धारना प्रदर्शन कर रहे हैं।

### पहाड़ी शिव मंदिर में कार्तिकेय एवं हनुमान जी की मूर्ति स्थापित की गई



**बरवाडीह।** प्रखंड के पहाड़ी शिव मंदिर में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के पहले दिन रथ द्वितीया के अवसर पर मंदिर के पुजारी गिरधारी मिश्रा व मृत्युंजय मिश्रा बल्लू द्वारा विधिवत धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजा अर्चना कर पहाड़ी पहाड़ी मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार द्विवेदी द्वारा सपत्नी पूजा अर्चना कर शिव मंदिर में भगवान कार्तिकेय एवं हनुमान जी की मार्बल की मूर्ति स्थापित किया गया. इस संबंध में पहाड़ी मंदिर संचालन समिति के सदस्य ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि पहाड़ी शिव मंदिर में पूजा अर्चना को लेकर भगवान कार्तिकेय एवं हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित नहीं होने कारण भक्तों को सभी भगवानों की पूजा अर्चना करने में असहज महसूस होता था।

# लूट का षडयंत्र कर फाइनेंस कंपनी के 81 हजार किए गायब

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** आर्थिक तंगी झेल रही एक महिला एजेंट ने अपने नाबालिग भाई के साथ मिलकर फाइनेंस कंपनी के 81 हजार की राशि गायब कर दी। मामले को लूट बताकर तरहसी थाना में प्राथमिकी भी दर्ज करायी, लेकिन पुलिस अनुसंधान में सोमवार को महिला का षडयंत्र सामने आ गया। महिला को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। भाई के नाबालिग रहने के कारण उसे निरूद्ध किया गया।

बाल सुधार गृह भेजा गया। महिला की पहचान पांकी थाना क्षेत्र के चांपी फुलवरिया की चांदनी कुमारी (20वर्ष) पति विक्रम सिंह के रूप में हुई है। उसके भाई की उम्र 16 वर्ष है। बताया जाता है कि चांदनी कुमारी की शादी वर्ष 2021 में हुई थी। बच्चा होने के बाद चांदनी अपने मायके में रहती थी और उसका पति बैंगलोर में मजदूरी करता है। पिता सुरेन्द्र सिंह राजमिस्त्री का काम करते हैं। पिता की कमाई से भरण पोषण नहीं हो पाता था। साथ ही कर्ज भी बहुत ज्यादा हो गया था। ऐसे में चांदनी एक फाइनेंस कंपनी के लिए काम करने लगी। गांव गांव जाकर लोन देती थी और हर 14 दिन पर लोन के पैसे वापस लेने जाती थी। आर्थिक तंगी देखकर चांदनी के मन में ख्याल आया कि जब लोन का पैसा गांव से लाकर रखते हैं तो क्यों ने उस पैसे को किसी तरह से अपने पास रखकर उधार चुकाया जाए। चांदनी ने अपने छोटे भाई से इस मामले को साझा किया और बताया कि तरहसी थाना क्षेत्र के गोइंदी समेत अन्य सेंटर से पैसा उठाने जा रही हूं। गोइंदी से बहेरा जाने वाली सड़क पर सुनसान जंगल में कलेक्शन का सारा पैसा दे दूंगी और लूट हो जाने की झूठी कहानी गढ दूंगी। प्लानिंग के तहत चांदनी ने अपने भाई को गोइंदी से बहेरा जाने वाली सड़क पर बुलायी और 81133 रूपए और अपना मोबाइल स्वीच ऑफ करके दे दी। बाद में अपनी स्कूटी को घटनास्थल पर ही गिरा दी व अपने कपड़े फाड़ कर बैठ कर झूठमूठ के रोने लगी, ताकि लोगों को लगे कि अज्ञात के द्वारा उसके पैसे लूट लिए गए हैं।

## चतरा में अवैध क्लिनिक संचालक के विरुद्ध दूसरी सबसे बड़ी कार्रवाई

# उपायुक्त ने स्वयं एमजी नर्सिंग होम में मारा छापा

**नर्सिंग होम संचालक पूर्णिमा सिन्हा, फर्जी डॉक्टर चंदन एवं अन्य के विरुद्ध हुई प्राथमिकि दर्ज, नर्सिंग होम सील**




**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिले में लगातार मिल रहे बिना डिग्री के चिक्तिसक द्वारा यूट्यूब का सहारा लेकर अवैध नर्सिंग होम में संचालन की शिकायत को उपायुक्त रमेश घोलप ने गंभीरता से लेते हुए शनिवार को राज नर्सिंग होम संचालक व डॉक्टर चंदन को अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। गिरफ्तारी करते हुए प्राथमिकि दर्ज कर दोनो को जेल भेजा गया। वहीं दूसरे मामले में उपायुक्त श्री घोलप ने रविवार देर संध्या अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा व पुलिस बल के साथ लिपदा बाईपास रोड शिव मंदिर के सामने अवैध रूप से संचालित एमजी नर्सिंग होम में छापेमारी किया। जिसमें दो मरीज पाए गए उसी क्रम में नर्सिंग होम के स्टाफ ने बताया कि वह लगभग एक वर्ष से नर्सिंग होम में स्टाफ के रूप में कार्य कर रहा हूं, यहां जिस भी प्रकार का ऑपरेशन होता है वो डॉक्टर चंदन कुमार के द्वारा किया जाता है। लगभग 06 माह पहले एक मरीज के बच्चे का ऑपरेशन के दौरान बाहर निकाला गया जो स्वस्थ नहीं रहने के कारण हजारीबाग भेज दिया गया। कुछ दिनों के बाद उस बच्चे की मौत हो गई, बच्चे की मौत के बाद महिला के परिजनों ने काफी हंगामा किया था।

डॉक्टर चंदन कुमार सिर्फ ऑपरेशन करने आते थे और चले जाते थे। जिसके बाद मरीजों का देख-रेख पुर्णिमा सिन्हा के सलाह से होता था। ऑपरेशन के लिए लगभग 25 से 30 हजार तक राशि ली जाती रही है। उपायुक्त ने कहा लगातार जिले में अवैध रूप से नर्सिंग होम का संचालन हो रही थी। इसे संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्रवाई हेतु एक टीम का गठन किया गया और छापेमारी की कार्रवाई की गई। मेरे द्वारा स्वयं लिपदा बाईपास रोड शिव मंदिर के सामने संचालित नर्सिंग होम का निरीक्षण किया गया। जिसमें घोर अनियमित्ता और क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट का अवहेलना किया जा रहा था।

## पेज एक का शेष

**हेमंत सोरेन ने 11 मंत्रियों...**

बन्ना गुप्ता : बन्ना गुप्ता को पहले की तरह स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग का मंत्री बनाया गया है। उनको खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले के विभाग की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इरफान अंसारी : झारखंड सरकार में पहली बार मंत्री बनने वाले कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी को ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और पंचायती राज विभाग का मंत्री बनाया गया है, मिथिलेश ठाकुर : गढ़वा के विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर को हेमंत सोरेन की सरकार में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का मंत्री बनाया गया है, हफीजुल हसन : हफीजुल हसन को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। वह नगर विकास एवं आवास विभाग के भी मंत्री होंगे।

बेबी देवी : झारखंड के दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को हेमंत सोरेन की कैबिनेट में इस बार महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग का मंत्री बनाया गया है। पहले उन्हें उत्पाद विभाग का मंत्री बनाया गया था, दीपिका पांडेय : पहली बार मंत्री बनी दीपिका पांडेय सिंह को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग दिया गया है।

**हेमंत के भाई बसंत...**

वैद्यनाथ राम, हफीजुल हसन एवं बेबी देवी और राजद के सत्यानंद भोक्ता शामिल हैं। हेमंत सोरेन के छोटे भाई बसंत सोरेन और कांग्रेस कोटे के मंत्री बादल पत्रलेख को इस बार ड्राप किया गया है। इस बार तीन नए चेहरों को कैबिनेट में जगह दी गई है। इनमें कांग्रेस कोटे से डॉ. इरफान अंसारी एवं दीपिका पांडेय सिंह और झामुमो कोटे से वैद्यनाथ राम शामिल हैं। इरफान अंसारी को जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के स्थान पर कैबिनेट में अल्पसंख्यक चेहरे के रूप में जगह दी गई है, जबकि दीपिका पांडेय सिंह को ड्रॉप किए गए मंत्री बादल की जगह रिप्लेस किया गया है। झामुमो कोटे से बसंत सोरेन (हेमंत सोरेन के छोटे भाई) को रिप्लेस कर वैद्यनाथ राम को जगह दी गई है। हेमंत सोरेन ने 4 जुलाई को सीएम के रूप में तीसरी बार शपथ ली थी।

**मॉस्को पहुंचे पीएम...**

मॉस्को की यात्रा समाप्त करने के बाद पीएम मोदी मंगलवार को ऑस्ट्रिया की यात्रा करेंगे जो 41 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस देश की पहली यात्रा होगी। साल 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरूआत हुई, इसके बावजूद भारत-रूस विशेष साझेदारी दुनिया के सामने आने वाली कई भू-राजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर मजबूत बनी हुई है। नई दिल्ली ने मॉस्को के साथ एक स्थिर संबंध बनाए रखा है, जबकि पीएम मोदी ने बार-बार जोर देकर कहा है कि मानव जीवन की कीमत पर कभी भी कोई समाधान नहीं निकाला जा सकता और शत्रुता और हिंसा का बढ़ना किसी के हित में नहीं है। रूस के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी के सम्मान में एक निजी रात्रिभोज का आयोजन किया है। इस दौरान दोनों नेता आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के कई मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं।

# भंडरिया हाई स्कूल में ओपन जिम का किया गया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरिया**

भंडरिया हाई स्कूल के प्रांगण में ओपन जिम का उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी उमेश्वर लोहरा ने दीप प्रज्वलित कर किया । हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा श्री लोहरा को स्वागत गीत गाकर स्वागत किया गया उसके बाद श्री लोहरा ने जिम के पास जाकर बच्चों छात्र-छात्राओं को जिम के बारे में जानकारी दी कहा कि यह जो जिम आप लोग को दिया गया है । इसलिए दिया गया है कि आप ट्रेनिंग बहुत एडवांस हो गया है खेलने के साथ-साथ आप की फिटनेस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें आसानी से जिम कर अपने शरीर को फिट रख सकते हैं वही सभी को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है बस संसाधन के अभाव में यह क्षेत्र पीछे रह गया है जिसके चलते खेल विभाग की ओर से आप लोग के लिए ओपन जिम की व्यवस्था की गई है। यहां के बच्चे जिला जाकर विजेता बनकर आते थे उसे देखते हुए यह सुविधा खेल विभाग की ओर से आप लोग के लिए किया गया है बच्चों पढ़ाई के साथ-साथ अपना रुचि खेल में बढ़ाएं इससे काम न होने दे अपना कैरियर बनाने के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेल में भी कैरियर बना



सकते हैं सपोर्ट से भी ऊंचे ऊंचे पद पर अधिकारी बन सकते हैं।

वहीं अंतर्राष्ट्रीय कोच के पद पर रहने वाले को प्रतिमा 2 लाख से ऊपर का पेमेंट है छात्र-छात्रा केवल खिलाड़ी ही नहीं बनेंगे इसमें बहुत सारे जॉब हैं उसे पाकर अपना करियर बना सकते हैं खेल से आप पदाधिकारी भी बन सकते हैं देश लेवल के खिलाड़ी बनने के बाद आपसे आपका गांव शहर राज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाना जाएगा। तो यहां के लोग खेल में ज्यादा रुचि लेने लगेंगे वही क्रिकेट के भारत टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी हमारे झारखंड से हैं आते हैं पहले कोई रांची का नाम देश-विदेश में नहीं होता था अब पूरा वर्ल्ड धोनी के चलते रांची को और झारखंड को जानने लगा है। हम भी आप लोग जैसा सरकारी स्कूल से ही पढ़कर आप लोग के समक्ष पदाधिकारी बनकर आए हैं हम चाहेंगे कि हमसे भी बड़ा पदाधिकारी आप लोग बने। अब ट्रेनिंग के लिए रांची दुमका चाईबासा सरायकेला नहीं जाना पड़ेगा जो बच्चा खेल में रुचि रखता है या उनमें टैलेंट है वैसे बच्चों के लिए गढ़वा जिला में आवासीय ट्रेनिंग की व्यवस्था की गई है। जहां उन्हें फुटबॉल खेल से संबंधित सारी सुविधाएं उन्हें निशुल्क रहने खाने आदि का व्यवस्था खेल विभाग की ओर से कराई गई है वही भंडरिया में ट्रेनिंग सेंटर का ओपनिंग किया गया है। यहां 8 से 14 वर्ष के बच्चे उनके ट्रेनिंग करेंगे फुटबॉल से संबंधित सारी सुविधाएं दी जाएगी और यहां कोच की भी व्यवस्था की जाएगी ताकि यहां के बच्चे राजस्तर के खिलाड़ी बन सके तथा छात्रों के बारे में बताया गया कि भारत के इतिहास में आज तक सबसे ज्यादा मैडल लड़की खिलाड़ी भारत को दिलाई है ।इसलिए लड़कियां भी काम नहीं है लड़कियां भी खेल में रुचि बढ़-चढ़ के ले हमारे प्रखंड के लड़की खिलाड़ी राज्यस्तर के प्रतिनिधित्व कर रहे हैं पहले काम सुविधा में ही से निकलकर बड़े खिलाड़ी बने हैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाना जाता है राष्ट्रीय स्तर में मेडल प्राप्त करने वाले को सीधा झारखंड सरकार नौकरी देती है इसलिए खेल पर ध्यान देना डीढ़ संकल्प और इच्छा शक्ति हो तो मंजिल दूर नहीं।

# बीएसएफ जवान का शव पैतृक गांव सिंगरा पहुंचा, पसरा मातम



- सड़क हादसे में बीएसएफ जवान की गई थी जान
- भाई की शादी में शामिल होने के लिए आ रहे थे घर

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

सदर प्रखंड के सिंगरा गांव निवासी उपेंद्र शुक्ला के पुत्र अमित शुक्ला का शव तीन दिन बाद पैतृक गांव सिंगरा पहुंचा ।

अमित शुक्ला के अंतिम दर्शन के लिए पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी सहित सैंकड़ों लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा । जवान के असामयिक निधन से गांव वाले दुखी थे । गांव में शव पहुंचने पर वहां का माहौल काफी गमगीन हो गया । शहीद के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है । बीएसएफ जवान का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ गया । बीएसएफ के जवानों ने जवान अमित शुक्ला को अंतिम सलामी दी । लोगों से भारत माता की जय और वीर शहीद अमर रहे जैसे नारे लगाये । जानकारी के अनुसार, जम्मू काश्मीर में तैनात अमित शुक्ला तीन दिन पूर्व अपने चहेरे भाई की शादी में शामिल होने के लिए घर आ रहे थे। तभी रास्ते में ही उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। बताया जाता है कि कश्मीर के छिंदवाड़ा में एक साल पहले ही अमित शुक्ला की पोस्टिंग हुई थी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


ब्रीफ न्यूज

## डेट्रॉयट में एक पार्टी में गोलीबारी में दो लोगों की मौत, 19 हुए घायल



**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के डेट्रॉइट में एक ब्लॉक पार्टी में गोलीबारी के बाद दो लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। मिशिगन स्टेट पुलिस ने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। मिशिगन स्टेट पुलिस गहन जांच करने में डेट्रॉइट पुलिस विभाग की मदद कर रही है। पुलिस का कहना है कि घटना के संबंध में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

## नेतन्याहू ने गाजा में युद्ध विराम समझौते के लिए रखी पांच शर्तें

**यरूशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि वह हमास के साथ युद्ध विराम समझौते पर तभी सहमत होंगे, जब इजरायली बंधकों की रिहाई के बाद गाजा में सैन्य अभियान फिर से शुरू करने की अनुमति मिलेगी। काहिरा में वार्ता की तैयारी कर रहे हैं। इस बीच, नेतन्याहू ने रविवार को नौ महीने से चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए अपनी पांच शर्तें रखीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि समझौते को लागू करने में इजरायल को गाजा में अपना अभियान जारी रखने की अनुमति मिलनी चाहिए।

## कराची में आतंकवादी हमले में एक सीटीडी अधिकारी की हुई मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची में हुए एक आतंकवादी हमले में आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) के एक अधिकारी की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सीटीडी के उप महानिरीक्षक आसिफ एजाज शेख ने रविवार को प्रेस को बताया कि सीटीडी का एक वरिष्ठ अधिकारी कराची के करीमाबाद इलाके में अपने दोस्त से मिलने गया था, इस दौरान मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चला दी।

## मोदी के सम्मान में तिरंगे के रंग में रंगा मॉस्को का ओस्टैंकिनो टावर

**मॉस्को।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को रूस की राजधानी मॉस्को पहुंचे। जहां एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का शानदार तरीके से स्वागत किया गया। इस दौरान उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पीएम मोदी का स्वागत करने के लिए रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव पहुंचे।

### पेपर सोशल मीडिया से वायरल हुआ है, तो फिर परीक्षा का आदेश देना होगा

# नीट यूजी 2024 पेपर लीक मामले में गोपनीयता भंग हुई है : एससी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नीट मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को पांच मई को हुई परीक्षा में गलत लाभार्थियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। कोर्ट ने यह भी कहा कि पेपर लीक के आरोपों से इनकार करना समस्या को और बढ़ाने वाला है। परीक्षा को पूरी तरह से दोबारा आयोजित करने के संबंध में विचार करने के लिए सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने एनटीए को पेपर लीक की प्रकृति, लीक होने वाले स्थानों और लीक होने व परीक्षा आयोजित होने के बीच के समय के बारे में सर्वोच्च न्यायालय को पूरी जानकारी देने को कहा। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। पीठ ने सीबीआई (केंद्रीय जांच ब्यूरो) से जांच की स्थिति और जांच के दौरान एकत्रित सामग्री के संबंध में एक स्टेटस रिपोर्ट पेश करने को कहा। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा, जांच के दौरान एकत्रित सामग्री को जांच अधिकारी को तब पेश करना चाहिए, जब लीक होने का आरोप लगाया गया था और जब लीक हुआ प्रश्नपत्र उपलब्ध कराया गया था। इसके अलावा, सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यदि संभव हो, तो धांधली के लाभार्थियों की पहचान करने के लिए टेक्नोलॉजी और कानून का उपयोग किया जाए, ताकि 23 लाख छात्रों को दोबारा परीक्षा देने की आवश्यकता न पड़े। मामले की अगली सुनवाई 11 जुलाई को होगी। पिछले सप्ताह सर्वोच्च अदालत के समक्ष पेश प्रारंभिक हलफनामे में, केंद्र ने नीट-यूजी परीक्षा को रद्द करने का विरोध करते हुए कहा कि पूरी परीक्षा को रद्द करने से लाखों ईमानदार छात्रों को नुकसान होगा।



पेपर लीक के आरोपों से इनकार करना समस्या को और बढ़ाने वाला

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा पेश हलफनामे में कहा गया है, अखिल भारतीय परीक्षा में गोपनीयता के बड़े पैमाने पर उल्लंघन के किसी सबूत के अभाव में, पूरी परीक्षा और पहले से घोषित परिणामों को रद्द करना तर्कसंगत नहीं होगा।

## बंगाल को इस्लामी राज्य की ओर बढ़ा रही हैं ममता

एजेंसी

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और पार्टी की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोमवार को एक बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अलिया विश्वविद्यालय के माध्यम से बंगाल को इस्लामी राज्य बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं। मालवीय ने विश्वविद्यालय की ओर से जारी निर्देशिका की दो तस्वीरों को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा कि अलिया विश्वविद्यालय ने हाल ही में तकनीकी सहायक पद के लिए 'इस्लामी संस्कृति' की जानकारी रखने वालों का आवेदन मांगा है, जो कि भारतीय संविधान के विपरीत है।

मालवीय ने कहा है कि इस विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति/जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण के नियमों को भी ताक पर रख दिया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और जामिया मिल्लिया इस्लामिया से अनुसूचित जाति/जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण हटा दिया था। बंगाल में भी वही हो रहा है। मालवीय ने कहा कि अब सभी 'अल्पसंख्यक' संस्थाओं से अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए संविधान से निर्धारित आरक्षण खत्म हो गई है।



- अलिया विश्वविद्यालय ने हाल ही में तकनीकी सहायक पद के लिए 'इस्लामी संस्कृति' की जानकारी रखने वालों का आवेदन मांगा है, जो कि भारतीय संविधान के विपरीत है।

## कठुआ में सेना के वाहन पर आतंकी हमला, दो जवान घायल

एजेंसी

**कठुआ।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले की पहाड़ी तहसील बिलावर के लोहाई मल्हार ब्लॉक में सोमवार को आतंकियों ने सेना के वाहन को निशाना बनाकर हमला किया है। जिसमें सेना के दो जवानों के घायल होने की सूचना है। सेना की जवाबी कार्रवाई के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई है। सुरक्षाबलों की अतिरिक्त टीमें मौके पर पहुंची हैं। जानकारी के अनुसार कठुआ जिले के मछेड़ी इलाके में सोमवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी में सेना के दो जवान घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि मछेड़ी इलाके में सेना के एक दल पर आतंकियों ने गोलीबारी की, जिसके जवाब में गोलीबारी शुरू हो गई। गोलीबारी के दौरान सेना के दो जवान घायल हो गए, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों जवानों की हालत स्थिर बताई जा रही है। वहीं, सुरक्षाबलों की अतिरिक्त टीमें भी मौके पर पहुंची हैं और बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।

## एससी की सुनवाई में बनियान पहने आ गया शख्स

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय में एक मामले में आन लाइन सुनवाई के दौरान कोर्ट 11 में एक व्यक्ति वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बनियान पहने ही सुनवाई में शामिल हो गया। मामले की सुनवाई कर रही जस्टिस नागरत्ना की जब उस पर निगाह पड़ी तो वह नाराज़ हो गईं। होना ही था। उन्होंने तुरंत पूछा कि आखिर यह कौन है, जो बनियान में दिखाई दे रहा है। इसके बाद जस्टिस दत्ता ने भी पूछा कि क्या वह कोई पार्टी है या फिर ऐसा ही है? जस्टिस नागरत्ना का गुस्सा यहीं नहीं रुका। उन्होंने तुरंत कहा कि उसे बाहर फेंको, हटाओ उसे। यह कैसे किया जा सकता है? उन्होंने कोर्ट मास्टर से कहा कि प्लीज इस शख्स को हटाओ। वैसे ऐसा नहीं है कि इस तरह का मामला पहली बार आया है, जब शीर्ष अदालत के जजों का गुस्सा फूटा हो।

इससे पहले भी कई बार ऐसे नमूने सामने आ चुके हैं, जिनकी वजह से अदालत का समय खराब हुआ। एक बार इस तरह का मामला सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने भी आया था। तब चंद्रचूड़ सीजेआई नहीं बने थे। साल 2020 में ही सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के दौरान जस्टिस चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने एक वकील बिना शर्ट पहने स्क्रीन पर दिखाई दिया था। इस पर जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने उसे टोकते हुए कहा था, 'मुझे किसी के साथ सख्ती बरतना पसंद नहीं है, लेकि सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई में बनियान पहने आ गया न आप स्क्रीन पर हैं। आपको सावधान रहना होगा।' वहीं, उसी साल जून महीने में एक वकील बिस्तर पर लेटे हुए टीशर्ट पहनकर सुप्रीम कोर्ट की वर्चुअल सुनवाई में पेश हो गया था। इस मामले में भी जज की नाराजगी देखी गई थी। तब जस्टिस एल नागेश्वर और जस्टिस हेमंत गुप्ता की बेंच ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था कि यह कैसा व्यवहार है? वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई होते हुए सात से आठ महीने हो चुके हैं, लेकिन फिर भी ऐसी चीजें हो रही हैं। गौरतलब है कि साल 2020 में कोरोना महामारी की वजह से अदालत का कामकाज भी प्रभावित हुआ था। तब लंबे समय तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ही सुनवाई होती थी।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** एक मरीन इंजीनियर एक प्रकार का मैकेनिकल इंजीनियर होता है, जो जहाजों, नावों, पनडुब्बियों और अन्य जलयानों को डिजाइन करता है। वे समुद्री यात्रा और अन्य समुद्री गतिविधियों से संबंधित अन्य संरचनाएं, मशीनें और तकनीकी उपकरण भी बनाते हैं। मरीन इंजीनियर फ्लूइड मैकेनिक्स, हाइड्रोलिक्स और अन्य कॉन्सेप्ट्स की अपनी जटिल समझ के जरिए इच्छित उद्देश्यों के आधार पर टिकाऊ जल जहाजों की डिजाइनिंग और निर्माण का कार्य करते हैं। वे एक जहाज को उसके डेस्टीनेशन तक सफलतापूर्वक गाइड करने और पानी में बाधाओं को दूर करने के लिए विद्युत, स्टीयरिंग, जलवायु नियंत्रण, रडार और इंजन सिस्टम को मिलाते हैं। मरीन इंजीनियर यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार हैं कि अन्य समुद्री और नौसैनिक प्रोफेशनल्स अपने कार्यों को सुरक्षित रूप से पूरा कर सकें, चाहे वे बड़े जहाजों या फिर डॉक पर काम करें। वे उन सभी कारकों का आकलन करते हैं जो जलीय पर्यावरण को प्रभावित करते हैं और पानी में और उसके आसपास संचालन के लिए समाधान विकसित करते हैं। मरीन इंजीनियर जो मशीनें बनाते हैं, वे यात्रा, समुद्र संरक्षण, संसाधन जुटाने और यहां तक कि सैन्य खुफिया अभियानों (military intelligence missions) में भी उपयोग में लाए जाते हैं।

# जानिए कैसे मरीन इंजीनियरिंग में बनाए करियर



### मरीन इंजीनियर के कार्य

- एक नए जहाज के फिजिकल एस्पेक्ट और इंटरनल लेआउट को चित्रित करना।
- ऑपरेशनल गोल्स को प्राप्त करने के लिए आवश्यक उपकरणों और सप्लीमेंट मशीनों के प्रकार का निर्धारण करना।
- जहाज के डिजाइन लीगल रेगुलेशन का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एनवायरमेंटल इंपैक्ट असेसमेंट की योजना बनाना।
- समुद्री यात्रा की अवधि के लिए पर्याप्त ऊर्जा या ईंधन के साथ जहाज की आपूर्ति करने की योजना बनाना।
- नियंत्रित वातावरण में वाटर पॉट कंपोनेंट्स की टेस्टिंग करना और एडजस्टमेंट करना।
- समुद्री उपकरणों के निर्माण के लिए उपयुक्त सामग्री और निर्माण तकनीकों का चयन करना।
- एमरजेंसी रिपेयर ट्रबलशूटिंग के लिए इंस्टालेशन इंस्ट्रक्शन और टेक्निकल मैनुअल लिखना।
- एक प्रारंभिक प्रोजेक्ट और किसी भी चल रहे रखरखाव की लागत का अनुमान लगाना।
- जहाज के सभी हिस्सों में स्टेबिलिटी और ड्यूरेबिलिटी सुनिश्चित करने के लिए ठेकेदारों को सुपरवाइज करना।
- जहाज की गति, उछाल और अन्य प्रमुख मेट्रिक्स पर डेटा एकत्र करना और उसकी एनालिसिस करना।
- निर्माण प्रक्रिया में प्रत्येक चरण को पूरा करने के लिए एक प्रोग्राम तैयार करना और समय सीमा को पूरा करने के लिए संचालन की निगरानी करना।

### मरीन इंजीनियर बनने के लिए आवश्यक कौशल

- **रचनात्मकता:** मरीन इंजीनियर स्पेसिफिक ऑपरेटिंग आवश्यकताओं को पूरा करने वाले कार्यात्मक जहाज डिजाइन और उपकरण विकसित करने के लिए रचनात्मकता का उपयोग करते हैं। अतः मरीन इंजीनियर बनने के इच्छुक छात्रों को क्रिएटिव अर्थात् रचनात्मक होने की आवश्यकता होती है।
- **प्रॉब्लम सॉल्विंग:** टेस्टिंग और ट्रबलशूटिंग एक मरीन इंजीनियर की नौकरी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके लिए उन्हें उन्नत प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स की आवश्यकता होती है।
- **गणितीय क्षमता:** गणितीय समीकरणों को जल्दी से हल करने और एक डिजाइन के लिए सही अनुपात निर्धारित करने में सक्षम होने से मरीन इंजीनियरों को संरचनात्मक रूप से जहाजों को विकसित करने में मदद मिलती है।
- **संगठन:** एक प्रोजेक्ट के दौरान, मरीन इंजीनियरों को पूरी तरह से काम करने वाले जहाज के विकास में शामिल प्रत्येक घटक और पहलू को व्यवस्थित और समन्वयित करना होता है।
- **संचार:** मरीन इंजीनियर अन्य इंजीनियरों, डिजाइनरों, निर्माण पेशेवरों और ग्राहकों के साथ मिलकर काम करते हैं। इसके लिए उन्हें उत्कृष्ट कम्युनिकेटर होने की आवश्यकता है।



### मरीन इंजीनियर बनने के लिए शारीरिक योग्यता

**आयु**

- आवेदन करता की आयु न्यूनतम आयु 17 वर्ष होनी चाहिए और अधिकतम आयु 25 वर्ष होनी चाहिए।
- अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आयु सीमा में 5 साल की छूट प्राप्त है

**पुरुष**

- उम्मीदवार की लम्बाई 150 सेमी होनी चाहिए।
- आंखों में किसी प्रकार का रोग नहीं होना चाहिए और न ही कलर ब्लाइंडनेस होना चाहिए।
- उम्मीदवार की आंखों की दृष्टि 6/6 और 6/9 होनी चाहिए।

**महिला**

- उम्मीदवार की लम्बाई 150 सेमी होनी चाहिए।
- आंखों में किसी प्रकार का रोग नहीं होना चाहिए और न ही कलर ब्लाइंडनेस होना चाहिए।
- उम्मीदवार की आंखों की दृष्टि 6/6 और 6/9 होनी चाहिए।

### भारत के टॉप विश्वविद्यालय

- आंध्र यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, विशाखापत्तनम
- एनआईटी सुरथकल – नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कर्नाटक
- इंस्टीट्यूशंस ऑफ इंजीनियर्स इंडिया, कोलकाता
- सीवी रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर
- वेल्स विश्वविद्यालय – वेल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी एंड एडवांस्ड स्टडीज
- श्रीनिवास इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैंगलोर
- मरीन इंजीनियरिंग और रिसर्च इंस्टिट्यूट, कोलकाता
- शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुरी
- इंडियन मैरीटाइम यूनिवर्सिटी, चेन्नई
- पार्क कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर
- समुंद्रा इंस्टिट्यूट ऑफ मैरीटाइम स्टडीज, पुणे
- जीकेएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, चेन्नई